CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK1 User: cci Time: 01-17-2026 22:57 Color:

महानगर > मुंबई > रविवार, 18 जनवरी 2026 > पौष 29 शक संवत 1947, माघ कृष्ण अमावस्या, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 18, संख्या 03 > मूल्य ₹6.00 > पेज 12 > आर. एन. आई. फर्जीयन नंबर 27562 www.nbt.in

NBT संडे नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

खुशी की पुरानी फोटोज़ देख हैरान हुईं जाह्नवी

▶देखें अंदर

65,000 कदमों की थाप से आज गूंजेगी मुंबई

▶देखें अंदर



वंदनीय हिंदूहृदयसम्राट शिवसेनाप्रमुख बालासाहब ठाकरे जी के आशीर्वाद तथा देश के लोकप्रिय, यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में शिवसेना को महाराष्ट्र का दूसरा सबसे बड़ा दल बनाने हेतु समस्त मतदाताओं का

हृदय से हार्दिक आभार

शिवसेना

• एकनाथ शिंदे और शिवसेना महायुती •

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFEM User: ajay.salunke Time: 01-17-2026 22:12 Color:

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

SOCIAL EVENT

श्री सालासर हनुमान प्रचार मण्डल (रजि.) मुंबई

36वां वार्षिक महोत्सव

रविवार, 25 जनवरी 2026 दोपहर 1 से रात्रि 10 बजे तक

स्थान : अग्रवाल ग्राउण्ड, तेरापंथ भवन के पास, टेम्बा रोड, भाईंदर (प)

भव्य श्रृंगार | अलौकिक झांकी | अखण्ड ज्योत | भजन संकीर्तन

आमंत्रित कलाकार :
श्री महेन्द्र अलबेला (कोटा)
श्री राकेश बावलिया (झुंझुनू)

संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ
दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक
प्रस्तुति : श्री राम सत्संग समिति, भायंदर (प)
भजन संकीर्तन : दोपहर 5 से रात्रि 10 बजे तक

विनीत (ट्रस्टी)
मदनलाल भुतड़ा (भाईंदर) रामविलास हुरकट (मालाड) बृजमोहन मून्धड़ा (वसई) नारायण मून्धड़ा (गोरेगांव)
ओमप्रकाश भगेरिया (ठाणा) दिनेश सोमानी (बोरीवली) श्याम बिहानी (गोरेगांव)
संस्थापक ट्रस्टी: राधेश्याम तापड़िया - 9869356998
कोषाध्यक्ष : दामोदरप्रसाद तोसनीवाल - 9619269161 संयोजक : श्री पंकज बल्दुआ - 9324373676

आयोजक : श्री सालासर हनुमान प्रचार मंडल (रजि.) मुंबई

इस भव्य अनुष्ठान में आप भी सहभागी बनकर हमें अनुगृहित करें।

श्री ब्रजमंडल के स्वर्णिम वर्ष के उपलक्ष में आयोजित

श्रीमद् ब्रज भागवत कथा

परमाराध्य पूज्य श्री मन्माध्व गौड़ेश्वर वैष्णवाचार्य
श्री पुंडरीक गोस्वामीजी महाराज
की अमृतवाणी से

27 जनवरी से 1 फरवरी 2026 प्रतिदिन सायं 4 बजे से सायं 7:00 बजे तक
पूर्णाहुति 2 फरवरी 2026 समय प्रातः 10 बजे से दोप. 1:00 बजे तक

कथा स्थल-आझाद मैदान, मेट्रो सिनेमा के पास, मुंबई

विशेष आकर्षण | दिव्य झांकिया | मंदिर दर्शन
ब्रज चौरासी कोस के दर्शन एवं परिक्रमा, गिरिराजजी की परिक्रमा
प्रत्यक्ष कल-कल बहती यमुना महारानी
बांकेबिहारी-राधावल्लभजी-राधारमणजी-द्वारकाधीशजी
मुखारविन्द-गोपेश्वर महादेवजी-बरसाना-पूंछरी
प्रवेश निःशुल्क
सभी कथाप्रेमी सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

अध्यक्ष एवं ट्रस्टी: सुरेशचंद्र अग्रवाल मानद मंत्री: प्रदीप आर. लाड़ीवाल कोषाध्यक्ष: अनिल आर. अग्रवाल
ट्रस्टी : कानबिहारी अग्रवाल बृजकिशोर अग्रवाल रामप्रकाश मित्तल रमनलाल अग्रवाल अनिल पी. अग्रवाल
उपाध्यक्ष: रविशंकर अग्रवाल राजेश एम. मित्तल संयुक्त मंत्री: गौरव एम. शर्मा विवेक जी. अग्रवाल
कार्यकारिणी सदस्य : उमेश अ. मित्तल, नरेन्द्र एस. अग्रवाल, धर्मेश एम. गर्ग, सुनिल एस. अग्रवाल
गोविन्द एन. अग्रवाल, पवन आर. अग्रवाल, सत्यप्रकाश अग्रवाल, संदीप पी. अग्रवाल, अशोक बी. अग्रवाल

सौजन्य : रमनलाल अग्रवाल
श्रीमती राशी अखिल अग्रवाल | श्रीमती बरखा अजय अग्रवाल

सेवाएं

ज्योतिष

हस्तरेखा एवं जन्मकुंडली के माध्यम से जीवन, करियर, विवाह और भविष्य का सटीक विश्लेषण कराने हेतु आज ही संपर्क करें। मो.: 8799067633.

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

GOREGAON SPORTS CLUB
Link Road, Malad (W), Mumbai-400064
Website: www.gsc.in
Email: elections@gsc.in

NOTICE

Election of 24 Members to the Governing Council of Goregaon Sports Club for the tenure 2026-2029 will be held at the Club premises on Sunday, the 1st February, 2026 between 7.00 A.M. and 5.00 P.M.

The Voter Members, who are in arrears of any outstanding payments, are requested to clear all their dues / arrears on or before Tuesday, the 27th January, 2026 during office hours so as to become eligible to cast their votes.

NO VOTER MEMBER will be allowed to cast his / her vote without producing his / her Club Identity Card issued by the Goregaon Sports Club.

ENTRY IN THE CLUB WILL BE ONLY ON PRESENTATION OF SMART GOLD IDENTITY CARD.

P.K. Sablok
Election Officer

Dated this 17th January, 2026.

NOTE : VOTING TIME: 7.00 A.M. TO 5.00 P.M.

निविदाएं (टेंडर्स)

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
एमबीआरओ-II, नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग, तीसरी मंजिल, 14, जमशेदजी टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई 400 020.

नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग, जे. टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई 400020 में 'सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम इंस्टॉलेशन' के लिए वेंडर के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित करने की सूचना

ऊपर बताए गए कार्यों के लिए क्वालिफाइड, प्रतिष्ठित और भरोसेमंद वेंडर्स से दो बिड सिस्टम में सीलबंद ऑफर मंगवाए जा रहे हैं। एप्लीकेशन फॉर्म मुंबई प्रॉपर्टी सेल, तीसरी मंजिल, नेशनल इंश्योरेंस बिल्डिंग, 14, जे. टाटा रोड, चर्चगेट, मुंबई 400020 से 19/01/2026 से 10/02/2026 तक सभी वर्किंग दिनों में सुबह 11:00 बजे से शाम 04:00 बजे के बीच ₹ 500/- की नॉन रिफंडेबल रकम डीडी / बीसी के ज़रिए नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एनआईसीएल) के नाम पर मुंबई में देय भुगतान करके प्राप्त किए जा सकते हैं। एप्लीकेशन फॉर्म कंपनी की वेबसाइट: https://nationalinsurance.nic.co.in/ से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं और उस स्थिति में एप्लीकेशन के साथ ₹ 500/- की नॉन रिफंडेबल रकम डीडी / बीसी के ज़रिए एनआईसीएल के नाम पर मुंबई में देय भुगतान करके जमा करनी होगी। **एप्लीकेशन जमा करने की आखिरी तारीख 11/02/2026 को दोपहर 03:00 बजे तक है।**

एनआईसीएल बिना कोई कारण बताए प्राप्त किसी भी या सभी एप्लीकेशन को स्वीकार या अस्वीकार करने का एकमात्र अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्षेत्रीय प्रबंधक
मुंबई प्रॉपर्टी सेल, एमबीआरओ-II

बिज़नेस

लोन

LOANS FROM 10Cr to 800 Cr in 15 Days with ROI 6-9% with Loan upto 90% Mkt Val. We do Takeover NPA and all Critical Cases. DSA/Brokers Welcome. Call 8379820106 www.realassetinternational.com

केनरा बैंक Canara Bank

(भारत सरकार का उपक्रम) सामान्य प्रशासन विभाग, मंडल कार्यालय मुंबई
केनरा बैंक बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, बी विंग, सी-14, जी ब्लॉक,
बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई, 400051
ई: premisescomcity@canarabank.com,
फोन 022-26728407 / 26728428

आवश्यक स्थान

निम्नलिखित स्थानों पर शाखाएं स्थानांतरित करने के लिए, दो बोली प्रणालियों के अंतर्गत, व्यावसायिक परिसरों के मालिकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं, जो अधिमानतः भूतल पर हों और व्यवसाय के लिए तैयार हों, जिनमें आवश्यक विद्युत भार, पर्याप्त स्थान और सुरक्षा हो।

क्र.	स्थान	कालीन क्षेत्र (लगभग)
१.	खारघर, (सेक्टर ७ के पास)	२२०० वर्ग फुट तक
२.	खड़कपाड़ा, कल्याण पश्चिम	२५०० वर्ग फुट तक
३.	लुईस वाडी, ठाणे पश्चिम	२५०० वर्ग फुट तक

विस्तृत जानकारी बैंक की वेबसाइट https://www.canarabank.bank.in/tenders पर प्रकाशित है। आवश्यक आवेदन पत्र उपर्युक्त कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं या बैंक की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। जमा करने की अंतिम तिथि ०३.०२.२०२६, अपराह्न ३:०० बजे तक है। आगे की सूचना, शुद्धिपत्र, संशोधन, यदि कोई हो, केवल बैंक की वेबसाइट पर ही पोस्ट किए जाएंगे।

स्थान: मुंबई, सही/-
दिनांक: १८.०१.२०२६ सहायक महाप्रबंधक, मुंबई परिमंडल

BUSINESS OFFERS

सुरक्षी ट्रस्टेड कार लोकर हाथरा आत्मनिर्भर 1.5 लाख से 2 लाख का पैकेज पाए। अथवा विज्ञापनदाता भाग बन के हरमाह 3% से 5% नफा कमाए। हम आपका व्यवसाय स्थापित कर देंगे। संपर्क - 7715051150/ 9920025120

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

प्रॉपर्टी

मुंबई प्रॉपर्टीज

दक्षिण मुंबई

लक्जरी 1 और 2 BHK
ग्रांट रोड
नवजीवन सोसाइटी के पास
श्री सम्मेत शिखर हाइट्स -C Wing
- A & B Wing Fully Sold Out
- C Wing : Possession Dec. 2025 for Fitouts
- हिंदू वास्तु शास्त्र अनुसार
- टेरेस गार्डन
- परियोजना में जैन मंदिर
- रेलवे/ मेट्रो स्टेशन नजदीक
- मैकेनाइज्ड कार पार्किंग
- बच्चों के लिए इनडोर गेम्स
- इंटरकॉम सिस्टम

Call 84549 67981 91187 41874
sales@bvardhan.com

भर्ती

भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति

अन्य रिक्तियां

पार्ट टाइम जॉब

कमाई फुलटाइम इनकम; अपने प्यारे से घर से और बोरीवली स्थित मुख्यालय से पार्टटाइम काम करें। स्मार्ट व्यक्तियों के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है। संपर्क: 87665 34300

सेवाएं

होटल उद्योग

होटल के लिए स्टाफ चाहिए; वेटर, कैप्टन, हाउसकीपिंग, सफाई, पावभाजी, डोसा, ज्यूस स्पेशलिस्ट, सुपरवाइजर, कॉफीमेकर, हेल्पर, चायनीज़, सोफ, चूटिलिटी, कुक, फ्रंट ऑफिस एक्ज़ीक्यूटिव (अकाउंटेंट अनुभव) होटल मैनेजर, अनुभव के आधार आकर्षक वेतन, भोजन की व्यवस्था किसी जारूरी मुलाकात के लिए सम्पर्क करें होटल सहारा गार्डन, मरोल नाका मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी पूर्व, फोन: 8108023844.

NBT स्मृति यादों के चिराग

स्मृति सन्देश

पाँचवीं पुण्यतिथि



श्रीमती रुकमणीदेवी
W/o स्वर्गीय रामकुमार जांगिड़ (शर्मा)
स्वर्गवास: 18 जनवरी 2021

हर पल हृदय को आती है आपकी याद।
आपसे ही थी हमारी दुनिया आबाद।।
बिना आपके अधूरा है हमारा यह संसार।
कभी न भूलेंगे हम आपके संस्कार।।

श्रद्धानवत
सुपुत्र: सुभाष, महेन्द्र, परमेश्वर, दयानन्द शर्मा एवं समस्त बरड़िया परिवार
दामाद: बुद्धचन्द जी

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

SOCIAL EVENT

अग्रबंधू सेवा समिति (रजि.) मुंबई
द्वारा आयोजित

माँ भगवतीजी की भव्य चौकी एवं छप्पन भोग
रविवार, 25.01.2026 सायं 5 से रात्रि 10 बजे

आयोजन स्थल : सकल नारायण शर्मा सभागृह, COD के पास, दत्त मंदिर रोड, मालाड (पूर्व)

सुमधुर भजनों की प्रस्तुति
अंतरराष्ट्रीय भजन गायक श्री महेंद्रजी स्वामी (जयपुर)
खुशी व पलक सिरोहीवाल (मुंबई) एवं साथियों द्वारा
संगीत: श्री श्याम झा एण्ड पार्टी द्वारा

विशेष सहयोगी महानुभाव: श्री सुरेश गोकुलचंद अग्रवाल श्री शरद गोपालदास गोयल श्री सूरजभान अग्रवाल श्री अजय फूलचंद गर्ग श्री नरेन्द्र एस. अग्रवाल श्री अखिल अमरीशचन्द्र अग्रवाल श्री विजय बी. अग्रवाल श्री रामबाबू पी. अग्रवाल श्री प्रदीप बालकिशन अग्रवाल श्री राजेन्द्र एस. जैन श्री सुनील अग्रवाल श्री अशोक जैन(ठाणा) श्री रमेश आर. जैन श्री महेश मित्तल श्री सत्येन्द्र आर. मित्तल श्री सुरेश वेदप्रकाश जैन श्री अजय एस. जैन श्री प्रदीप एस. अग्रवाल श्री महेशचन्द्र अग्रवाल श्री नरेन्द्र हालचन्द अग्रवाल श्री अजय रामशंकर अग्रवाल श्री विनोद बी. अग्रवाल श्री अनिल अग्रवाल(डब्लूजी) श्री राजेश आर. अग्रवाल श्री संजय एन. गुप्ता श्री शिव अग्रवाल(मालाड) श्री पंकज गुप्ता श्री संदीप जैन(मालाड) श्री राजीव श्यामसुन्दर अग्रवाल श्री दिनेश शामलदास अग्रवाल श्रीमती कुसुम बी. अग्रवाल श्री गुलशन बंसल(ठाणा)

सहयोगी महानुभाव: श्री मदन देवीराम अग्रवाल श्री रविशंकर अग्रवाल(कांदिवली) श्री राजेश मित्तल श्री गणेश गोविन्दप्रकाश गुप्ता श्री घनेश बी. टालीवाल श्री श्याम अग्रवाल(मलाडी) श्री जयेश रायचुरा श्री राजेश बालकिशन अग्रवाल(वसई) श्री वासुदेव सेकसरिया(तुलसी परिवार) श्री हेमन्त ओमप्रकाश अग्रवाल श्री सुनील आर. मित्तल श्री गोपाल एन. अग्रवाल श्रीमती मीनाक्षी पंकज गोयल श्री कैलाशचन्द्र अग्रवाल(CA) श्री देवेन्द्र एन. अग्रवाल श्री उमेश मित्तल श्री रमेशचंद श्रीचंद गुप्ता

व्यवस्था सूत्र: सहयोगी: राजेन्द्र खेमचंद गुप्ता विपिन एल. अग्रवाल प्रदीप लाडीवाल रमेश बंसल(बोरीवली) उत्तम जगदीश गुप्ता मनीष गोयल दिनेश प्रवेशकुमार अग्रवाल धर्मेश अग्रवाल गौरव शर्मा संजीव अग्रवाल जयेश अग्रवाल मनोज अग्रवाल पवन आर. अग्रवाल

विनीत: अमरीशचन्द्र अग्रवाल (अध्यक्ष) उदेश अग्रवाल (मानद मंत्री) गोपालदास गोयल (कोषाध्यक्ष) लक्ष्मीनारायण अग्रवाल(मन्नू सेठ) (ट्रस्टी/महोत्सव संयोजक) बृजमोहन सी. गुप्ता (चंदू सेठ) (ट्रस्टी/महोत्सव संयोजक)
अध्यक्षा: सुधा लक्ष्मीनारायण अग्रवाल मंत्री: मधु राजेन्द्र अग्रवाल कोषाध्यक्षा: अनिता अनिल अग्रवाल

सौजन्य: श्री राजीव श्यामसुंदरजी अग्रवाल, थाना — सारथी रियल्टर्स-एसोसिएट्स, बांद्रा, मुंबई

श्री खाटू श्याम मण्डल (ट्रस्ट) मुम्बई

मण्डल के 45वें वार्षिकोत्सव पर
खाटू वाले श्री श्याम प्रभू का
श्री श्याम महोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम
अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग
श्री श्यामवाणी पाठ, अखण्ड ज्योत
सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजनों की गंगा

26 जनवरी 2026 सोमवार सुबह 11.15 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक
आरती के बाद महाप्रसाद की व्यवस्था की गई है
स्थान : आदित्य लॉन, सत्कुश ग्राउंड, इनऑर्बिट मॉल के पास, लिंकिंग रोड, मालाड पश्चिम, मुम्बई
हार्दिक शुभकामनाओं सहित
नरेश रामप्रताप कादमावाला एंड सन्स

परोपकार मुंबई (रजि.)

बिखरते रिश्तों को जोड़नेवाला पारिवारिक हास्य व्यंग नाटक
Starring and additional dialogues by Shailesh Lodha



गणतंत्र दिवस की पावन पूर्व संध्या पर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में
वीर भारतीय सेना का गौरव सम्मान
॥ सम्मानमूर्ति ॥
कर्नल श्री उम्मेद सिंह राणा
मेजर श्री वीरेंद्र सिंह राठौड़ | मेजर श्री रमेश राजपुरोहित

This show is only for PAROPKAR MEMBERS. PASS can be booked ONLINE only.

सौजन्य : श्री प्रमोद गोयल

॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ श्री छाजल अमरी दादी नमः ॥ ॥ श्री हनुमते नमः ॥

हार्दिक निमंत्रण

श्री छाजल अमरी शक्ति दादीजी का मंगलपाठ एवं भजन संध्या

रविवार 18 जनवरी 2026 शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक

- दादी जी का अलौकिक श्रृंगार
- अखंड ज्योत • मेहंदी • चुनड़ी
- गजरा उत्सव • छप्पन भोग
एवं महाप्रसाद का भव्य आयोजन

भजन प्रस्तुति : श्रीमती सुधा शर्मा

शुभ स्थल : ग्लैमोरा बैंक्वेट हॉल, गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब, लिंक रोड, मालाड (वेस्ट), मुंबई

गणेश पूजन एवं ज्योत पूजा यजमान
श्री विजय जी - रिनू चौधरी | श्री सुनील जी - सुनीता चौधरी
प्रेरणास्रोत : श्री विश्वनाथ चौधरी (जूह)

निवेदक एवं सहयोगी
पवन चौधरी ओंकारमल चौधरी विनोद चौधरी सुभाष चौधरी
विनोद अग्रवाल (चौधरी) पुरुषोत्तम चौधरी सतीश चौधरी (कांदिवली) विजय चौधरी
अंकित राजेंद्रजी चौधरी पवन चौधरी (नेपाल) विकास चौधरी राकेश चौधरी
प्रेरक प्रकाशजी चौधरी आनंद चौधरी संजय चौधरी रवि चौधरी
सतीश रामलालजी चौधरी भूमित पवनजी चौधरी श्याम रामगोपालजी रवि रामप्रसादजी

आप सभी से निवेदन है सपरिवार अपनी बहन-बेटियों के साथ पधारकर कार्यक्रम का आनंद लें और दादीजी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

आयोजक : चौधरी परिवार कुलदेवी ट्रस्ट (रजि.)
वैले पार्किंग उपलब्ध रहेगी

सौजन्य : ओंकार चौधरी, मो.9820644524

Prayer Meet for our beloved

DHEER SANGANERIA

He filled our lives with joy in the six years he was with us.

The spark of our lives and our bundle of joy, Dheer, left to be with GOD on January 14, 2026.

Join us in prayer on

January 18th, 2026 from 4 to 6 pm

at Parthenon Bld. Banquets Four Bungalows, Andheri (W), Mumbai
for his well being, wherever he now is.

In grief and sorrow,
Ayushi-Hitesh Sanganeria
(Mother-Father)

Smt. Savitri Devi (Great Grandmother), Smt. Pushpa – Shri Kishorilal, Smt. Archana – Shri Dilip (Grandmother – Grandfather), Anisha – Nikunj (Tai ji - Tau ji), Nandika (Sister) & the entire Sanganeria Family

N|X NORTH EXCHANGE

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: JAI SARSAR 9867505472

TO PLACE AN ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSEH User: cci Time: 01-17-2026 22:32 Color:

पानी का इनपुट आउटपुट

सर्दियों की रात में बार-बार यूरिन जाने के लिए कंबल से निकलने की मजबूरी हो तो फिर नींद नहीं आती। क्या यह सामान्य है? क्यों 45-50 साल की उम्र के बाद कुछ महिलाओं-पुरुषों को खांसने या छींकने के दौरान यूरिन पर काबू नहीं रहता? क्या हमारे यूरिन का रंग शरीर के भीतर का हाल भी बताता है? ऐसे हर सवाल और परेशानी का हल क्या है? देश के बेहतरीन एक्सपर्ट्स से बातकर जानकारी दे रहे हैं **लोकेश के. भारती**

बार-बार यूरिन जाने की समस्या किडनी की परेशानी की वजह से हो यह जरूरी नहीं, लेकिन इसे हर बार नजरअंदाज करना भी सही नहीं।

एक सामान्य शख्स के लिए औसतन

पानी	प्यास के अनुसार
सर्दियों में	1.5-2.5 लीटर पानी
गर्मियों में	2-3 लीटर पानी
हर दिन यूरिन	1 से 1.5 लीटर

यूरिन के रंग से जानें शरीर का हाल

हल्का पीला मतलब शरीर स्वस्थ और अच्छी तरह से हाइड्रेटिड है। पीला रंग यूरोक्रोम पिगमेंट की वजह से होता है जो सामान्य है।

बिलकुल सफेद या ट्रांसपेरंट शरीर में बहुत ज्यादा पानी

गहरा पीला शरीर में पानी की कमी है। यह जॉन्डिस का संकेत भी हो सकता है। इसलिए ज्यादा पानी पीने की जरूरत है।

नारंगी लिवर या बाइल डक्ट की समस्या, जॉन्डिस भी मुमकिन या फिर दवाओं का असर

गुलाबी/लाल खून की मौजूदगी, यूरिनरी इन्फेक्शन, किडनी में स्टोन या चुकंदर/ब्लूबेरी खाने की वजह से, दवाओं की वजह से भी मुमकिन

झागदार इन्फेक्शन (UTI) हो सकता है। इसके अलावा यह किडनी की समस्या या यूरिन में प्रोटीन का भी संकेत है।

नोट: अगर यूरिन का रंग असामान्य (लाल, गहरा पीला) है और पानी पीने के बाद भी सामान्य नहीं होता तो नजरअंदाज न करें। लगातार यूरिन में झाग आए या बदबू हो तो यह ज्यादा प्रोटीन (किडनी की परेशानी) या इन्फेक्शन का संकेत हो सकता है।

हमें हर दिन कितना पानी पीना चाहिए? रातभर में कितनी बार तक यूरिन की वजह से नींद खुले तो न करें चिंता? जानें:

एक्सपर्ट पैनल

डॉ. संदीप गुलेरिया
सीनियर कंसल्टेंट सर्जन, इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल

डॉ. संदीप महाजन
प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ नेफ्रॉलजी, AIIMS

डॉ. अनुपम उप्रेवाल
असोसिएट प्रोफेसर, नेफ्रॉलजी, सफदरजंग हॉस्पिटल

डॉ. श्रीराम काबरा
HOD नेफ्रॉलजी, मैक्स एशिया हॉस्पिटल्स

डॉ. प्रशांत जैन
सीनियर कंसल्टेंट यूरॉलजिस्ट, PSRI हॉस्पिटल

10 खास बातें

1. अगर हम हर दिन 2 लीटर पानी पीते हैं तो उससे से शरीर 500-900ml का उपयोग (भोजन और सांस लेने में) करता है और बाकी यूरिन, पसीने के रूप में बाहर निकल जाता है।
2. सामान्य शख्स हर दिन औसतन 1 से 1.5 लीटर यूरिन बाहर निकालता है। गर्मियों में मात्रा कम होती है क्योंकि पसीने में 200 से 500ml तक पानी निकल जाता है।
3. यह सोचना कि बहुत ज्यादा पानी सेहत के लिए अच्छा है, सही नहीं है। जरूरत से ज्यादा पानी पीने से किडनी को ज्यादा काम करना पड़ता है।
4. अगर सेहत सामान्य है और सर्दियों में यूरिन की वजह से 1-2 बार नींद खुल रही है तो ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं। चाय-कॉफी कम लें और एक्सरसाइज करें।
5. कभी भी एक साथ बहुत ज्यादा पानी पीने से बचना चाहिए। इसकी जगह प्यास लगने पर दिनभर में कई बार पानी पीना बेहतर है।
6. ज्यादा पानी पीने की जरूरत उन लोगों को होती है, जिन्हें पथरी की परेशानी हो। नहीं तो प्यास भर पानी ही पर्याप्त है। वहीं, हाई बीपी में भी शरीर किडनी पर दबाव बनाकर ज्यादा यूरिन बना सकता है कि बीपी कम हो सके।
7. किसी शख्स को रात में बार-बार यूरिन के लिए उठना पहला (नोक्चुरिया) है तो उसे किडनी से जुड़े टेस्ट कराने चाहिए।
8. यूरिन की मात्रा सामान्य से कम यानी 700-800ml से कम हो या बदबू आए, झाग आए तब भी डॉक्टर से मिलें।
9. Kegel Exercises करने से खांसने, छींकने आदि की वजह से यूरिन लीक होने की समस्या में बहुत फायदा होता है।
10. कीगल एक्सरसाइज का फायदा पुरुषों को अर्ली डिस्चार्ज की समस्या में भी होता है।

क्यों भागना पड़ता है बार-बार यूरिन के लिए?

आजकल सेहत पर चर्चा सबसे ज्यादा होती है। चाहे सोशल मीडिया हो, यूट्यूब हो या फिर किसी दूसरे प्लैटफॉर्म पर। सेहतमंद रहने के टिप्स या किसी लक्षण पर जानकारी देने वाले लोग सोसायटी, फैमिली और ग्रेग्रुप्स में भी मिल जाते हैं। इसमें कुछ गलत नहीं है, लेकिन अगर जानकारी सही न मिले तो मन में डर जरूर बैठ जाता है। मान लें कि किसी को ज्यादा यूरिन आए तो इसका मतलब यह नहीं कि उसे डायबीटीज हो चुकी है या किडनी से जुड़ी कोई परेशानी है। किसी की बात पर भरोसा करने से पहले यह जरूरी है कि हम सही सोर्स से पुख्ता करें। उस विषय की तह तक जाएं। कई बार यह सब मौसमी बदलाव की वजह से भी होता है। सच तो यह है कि मौसम के अनुसार हमारी डाइट और ड्रिंक बदलनी चाहिए। हम बदलते भी हैं। गर्मियों में हम अमूमन सूप नहीं पीते, लेकिन सर्दियों में पीते हैं। गर्मियों में प्यास ज्यादा लगती है, पसीना ज्यादा निकलता है। इसलिए पानी ज्यादा पीते हैं। सर्दियों में पानी कम पीते हैं क्योंकि प्यास कम लगती है। यह सामान्य है।

मामले से समझें

सुमन (बदला हुआ नाम) 51 साल की हैं। उनके 3 बच्चे हैं। करीब एक साल हो गया लेकिन उन्हें पीरियड्स नहीं आए। इससे लगभग यह सुनिश्चित हो गया कि उनका मेनोपॉज (आखिरी पीरियड) हो चुका है। लेकिन सर्दियां शुरू होते ही उनकी नींद डिस्टर्ब होने की परेशानी शुरू हो गई। उन्हें नींद से जागकर 2 या 3 बार यूरिन जाना पड़ रहा था। जब वह खांसती या छींकती तो भी यूरिन लीक होने लगा। उन्होंने फार्क में अपने साथ बैठने वाली कुछ महिलाओं से इसकी चर्चा की तो किसी ने कहा कि यह किडनी की बीमारी का लक्षण है। उन्होंने सुमन के दिमाग में यह बैठा दिया कि उनकी किडनी खराब हो गई है। वह थोड़ी घबरा गईं। इस डर के बाद जब बीपी चेक किया तो ज्यादा आया, पल्स रेट भी ऊपर थी। उन्होंने तुरंत शुगर लेवल और किडनी फंक्शन टेस्ट कराए। सभी रिपोर्ट लेकर वह किडनी के डॉक्टर के पास गईं। डॉक्टर ने रिपोर्ट देखी और पूरी बात सुनी। डॉक्टर ने साफ किया कि समस्या किडनी या शुगर की नहीं है। उन्होंने बताया कि ज्यादा बार प्रेग्नेंसी की वजह से पेल्विक मसल्स कमजोर हो जाती हैं। यूरिनरी ब्लैडर नीचे की ओर लटक जाता है। इससे भी यूरिन की फ्रीक्वेंसी बढ़ जाती है। कीगल एक्सरसाइज (Kegel Exercises) करें। अगर यह एक्सरसाइज पहले से करती तो मुमकिन है कि परेशानी कम आती। साथ ही शाम के बाद चाय, कॉफी पीने से मना किया। ये डाइयुरेटिक (ज्यादा यूरिन कराने वाले) होते हैं। डॉक्टर ने कहा कि बीमारी का शक होने पर जांच कराना जरूरी है, न कि घबराकर बीपी बढ़ा लेना।

ज्यादा बार यूरिन आना कई बातों पर निर्भर करता है। यह बीमारी या लाइफस्टाइल बिगड़ने का संकेत भी हो सकता है। यह सर्द मौसम की वजह से भी मुमकिन है। फिर भी अगर रात में नींद से उठकर बार-बार यूरिन जाना पड़े तो डॉक्टर की सलाह ले लेनी चाहिए:

कुछ शारीरिक परेशानियां बनती हैं वजह

पुरुषों में प्रोस्टेट बढ़ने पर

बार-बार यूरिन होने की एक बड़ी वजह प्रोस्टेट ग्लैंड का बढ़ जाना भी हो सकता है। दरअसल, इसके बढ़ने से यूरिन का रास्ता संकरा हो जाता है। इससे एक बार में यूरिन खाली नहीं होता। इसलिए बार-बार भी जाना पड़ सकता है और जल्दी-जल्दी भी। ऐसा अमूमन 45-50 बरस की उम्र के बाद होता है।

क्या करें: अगर डायबीटीज नहीं है और दूसरी परेशानी भी नहीं। लेकिन यूरिन बार-बार आने की समस्या हो गई है तो प्रोस्टेट बढ़ने को लेकर डॉक्टर से मिल लेना चाहिए।

जब शुगर हाई हो

यह मुमकिन है कि शुगर हाई हो तो यूरिन ज्यादा आए। **इसे डायबीटीज मिस्टोपैथी (Diabetic Cystopathy) कहते हैं।** इस स्थिति में डायबीटीज के मरीज का इनके यूरिनरी ब्लैडर (जहां यूरिन बनने के बाद स्टोर होता है) पर कंट्रोल कम हो जाता है। यह परेशानी नसों में आई परेशानी से होती है। ऐसे में एक बार में यूरनरी ब्लैडर पूरी तरह खाली नहीं हो पाता। मान लें कि किसी के ब्लैडर में 400ml यूरिन जमा है यानी ब्लैडर करीब-करीब फुल है। साथ ही, उस शख्स को शुगर हाई रहने से डायबीटीज मिस्टोपैथी की परेशानी है। ऐसे में वह यूरिन के लिए जाता है और उसे 100ml ही यूरिन आता है क्योंकि वह ब्लैडर को पूरा खाली करने में सक्षम नहीं है। यूरिन कम तो हुआ लेकिन पूरा खाली नहीं हुआ। अब कुछ मिनटों में ही अगर 50-100ml और यूरिन भी ब्लैडर में जमा हो जाए तो उस शख्स को यूरिन का प्रेशर फिर से महसूस होना शुरू हो जाएगा और वह दोबारा यूरिन जाएगा। यह सिलसिला चलता ही रहता है। यह परेशानी पुरुष और महिला, दोनों को हो सकती है।

बीपी-किडनी की परेशानी

ब्लड प्रेशर ज्यादा होने से भी बार-बार यूरिन जाना पड़ सकता है। **शरीर अतिरिक्त पानी को निकालकर बीपी काबू** कम करने की कोशिश करता है। वहीं, ब्लड प्रेशर की दवाएं भी किडनी पर ज्यादा यूरिन बनाने के लिए दबाव बनाती हैं। लंबे समय तक BP रहने से किडनी पर असर पड़ता है और यूरिन की फ्रिक्वेंसी बदल जाती है।

UTI हो गया हो

जब हमारे पेशाब के रास्ते पानी यूरिनरी ट्रैक्ट में इन्फेक्शन या सूजन हो जाए तो बार-बार यूरिन की समस्या हो सकती है। दरअसल, इन्फेक्शन की वजह से ब्लैडर की अंदरूनी परत इरिटेट हो जाती है। इससे दिमाग को गलत सिग्नल जाता है कि ब्लैडर भर गया है। पेशाब महसूस तो होता है, लेकिन या तो आता नहीं या बहुत कम आता है। ऐसे में वह शख्स बार-बार यूरिन के लिए जाता है। कुछ लोगों को UTI की वजह से जलन के साथ बार-बार प्रेशर तो बनता है लेकिन यूरिन की मात्रा कम होती है।

इन्फेक्शन के लक्षण
- यूरिन के साथ जलन हो, कम मात्रा में बार-बार हो। रात में फ्रीक्वेंसी बढ़ जाए।
- यूरिन करके आने के बाद भी लगे कि फिर से जाना है। यूरिन से गंध भी आए।
- UTI जब ऊपरी हिस्से में हो यानी किडनी के करीब तो बुखार भी हो जाता है। लो.अर ट्रैक्ट इन्फेक्शन में अमूमन बुखार कम होता है।

शक होने पर कराएं ये टेस्ट
- Urine Routine & Microscopy
- जरूरत पड़े तो Urine Culture भी।

ड्रिंक और डाइट

हमारे खानपान में ऐसी कई चीजें हैं जो ज्यादा मात्रा में यूरिन निकालती हैं। इन्हें डाइयुरेटिक कहा जाता है। खासतौर पर चाय, ब्लैक टी, ग्रीन टी, कॉफी, कोल्ड ड्रिंक्स और अल्कोहल। इसलिए जिन लोगों को ज्यादा यूरिन आने की परेशानी हो, खासकर इस वजह से नींद में खलल पड़े तो डॉक्टर से पूछकर ऐसी चीजों की मात्रा कम कर दें या न लें। कम से कम शाम के बाद तो हरगिज न लें। वैसे भी अल्कोहल से फायदा तो कुछ होता नहीं, हां नुकसान जरूर हो जाता है। वहीं, कुछ कुदरती डाइयुरेटिक फूड प्रोडक्ट्स भी हैं। मसलनः अलबाइन, टमाटर, बंद गोभी, प्याज आदि। वहीं फलों में तरबूज, अनन्नास, अंगूर और जामुन आदि।

वॉक, एक्सरसाइज कम

सर्दियों में शरीर से पानी निकलने का अमूमन एक ही रास्ता होता है, यूरिन के रूप में। सांस के भाप के रूप में भी थोड़ी मात्रा में पानी बाहर निकलता है। औसतन 100 से 300ml ही भाप के रूप में बाहर आ पाता है। गर्मियों में हमें ज्यादा पानी की जरूरत इसलिए होती है क्योंकि पसीने की वजह से 500ml तक पानी शरीर से बाहर निकल जाता है। अगर कोई शख्स सर्दियों में भी हेवी एक्सरसाइज करे तो उसे सर्दियों में भी ज्यादा पानी की जरूरत होगी और किडनी पर दबाव कम पड़ेगा। शुगर, बीपी के मरीजों को जरूर इन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इसलिए अगर शरीर को मजबूत करेंगे तो शरीर के भीतर और बाहर के सभी अंग भी मजबूत होंगे।

क्या पानी पीने का कोई नियम है?

सच कहें तो इसके लिए एक ही नियम है। वह है कि हमें अपनी जरूरत के हिसाब से पानी पीना चाहिए। शरीर ज्यादातर बार प्यास की जरूरत को सबसे ऊपर रखता है। शरीर के सभी कामों के लिए पानी की जरूरत होती है। अगर भोजन की जरूरत हो तो शरीर भीतर ही मौजूद फैट आदि से काम चला लेता है, लेकिन पानी की स्टोरेज इस तरह से नहीं होती। हां, सभी कोशिकाओं में पानी की मौजूदगी होती है, लेकिन किसी खास अंग में नहीं। ऊंटों की स्थिति हमसे अलग होती है। इसलिए हमें जब प्यास लगती है तो वह धीरे-धीरे बढ़ती ही जाती है। मान लें कि किसी शख्स ने 2 दिनों से न कुछ खाया है और न ही कुछ पिया है। ऐसे में जब उसके सामने भोजन और पानी, दोनों रख दें तो वह स्वाभाविक तौर पर सबसे पहले पानी ही पिएगा। अगर हम बिना जरूरत पानी पीते हैं, बहुत ज्यादा पानी पीते हैं तो इसका दबाव हमारी किडनी भी महसूस करती है।

हमारे लिए हर दिन कितना पानी ज़रूरी?

जब हम औसतन जरूरत की बात करते हैं तो यह गर्मियों में 2 से 3 लीटर काफी हो जाता है, वहीं सर्दियों में 1.5 से 2.5 लीटर पर्याप्त है। वैसे पानी कितना पीना है यह हमारी प्यास लगने की स्थिति पर निर्भर करता है। वहीं किडनी और लिवर के मरीजों के लिए कई बार डॉक्टर प्यास के अनुसार नहीं, इन अंगों को बचाने के हिसाब से पानी की मात्रा बताते हैं। कुल लिक्विड (पानी, चाय, जूस आदि सभी मिलाकर) 1 या 1.5 लीटर तक लेने के लिए ही कहते हैं।

पानी पीने के कितनी देर बाद बनता है यूरिन?

इसमें औसतन 30 मिनट से 90 मिनट तक का वक्त लग सकता है। कई बार जब पेट खाली हो तो यह काम जल्दी हो जाता है। पानी पीने के बाद हमारे खून तक पहुंचने में इसे 20 से 30 मिनट का समय लगता है। इसके बाद किडनी इसे फिल्टर करती है। वहीं अगर शरीर में पानी की कमी यानी डिहाइड्रेशन है तो किडनी पानी को रोक लेती है और इससे यूरिन की मात्रा कम हो जाती है। वहीं शरीर में ADH (ऐंटि-डाइयुरेटिक हार्मोन) हार्मोन की कमी से भी फर्क पड़ता है। कई लोगों को बीपी काबू में रखने के लिए डाइयुरेटिक दवाएं दी जाती हैं, इससे यूरिन बनने का वक्त कम हो सकता है।



अगर खांसने, छींकने या हंसने पर यूरिन हो जाता है लीक तो ये जानें:

ऐसी परेशानी महिला और पुरुष, दोनों को हो सकती है, लेकिन महिलाओं में ज्यादा होती है। इसकी बड़ी वजह है ज्यादा बार प्रेग्नेंसी कंसीव करना। इनमें पेल्विक फ्लोर मसल्स कमजोर हो जाती हैं जिससे यूरिन पर काबू नहीं रहता। खांसते, छींकते और वहां तक कि जोर से हंसने पर भी यूरिन लीक हो सकता है।

पेल्विक फ्लोर मसल्स कहां: यह मांसपेशियों का एक समूह है जो हमारे पेल्विस (कूल्हों के अंदर) की तरफ फैला रहता है। ये मांसपेशियां हमारे शरीर के निचले अंगों को सहारा देती हैं। ये रीढ़ की हड्डी से लेकर पेशाब और स्टूल निकालने की जगह तक मौजूद रहती हैं। बार-बार प्रेग्नेंसी ये मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। इससे यूरिन, स्टूल आदि पर काबू नहीं रह पाता। ये मसल्स ही हैं जो यूरिन या स्टूल आदि का प्रेशर आने के बाद कुछ समय तक होल्ड करने की ताकत देती हैं। वहीं पुरुषों में सेक्स के दौरान अर्ली डिस्चार्ज की समस्या में भी इन मसल्स के कमजोर होना एक वजह होती है।

इन मसल्स को मजबूत करने के लिए Kegel Exercises की जाती हैं। चूंकि ये नीचे के हिस्से में होती हैं। इसलिए सामान्य एक्सरसाइज से ये मजबूत नहीं होतीं। सबसे पहले इन्हें महसूस करना होता है कि ये कहां पर हैं और कौन-सी हैं। इसके लिए जब किसी को यूरिन या स्टूल का प्रेशर आए तो सिर्फ पहली बार ही चंद सेकंड के लिए रोकें। जिनके सहारे इन्हें कंट्रोल करते हैं, वे पेल्विक फ्लोर मसल्स हैं।

ऐसे करें एक्सरसाइज

यह आसान है। इसे लेटकर या कुर्सी पर बैठकर कर सकते हैं। इसमें पेट, जांघों और बटकस को ढीला रखें। इस दौरान सांस रोकने की जरूरत नहीं है।

स्टेप 1: पेल्विक फ्लोर मसल्स को ऐसे सिकोड़ें जैसे यूरिन को कंट्रोल कर रहे हों। 3-6 सेकंड के लिए करें।

स्टेप 2: मसल्स को पूरी तरह ढीला छोड़ दें। करीब 3-5 सेकंड का आराम दें।

कितनी बार करें: पहले हफ्ते ऐसा एक सेट में 8 से 10 बार करें। दूसरे हफ्ते से दिनभर में 3 से 4 बार करें और एक सेट में 10 से 15 बार।

नोट: एक्सरसाइज का तरीका यूट्यूब पर भी देख सकते हैं। Kegel Exercises टाइप करें।

कीगल एक्सरसाइज के दौरान न करें ये गलतियां

- पेट अंदर की ओर न खींचें।
- बटकस मसल्स को टाइट न करें।
- सांस रोक कर इस तरह की एक्सरसाइज न करें। वहीं, Kegel Exercises को पेशाब रोकते समय हर दिन न करें। इसे सिर्फ पहले दिन ही एक-दो बार करना काफी है। बाकी नियमित रूप से तब करना है जब पेशाब या स्टूल का प्रेशर न हो।

क्या-क्या हैं फायदे

- इस एक्सरसाइज को 18 साल की उम्र के बाद से शुरू करना बेहतर है।
- 40 साल की उम्र के बाद से यह एक्सरसाइज जरूर करें। वहीं, महिलाओं में मेनोपॉज के बाद यह बेहद अहम हो जाता है।
- इससे महिला और पुरुष, दोनों में यूरिन का अंधानक लीक होना या कंट्रोल न होना कम हो जाता है।
- इससे महिलाओं में डिलीवरी के बाद रिकवरी तेज हो जाती है। यूटरस/ब्लैडर नीचे खिसकने का खतरा कम हो जाता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMVIVI User: cci Time: 01-17-2026 23:12 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब पहली बार लोगों ने देखा X-Ray

आज ही के दिन 1896 में US में पहली बार X-ray मशीन का प्रदर्शन किया गया था। नॉर्थ कैरोलिना के डेविडसन कॉलेज के प्रोफेसर हेनरी लूई स्मिथ (Henry Louis Smith) ने हाथ का X-ray लेकर उसमें धंसी बंदूक की गोली को साफ दिखाया। उस दौर में रेडिएशन के खतरों की जानकारी नहीं थी, इसलिए लोग इसे एक जादुई मनोरंजन मानते थे। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन ने सर्जरी के तरीके को हमेशा के लिए बदल दिया।

NBT

Front Page-2

भविष्य में होगा रूटीन जांच का हिस्सा

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में एक्स-रे तकनीक बेहद सस्ती, सुरक्षित और अत्याधुनिक हो चुकी होगी। इसकी लागत लगभग न के बराबर होगी और यह रोजमर्रा की हेल्थ जांच का हिस्सा बन जाएगा। घर, स्कूल और गांवों तक पोर्टेबल एक्स-रे डिवाइस आसानी से उपलब्ध होंगे। रेडिएशन का खतरा लगभग खत्म हो जाएगा। AI बेस्ड सिस्टम कुछ ही सेकंड में 3D और 4D इमेज के जरिए बीमारी की सटीक पहचान कर लेंगे।



AI Images

SPEED News

इंडोनेशिया के जावा और सुलावेसी द्वीप के बीच स्थित एक पहाड़ी क्षेत्र के पास पहुंचते समय

एक क्षेत्रीय यात्री विमान का संपर्क टूट गया। विमान में 11 व्यक्ति सवार थे।

AI Image

दक्षिणी चीन के फोशान शहर में एक स्कूल के 103 छात्र

नोरोवायरस से संक्रमित पाए गए है। इनमें से किसी छात्र की हालत गंभीर नही है और न ही किसी की मौत हुई है।

युगांडा के राष्ट्रपति योवेरी मुसेवेनी ने 71.65 % वोट हासिल करके सातवी बार जीत हासिल की है।

शनिवार को आधिकारिक परिणामो जारी हुए।

पाकिस्तानी सुरक्षा बलों की कार्रवाई में

बलूचिस्तान में दो बैंक और एक पुलिस थाने पर हमला करने वाले 12 आतंकवादी मारे गए।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

'अम्मी परेशान न हों, हम सब खैरियत से हैं'... फिर कॉल कट

ईरान से बेटी की आवाज़ सुनी, तो आंसू छलके

■ सैयद अब्बास रिजवी, लखनऊ

ईरान में जारी अस्थिरता और इंटरनेट बंद होने की खबरों के बीच लखनऊ के चौक (गनीमंडी) निवासी मलका रिजवी के लिए बीते कई दिन बेहद तनाव भरे रहे। उनकी बेटी मोहिसना, दामाद शहाब और नवासा ईरान में रहते हैं। इंटरनेट बंद होने के कारण उनका परिवार से कोई संपर्क नहीं हो पा रहा था। बीच में एक-दो बार इंटरनेट चलता तो वट्सऐप पर बेटी का छोटा-सा मैसेज मिला- 'अम्मी परेशान मत होइए, हम सब ठीक हैं।' इसके बाद फिर सन्नाटा छा गया। शनिवार सुबह अचानक फोन आया। बेटी की आवाज सुनते ही मलका की आंखों में आंसू आ गए। बेटी ने बताया कि पूरा परिवार सुरक्षित है।

'ईरानी बोले- आप हमारे दोस्त हैं, आंच आई तो पहले हम झेलेंगे'

मलका के दामाद शहाब, जो ईरान के कुम शहर में स्कॉलर हैं, बताते हैं कि शुरुआती दिनों में कई शहरों में प्रदर्शन हुए, लेकिन कुम में हालात शांत रहे। रात के समय कुछ जगह विरोध की खबरें आती थीं, लेकिन आम जिंदगी चलती रही।शहाब के मुताबिक, अयातुल्लाह अली खामेनेई के जुमे के संबोधन के बाद हालात तेजी से बदले। सरकार और सुप्रीम लीडर के समर्थन में बड़ी रैलियां निकलीं और प्रदर्शन धीरे-धीरे खत्म हो गए। उन्होंने कहा- 'स्थानीय लोग हमसे कहते हैं कि भारत हमारा पुराना दोस्त है। अगर प्रदर्शनकारियों से कोई परेशानी हुई, तो भारतीय नागरिकों से पहले हम उस मुसीबत का सामना करेंगे।'

हिंसा बढ़ी तो जनता पीछे हटी

तेहरान में काम कर रहे असिफ बताते हैं कि जब तक प्रदर्शन महंगाई को लेकर शांतिपूर्ण थे, लोग साथ थे। लेकिन जैसे ही मस्जिदों, बैंकों और मॉल में आगजनी शुरू हुई, जनता अलग हो गई। विदेशी साजिश की बातें सामने आने के बाद लोग खुलकर खामेनेई के समर्थन में आ गए।

Agency

देश वापसी कमर्शल फ्लाइट से ईरान से दिल्ली एयरपोर्ट लौटे भारतीय नागरिकों का एक समूह

ईरान से वापसी करने वाले बोले, वहां हालात बेहतर हो रहे हैं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों और खराब हालात के बीच भारतीय नागरिकों का एक समूह शुक्रवार देर रात दिल्ली लौट आया। वे लोग कमर्शल फ्लाइट्स से भारत वापस आए। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे लोगों में ज्यादातर छात्र और जियारत के लिए गए श्रद्धालु शामिल थे। वहां से लौटे कई लोगों ने बताया, जब उन्होंने देश छोड़ा तो हालात पहले के मुकाबले बेहतर हो रहे थे। तेहरान में दो या तीन दिन में इंटरनेट बहाल होने की भी खबर है।

'ज्यादातर दिक्कत इंटरनेट नेटवर्क को लेकर थी': हैदराबाद के दिलशाद भी लौटने वाले समूह में शामिल थे। वे करीब एक महीने से ईरान में थे, लेकिन पिछले दो हफ्तों में ज्यादा परेशानी बढ़ी। इंटरनेट बंद होने की वजह से वे अपने परिवार से बात नहीं कर पा रहे थे, जिससे घरवाले काफी परेशान थे। मुंबई के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि वे दस दिन के लिए इलेक्ट्रिशन का काम करने ईरान गए थे। उन्होंने कहा, ज्यादातर दिक्कत इंटरनेट नेटवर्क को लेकर थी।

दिल्ली एयरपोर्ट पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि उनकी मां तीर्थयात्रा के लिए ईरान गई थीं।

सरकार की मदद से सुरक्षित बाहर निकल पाए

ईरान के एक स्टील प्लांट में काम करने वाले एक सख्स ने बताया कि वहां हालात ठीक नहीं थे, लेकिन भारत सरकार और दूतावास की मदद से वे सुरक्षित बाहर निकल पाए। एयंसी ने उन्हें बताया कि कैसे वहां से निकलना है और लगातार जरूरी जानकारी दी जाती रही। जम्मू-कश्मीर के शब्बीर हुसैन ने बताया कि वे जियारत के लिए ईरान गए थे और इस दौरान उन्होंने वहां डरावने विरोध प्रदर्शन भी देखे। लेकिन दूतावास की मदद से वे सुरक्षित भारत लौटने में सफल रहे।

हिरासत में लिए गए 16 भारतीय

क्रू मेंबर्स को ईरान में मिले राजनयिक पहुंच: भारत

■ NBT रिपोर्ट

भारत ने ईरानी अधिकारियों से MT Valiant Roar जहाज पर हिरासत में लिए गए 16 भारतीय क्रू मेंबर्स को कांसुलर एक्सेस यानी राजनयिक पहुंच देने की मांग तेज कर दी है। भारतीय दूतावास ने कहा है कि 14 दिसंबर 2025 से लगातार अनुरोध किए जाने के बावजूद अब तक एक्सेस नहीं दी गई है। सीधे शब्दों में इन लोगों को ईरान में भारतीय राजनियकों से मिलने नहीं दिया जा रहा है। भारतीय दूतावास के बयान के मुताबिक, दिसंबर 2025 के मध्य में मिशन को जानकारी मिली थी कि ईरानी अधिकारियों ने जहाज को हिरासत में लिया है, जिस पर 16 भारतीय नागरिक क्रू मेंबर के तौर पर मौजूद हैं। इसके बाद भारत के बंदर अब्बास स्थित कांसुलेट ने 14 दिसंबर को ही ईरान सरकार को पत्र लिखकर क्रू तक कांसुलर पहुंच की मांग की थी। दूतावास ने बताया कि इसके बाद कई बार लिखित पत्रों और तेहरान में हुई बैठकों के जरिये यह मांग दोहराई गई, यहां तक कि राजदूत स्तर पर भी मामला उठाया गया। साथ ही ईरानी अधिकारियों से यह भी कहा गया कि क्रू मेंबर्स को भारत में अपने परिवारों से संपर्क करने की अनुमति दी जाए।

> ईरानी अधिकारियों से यह भी कहा गया कि इन क्रू मेंबर्स को भारत में अपने परिवारों से संपर्क करने की अनुमति दी जाए।
> -भारतीय दूतावास

ईरान के सुप्रीम लीडर ने ट्रंप को बताया 'अपराधी'

बोले- अमेरिकी समर्थन से भड़के प्रदर्शन

■ पीटीआइ, तेहरान : ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने ट्रंप को अपराधी बताते हुए कहा कि ईरान में हुए विरोध प्रदर्शनों और उनमें हुई हजारों मौतों के लिए अमेरिका जिम्मेदार है। सरकारी टीवी पर दिए भाषण में खामेनेई ने पहली बार माना कि दिसंबर के अंत से शुरू हुए प्रदर्शनों में "कई हजार" लोगों की मौत हुई है। आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारी US के इशारे पर काम कर रहे थे।

हसीना शासन में मंत्री रहे नेताओं का यूनुस पर हमला

Alpyu.Singh
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार में विदेश मंत्री रहे हसन महमूद ने यूनुस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि हसीना सरकार अब भी अपना कानूनी और संवैधानिक दर्जा बनाए हुए है। दिल्ली में अवामी लीग के वरिष्ठ नेता हसन महमूद ने कहा कि जब तक बांग्लादेश के संविधान में कोई बदलाव नहीं किया जाता और देश में लोकतांत्रिक सरकार की वापसी नहीं होती, तब तक शेख हसीना की सरकार ही संविधान के तहत चुनी गई वैध सरकार मानी जाएगी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अगर अवामी लीग को चुनाव लड़ने की अनुमति दी जाती है तो वे देश लौटकर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। लेकिन वह केवल एक नई केयर टेकर सरकार के तहत ही संभव हो सकता है, मौजूदा यूनुस प्रशासन के रहते नहीं। उन्होंने साफ कहा कि बांग्लादेश लौटने के लिए सबसे जरूरी है कानून का शासन, जो मौजूदा हालात में संभव नहीं है।

फरवरी में होने वाले संसदीय चुनावों को लेकर हसन महमूद ने संदेह जताते हुए कहा कि अगर चुनाव होते भी हैं, तो वे पूरी तरह 'मैनेज्ड' होंगे। दावा किया कि अवामी लीग को देश के करीब 60% वोटरों का समर्थन है। ऐसे में पार्टी पर प्रतिबंध लगाकर यूनुस प्रशासन जनता के वोट के अधिकारों का हनन कर रहा है।

अवामी लीग के नेता हसन महमूद

'भारत विरोधी है माहौल'

हसन महमूद ने मौजूदा राजनीतिक माहौल को भारत विरोधी बताया। कहा कि यूनुस प्रशासन छात्र नेता उस्मान हादी की हत्या का मामला तो उठाता है, लेकिन शिबिर में मारे गए दीपू चंद्र दास की हत्या पर चुप्पी साध लेता है। शिक्षा मंत्री रहे मोहिबुल हसन चौधरी ने 2024 की हिंसा को लेकर संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट पर सवाल उठाए।

बांग्लादेश में कार ड्राइवर ने हिंदू युवक को कुचला

■ पीटीआइ, नई दिल्ली/ढाका: बांग्लादेश में एक कार ड्राइवर ने पेट्रोल पंप पर काम करने वाले हिंदू युवक को कार से कुचल दिया। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। राजबाड़ी जिले में शुक्रवार को यह घटना हुई। पुलिस ने बताया कि पेट्रोल भराने के बाद कार ड्राइवर ने पेमेंट करने से इनकार कर दिया था। विरोध करने पर हिंदू युवक के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी और भाग गया। आरोपी कार ड्राइवर और एक अन्य युवक को पुलिस ने अरेस्ट किया है। कार को भी जब्त किया गया है। आरोपी ड्राइवर पेशे से ठेकेदार है और बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी से जुड़ा है।

ट्रंप से किया आग्रह

दालों पर टैरिफ कम करे भारत: अमेरिकी सांसद

■ भाषा, न्यू यॉर्क: अमेरिका के दो सांसदों ने राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप से आग्रह किया है कि वे भारत के साथ भविष्य के किसी भी व्यापार समझौते में दालों के लिए अनुकूल प्रावधानों पर जोर दें। सांसदों का कहना है कि भारत के लगाए गए अनुचित शुल्कों की वजह से अमेरिकी उत्पादकों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ट्रंप को लिखे एक पत्र में मैंटाना के सांसद स्टीव डैंस और नॉर्थ डकोटा के केविन क्रैमर ने कहा, उनके राज्य मटर सहित दालों के शीर्ष दो उत्पादक हैं। भारत दालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कहा, मसूर, चना, सूखे बीन्स और मटर भारत में सबसे ज्यादा खपत होने वाली फसलें हैं, लेकिन भारत ने इन श्रेणियों में अमेरिकी निर्यात पर भारी शुल्क लगा रखा है।

भारत के लिए क्यों ज़रूरी चाबहार बंदरगाह?

■ NBT रिपोर्ट

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है। इससे यह सवाल उठने लगा कि क्या भारत अमेरिका के दबाव में ईरान के चाबहार बंदरगाह से पीछे हट सकता है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने इसे खारिज कर दिया।

चाबहार सिर्फ एक बंदरगाह नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक, कूटनीतिक और आर्थिक जरूरत है। अमेरिकी दबाव के बावजूद भारत इससे पीछे हटना नहीं चाहता, क्योंकि यह भारत को सेंट्रल एशिया में मजबूत स्थिति देता है।

कहां है चाबहार?

चाबहार ईरान के दक्षिण-पूर्वी तट पर, ओमान की खाड़ी के मुहाने पर स्थित है। यह ईरान का पहला गहरे पानी वाला बंदरगाह है।

क्यों खास है बंदरगाह?

यह रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। पाकिस्तान को बाइपास कर भारत को अफगानिस्तान और मध्य एशिया से जोड़ता है। चीन-पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट के मुकाबले भारत का संतुलन बनाता है।

भारत की चाबहार में क्या भूमिका?

2002-03 में भारत की भागीदारी से शुरू हुई। 2016 में भारत-ईरान-अफगानिस्तान के बीच त्रिपक्षीय समझौता हुआ।

2024 में 10 साल के संचालन का करार।

12 करोड़ डॉलर के उपकरण की भारत ने प्रतिबद्धता जताई

25 करोड़ डॉलर की क्रेडिट लाइन देने का भी करार हुआ

अमेरिका ने पहले भी रुकावट डाली है?



हां, कई बार। 2003 और 2018 में ईरान पर अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए। हालांकि, चाबहार को अफगानिस्तान के लिए जरूरी मानते हुए अमेरिका ने भारत को छूट दी थी। यह अप्रैल 2026 तक वैध है।

पोर्ट को क्यों नहीं छोड़ सकता भारत?

पोर्ट से अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच मिलती है। रूस और यूरोप तक माल भेजने में समय और लागत भी कम लगती है। इंटरनैशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर का अहम हिस्सा भी है।

इंदौर में गंदे पानी से मौतों पर राहुल बोले- सरकार नाकाम

■ भाषा, इंदौर: लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी पीने से उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण कई लोगों की मौत होने को लेकर सरकार पर हमला बोला। उन्होंने शनिवार को कहा कि देश के सबसे स्वच्छ शहर में लोग दूषित पानी पीकर मर रहे हैं। राहुल ने आरोप लगाया कि यह पेयजल जरूरी सरकार की नाकामी का नतीजा है। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष जीतू पटवारी और विधानसभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंघार भी थे। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बाद में भागीरथपुरा पहुंचे और उल्टी-दस्त के प्रकोप के कारण जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से मुलाकात कर उनके प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं।

ग्रीनलैंड पर साथ नहीं, तो लगेगा टैरिफ: ट्रंप

■ एपी, कोपेनहेगन: अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जो देश ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण का समर्थन नहीं करेंगे, उन पर अमेरिका टैरिफ लगा सकता है। ट्रंप का कहना है कि ग्रीनलैंड अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी संसद का एक प्रतिनिधिमंडल डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन में डेनमार्क और ग्रीनलैंड के नेताओं से मुलाकात कर रहा है। बैठक का मकसद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को कम करना बताया गया है।

SOP जारी गृह मंत्रालय ने साइबर क्राइम से जुड़े केस में रुपये लौटाने का नियम जारी किया

साइबर फ्रॉड केस में खाता हुआ फ्रीज तो यूं मिल सकेगा रिफंड

Vishal.sharma3@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: साइबर फ्रॉड के मामलों में लोगों को अब जल्द राहत मिल सकेगी। अगर पुलिस ने उनके अकाउंट में आपका पैसा होल्ड कराया है, तो 90 दिन के भीतर वह पैसा वापस मिल सकता। 50 हजार रुपये से कम के फ्रॉड पर कोर्ट ऑर्डर के बगैर पैसा रिलीज होगा। इसी तरह, अगर किसी साइबर फ्रॉड के शक में आपका अकाउंट फ्रीज किया गया है और पुलिस जांच में आप निर्दोष पाए जाते हैं, तो 90 दिन के अंदर बैंकों को अकाउंट रिलीज करना होगा। हालांकि इससे जुड़ा कोई कोर्ट का आदेश या निर्देश न हो।

AI Image

2.18% रकम ही लौटाई जा सकी

पिछले साल पुलिस ने 7,647 करोड़ रुपये ठगों तक पहुंचने से रोका, लेकिन पीड़ितों को सिर्फ 2.18% यानी 167 करोड़ रुपये ही वापस लौटाए गए। इसी वजह से इस गाइडलाइन की जरूरत पड़ी। गृह मंत्रालय ने नैशनल साइबर क्राइम रैकॉर्ड पोर्टल के तहत यह SOP (गाइडलाइन) जारी की है।

SINCE 1986
JOINT & SPINE CLINIC
NON SURGICAL PAIN MANAGEMENT
Orthopedic & Physiotherapy
जॉईंट & स्पाईन क्लिनिक

दर्द से राहत की ओर

क्या आप घुटनों की समस्याओं से पीड़ित हैं? क्या आपके घुटनों का लचीलापन, झुकने की क्षमता और भार वहन करने की क्षमता कम हो गई है? अगर आप सीढ़ियाँ चढ़ने में अत्यधिक कठिनाई, दैनिक गतिविधियों में भाग लेने में असमर्थता, पाँच मिनट भी खड़े न रह पाने, घुटनों में तेज़ दर्द आदि से राहत चाहते हैं, तो आज ही नी क्लिनिक जाएँ।

उम्र से संबंधित घुटने का घिसना (Wear & Tear) गठिया (Rheumatoid Arthritis), एसीएल और पीसीएल लिगामेंट और मेनिस्कस का फटना (ACL and PCl ligament and Meniscus tear), गाउट (यूरिक एसिड में वृद्धि), ऑपरेशन के बाद का दर्द। कई मरीज़ घुटने के प्रतिस्थापन के बाद भी दर्द का अनुभव करते रहते हैं।
खेल की चोटें, घुटनों का टूटना, देर तक खड़े न रह पाना, घुटनों में सूजन

Senior Orthopedic Surgeon
Pain Management Specialist
Rheumatologist

503, कोहिनूर स्पेशलिटी क्लिनिक, पाँचवीं मंज़िल, सेंट्रल टावर, कोहिनूर स्क्वायर, शिवसेना भवन के सामने, दादर

बिना सर्जरी, बिना किसी दुष्प्रभाव के

सिरदर्द
गर्दन का दर्द
पीठ दर्द
फ्रोज़न शोल्डर
टेनिस एल्बो, पीठ दर्द
घुटनों का दर्द
साइटिका,
हाथों और पैरों में झुनझुनी,

मुंबई
(प्रत्येक सोमवार)
सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
8767090409
9370155293

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK2 User: cci Time: 01-17-2026 23:13 Color:

'ईश्वर ने तय किया था हमारा महापौर बनेगा'

CM ने कॉन्फ्रेंस कर UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे को दिया जवाब

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

बीएमसी चुनाव में बंपर जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर जमकर निशाना साधा। सीएम फडणवीस ने कहा, क्या वे (उद्धव ठाकरे) 'देव' यानी ऊपर वाले की बात कर रहे थे या 'देवा' भाऊ? अगर ऊपर वाले की बात है, तो ईश्वर ने पहले ही तय कर दिया है कि मुंबई में महायुति का महापौर बनेगा। शनिवार को पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, बीजेपी-शिंदे युति ने 118 सीटें जीतकर ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है।

महायुति गठबंधन ने दर्ज की ऐतिहासिक जीत

मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, ऐसे में कौन क्या बोलता है इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। ईश्वर ने मुंबई में महायुति का महापौर तय कर दिया है। उन्होंने आगे कहा, बीएमसी में 14 सीटों पर बेहद कम अंतर से हार हुई। इसके बावजूद महायुति को पूर्ण बहुमत मिला है। उन्होंने कहा, जब संयुक्त शिवसेना हमारे साथ थी, तब भी पिछले 3 चुनावों में इतनी सीटें नहीं मिली थीं। इस बार हमने नया रिकॉर्ड बनाया है। विपक्ष पर तंज कसते हुए फडणवीस ने कहा, घर बैठकर विपक्ष तैयार नहीं होता, जनता के बीच जाकर काम करना पड़ता है। टिकट वितरण पर उन्होंने स्पष्ट किया कि सिर्फ 10% बाहरी लोगों को टिकट दिया गया है, बाकी के 90% टिकट कार्यकर्ताओं को दिए हैं।

जो PM के साथ है, जनता उनके साथ है: CM

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, महाराष्ट्र की जनता ने साफ संदेश दे दिया है कि जो पीएम नरेंद्र मोदी के साथ है, जनता उनके साथ है। राज्य में बीजेपी नंबर-वन पार्टी बनी है और सहयोगी दलों को भी जनसमर्थन मिला है।

दादा को नकारा नहीं, बीजेपी को स्वीकारा

पुणे और पिंपरी चिंचवड़ में दादा (अजित पवार परिवार) की हार पर जब सीएम फडणवीस से सवाल किया गया कि पुणे का दादा कौन है। इस पर उन्होंने कहा, पुणे की दादा पुणे की जनता है, हम सभी उनके सेवक हैं। पुणे की जनता ने दादा को नकारा नहीं, बल्कि बीजेपी को स्वीकार किया। मतदान के दिन ही उपमुख्यमंत्री अजित पवार से उनकी मुलाकात हुई थी। उनका कहना था कि वे कार्यक्रमों की वजह से कैबिनेट बैठक में शामिल नहीं होंगे।

उद्धव बोले- लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई

इधर, UBT प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा, अगर ईश्वर की इच्छा हुई, तो पार्टी मुंबई में अपना महापौर बनाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने धोखे से चुनाव जीता है और वह मुंबई को गिरवी रखना चाहती है, जिसे मराठी मानुष कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा, बीजेपी को गलतफहमी है कि उसने शिवसेना (UBT) को खत्म कर दिया है। ठाकरे ने जोर देकर कहा, अभी लड़ाई खत्म नहीं हुई है, बल्कि अब तो शुरू हुई है।

चुनावी चकल्लस के बीच सुरक्षा व्यवस्था रही बेहद सख्त

परिणाम के दिन दिंडोशी में एक FIR दर्ज

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई महानगर पालिका चुनावों के दौरान जहां राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरमाया रहा, वहीं पुलिस की सख्त रणनीति और व्यापक बंदोबस्त के चलते हालात बड़े पैमाने पर नियंत्रण में रहे। चुनाव प्रचार के दौरान शहरभर में 3 एफआईआर और करीब 15 छिटपुट घटनाएं सामने आईं, जबकि चुनाव परिणाम के दिन दिंडोशी इलाके में एक एफआईआर दर्ज की गई।

ताजा घटना दिंडोशी की है, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर एनसीपी (अजित पवार गुट) की महिला उम्मीदवार और उनके पति पर हमला करने का आरोप लगा है। प्रभाग क्रमांक-39 से चुनाव लड़ रहीं सुमन सिंह ने 9 लोगों के खिलाफ अश्लील टिप्पणी, मारपीट और धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। शिकायत के मुताबिक, सुमन सिंह पहले भाजपा की कार्यकर्ता थीं, लेकिन इस बार टिकट न मिलने पर उन्होंने एनसीपी से चुनाव लड़ा। इसके बाद से कांग्रेस उम्मीदवार मधु सिंह के पति बृजेश सिंह, उनके भाई सर्वेश सिंह और अन्य कार्यकर्ता उन्हें और उनके पति इंद्रजीत सिंह को लगातार धमकाते रहे। 16 तारीख को चुनाव परिणाम आने के बाद कथित तौर पर 9 लोगों ने उन पर हमला कर दिया। दिंडोशी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इस बीच, एक सीनियर आईपीएस अधिकारी ने बताया कि चुनाव से पहले ही पूरी प्लानिंग, ब्रीफिंग और रोल क्लैरिटी तय कर ली गई थी। शहरभर में 27,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। छोटी से छोटी घटना पर भी जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई। आचार संहिता के दौरान नाइट आउट, नियमित चेकिंग और सख्त निगरानी की गई, जिसके चलते 12 लाख रुपये की अवैध शराब, 44 करोड़ रुपये के ड्रग्स और 3 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी जब्त की गई। यह मुंबई पुलिस का टीम वर्क था, जिसकी वजह से चुनाव के दौरान कोई बड़ी या गंभीर स्थिति पैदा नहीं हुई।

■ शहरभर में कुल 3 FIR के साथ ही कुछ छिटपुट घटनाएं हुईं
■ शहरभर में 27,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए

'भाषावाद की राजनीति करने वालों को जनता का सबक'

CM फडणवीस और DCM शिंदे ने मारी बाज़ी

Rajkumar.Singh@Timesofindia.com

■ मुंबई : महाराष्ट्र में भाषावाद और प्रांतवाद की सियासत करने वालों को वोटरों ने उनकी जगह दिखा दी है, जबकि विकास की राजनीति करने वाले दलों को सिर-आंखों पर लिया है। चुनाव-प्रचार के दौरान ठाकरे बंधुओं ने भाषावाद-प्रांतवाद के साथ-साथ गैर मराठियों को टारगेट किया, जो वोटरों को रास नहीं आया। चुनाव में राज ठाकरे की मनसे से ज्यादा जनता ने ओवैसी की एमआईएमआईएम को पसंद किया। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस कहते हैं कि लोगों ने विकास की बात करने वालों को वोट दिया।

राज्य की 29 महानगरपालिका की कुल 2869 सीटों पर चुनाव हुए। सबसे ज्यादा 1426 सीटों पर बीजेपी ने जीत हासिल की। वहीं, दूसरे नंबर पर शिंदे सेना रही, जिसने 399 सीटों पर जीत हासिल की। महाविकास आघाडी का साथ छोड़ने वाली कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही, उसे 324 सीटों पर जीत मिली। चौथे नंबर पर अजित पवार की एनसीपी रही, जिसने 166 सीटों पर जीत दर्ज की। चौथे नंबर पर उनके चाचा शरद पवार की एनसीपी रही, जिसने 154 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं, हिंदी विरोधी, भाषावाद और प्रांतवाद की बात करने वाले उद्धव ठाकरे 5वें नंबर पर जा पहुंचे, उन्हें 154 सीटें मिली हैं। चुनाव में सबसे खराब स्थिति राज ठाकरे की मनसे की रही, जिसे ओवैसी की पार्टी एमआईएम ने भी पछाड़ दिया है। एमआईएमआईएम ने 115 सीटें जीतीं, जबकि राज ठाकरे की पार्टी मनसे को महज 13 सीटें ही मिलीं।

जनता दे दिया करारा जवाब

चुनाव-प्रचार के दौरान ठाकरे बंधुओं के आरोपों का जवाब मुख्यमंत्री फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने उन्हीं की भाषा में दिया, जो लोगों को पसंद भी आया। ठाकरे बंधुओं का प्रचार-प्रसार मराठी मानुस, हिंदी विरोध, गैर मराठियों की आलोचना तक सीमित रहा। सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप का मामला यदा-कदा ही उठाया। डीसीएम शिंदे और सीएम फडणवीस पर व्यक्तिगत आरोप लगाए, जिसका सीएम फडणवीस और उपमुख्यमंत्री शिंदे ने उन्हीं की शैली में जवाब दिया। ठाकरे परिवार का चुनाव-प्रचार बेहद निराश करने वाला रहा। इसका असर उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं पर पड़ा।

मुंबई ने भी नकारा

मुंबई महानगरपालिका के चुनाव में भले ही उद्धव ठाकरे की पार्टी ने 65 सीटों पर जीत दर्ज की, लेकिन उन्हें महज 13.13% ही वोट मिले। पिछले चुनाव से 19 सीटें ठाकरे को कम मिली हैं। दूसरी ओर, राज ठाकरे की मनसे 6 के आंकड़े को पार नहीं कर सकी। पिछली बार भी मनसे के 6 नगरसेवक ही चुनाव जीतकर आए थे और इस बार भी 6 ही जीते हैं। मनसे को 1.37% वोट मिले हैं। वहीं, मनसे से ज्यादा नगरसेवक एमआईएमआईएम के चुनकर आए हैं। एमआईएमआईएम के 8 नगरसेवक चुनकर आए हैं और उन्हें 1.25% वोट मिले हैं।

सपा के झगड़े का AIMIM को लाभ

समाजवादी पार्टी में आपसी विवाद का असर चुनाव परिणामों पर दिखा। पार्टी में अबू आजमी और रईस शेख 2 ही विधायक हैं और दोनों विधायकों के बीच रिश्ते बेहतर नहीं हैं। इनके आपसी झगड़े का फायदा ओवैसी की पार्टी एमआईएमआईएम को मिला और एमआईएमआईएम को मुंबई में पैर पसारने का मौका मिल गया। दरअसल, समाजवादी पार्टी के सभी नगरसेवक मुस्लिम बस्तियों से चुनाव आते हैं। इस बार वहां के लोगों ने सपा को नकार दिया और ओवैसी को पसंद किया।

AIMIM से विजय उबाले की जीत बनी चर्चा का विषय

Akhilesh.Tiwari@Timesofindia.com

■ मुंबई : ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) से एक हिंदू चेहरे का चुनाव जीतना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विजय उबाले ने प्रभाग क्रमांक-140 से 16 प्रत्याशियों को हराते हुए 4945 मतों के साथ जीत दर्ज की है। इस प्रभाग में कुल 25,950 वोट पड़े, जिसमें 20% वोट उबाले को मिला। हालांकि, इस प्रभाग में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 50% से अधिक है।



बता दें कि विजय उबाले ने सोमैया कॉलेज से बीएससी की पढ़ाई की है और वह पेशे से एक शिक्षक हैं और ट्यूशन क्लासेस भी लेते हैं। इसलिए उनकी चर्चा बच्चों और अभिभावकों के जरिए दूर-दूर तक है। प्रभाग-140 के AIMIM अध्यक्ष दिलशाद अंसारी का कहना है कि इस प्रभाग में हिन्दू और मुस्लिम मतदाताओं का अनुपात लगभग बराबर का है। सूत्रों की मानें तो विजय उबाले जब एफिडेविट बनवाने के लिए गए थे, तब उनके पास एडवोकेट की फीस देने के लिए 3,000 रुपये भी नहीं थे, जिससे उन्होंने एडवोकेट से उधारी में काम करवाया। यह घटना उनके सादगीपूर्ण और लो-प्रोफाइल व्यक्तित्व को दर्शाती है।

ओवैसी की रैली से मिला संबल : एमआईएम कार्यकर्ताओं का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले हुई पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की रैली जीत का अहम कारण बनी। रैली में 50 हजार से अधिक लोगों की भीड़ जुटी थी, जिसने खासतौर पर युवाओं में जोश भर दिया।

BJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता शुक्ल ने TMC पर लगाए गंभीर आरोप

बोले- बांग्लादेशियों की घुसपैठ में TMC करती है मदद

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के लिए पुलिस ने मुहिम छेड़ रखी है। सवाल उठाए जा रहे हैं कि आखिर ये मुंबई में आते कैसे हैं। इस पर बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी के लोग ही बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों के दस्तावेज बनवाते हैं और इसके एवज में वे मोटी रकम लेते हैं।

शनिवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य प्रवक्ता शुक्ल ने कहा, मुंबई में बांग्लादेशी और रोहिंग्या मुसलमानों की जड़ पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों की मदद के लिए ही ममता की सरकार केंद्र सरकार द्वारा सीमा पर फेंसिंग के लिए बारंबार मांग के बावजूद 72 क्लस्टर सीमा सुरक्षा बल के हवाले नहीं कर रही है। उनकी पार्टी के लोग ही वहीं से घुसपैठ कराते हैं और उसके बदले में टीएमसी के नेता मोटे पैसे लेकर दस्तावेज बनवाते हैं।

बूथ लेवल ऑफिसर ने की आत्महत्या

राष्ट्रीय प्रवक्ता शुक्ल ने कहा, बंगाल के जादवपुर विधानसभा क्षेत्र में बूथ क्रमांक-110 के बूथ लेवल ऑफिसर अशोक दास को टीएमसी नेता अनन्या बनर्जी और राजू विश्वास ने मतदाता सूची से घुसपैठियों के नाम न काटने के लिए धमकाया। न केवल अशोक दास को जान से मारने की धमकी दी, बल्कि उनके परिजनों को भी देख लेने की धमकी दी। आए दिन की धमकियों और उत्पीड़न से तंग आकर अशोक दास ने आत्महत्या कर ली।

कांग्रेस के जगताप ने गायकवाड से मांगा इस्तीफा, मिला नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस में आरोपों का दौर शुरू हो गया है। पूर्व मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष और विधान परिषद सदस्य भाई जगताप ने बीएमसी में हार के बाद मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड का इस्तीफा मांगा। भाई जगताप के बयान को पार्टी ने अनुशासनहीनता मानते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जवाब देने के लिए उन्हें 7 दिन का वक्त दिया गया है। कांग्रेस एक तरफ जहां भाई जगताप के खिलाफ ऐक्शन लेने की तैयारी कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ आम कार्यकर्ताओं ने मुंबई इंचार्ज यूबी वेंकटेश के खिलाफ बगावत का झंडा उठा लिया है। कार्यकर्ताओं ने सनसनीखेज आरोप लगाया है कि वेंकटेश ने प्रभाग नंबर-3 में जिद कर अपने करीबी को उम्मीदवारी दिलाई और पार्टी ने उन्हें उम्मीदवारी दे दी, लेकिन यूबी वेंकटेश के उम्मीदवार की जमानत जब्त हो गई।

मालाबार में BJP पांचों सीटें जीती

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : दक्षिण मुंबई में मालाबार हिल विधानसभा में बीजेपी ने सभी पांचों सीटों पर जीत दर्ज की। स्थानीय विधायक व कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा, यह जनता की सेवा का प्रमाण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में विकास की रफ्तार से चल रहे डबल इंजन को अब तीसरे इंजन का भी साथ मिलेगा। अब मुंबई के विकास को और अधिक गति मिलेगी।

एस्ट्रोन्यूमरो मिरर

■ **प्रश्न : कुंडली में शुभ ग्रह होते हुए भी जीवन में संघर्ष क्यों बना रहता है?**
- सुनीता वर्मा

उत्तर : शुभ ग्रह होना वर्षा के बादलों जैसा है, पर खेत जोते बिना फसल नहीं उगती। कुंडली संभावनाओं का बीजपत्र है, परिणामों की तैयार फसल नहीं। यदि कर्म शिथिल हों, और आत्मबल सोया रहे तो उत्तम स्थिति का बृहस्पति भी मौन हो जाता है और शुक्र भी अपनी मुस्कान भीतर समेट लेता है।

■ **प्रश्न : क्या राहु और केतु सच में जीवन को उलट पलट कर देते हैं?**
- अनिल कुमार

उत्तर : राहु और केतु जीवन के वे अध्याय हैं, जहां आत्मा को भ्रम के आईनों से होकर गुजरना पड़ता है। राहु भ्रम रचता है, ताकि सत्य की तलाश जन्म ले सके। केतु विरक्ति देता है, ताकि चेतना भीतर की यात्रा करे। जो इन्हें संकट मानते हैं, वे बिखर जाते हैं। जो इन्हें मार्गदर्शन की तरह स्वीकार करते हैं, वे रूपांतरित हो जाते हैं।

■ **प्रश्न: मैं राजनीति में हूं। जनाधार कम न हो, इसके लिए कुंडली के किस भाव को सशक्त करना चाहिए।**
- अमित त्रिपाठी

उत्तर: सद्गुरुश्री कहते हैं कि राजनीति में जनसमर्थन, अनुयायियों की संख्या और प्रभाव क्षेत्र का मूल्यांकन कुंडली के तृतीय भाव से किया जाता है। इस भाव को पराक्रम भाव कहा गया है। तृतीय भाव व्यक्ति के साहस, संवाद क्षमता, प्रभाव, रसूख, धैर्य, नेतृत्व कौशल और सामाजिक सक्रियता को दर्शाता है। राजनीतिक जीवन में जनता से सीधा संपर्क और समर्थकों की निरंतरता इसी भाव की मजबूती पर निर्भर करती है। इसी भाव से छोटे भाई बहनों का विचार, हाथ और कंधों की शक्ति, फेफड़ों की स्थिति, श्रवण क्षमता तथा कंठ से संबंधित विषयों का भी आकलन किया जाता है।

सद्गुरुश्री दयाल
(डॉ. स्वामी अनंतजी)
(आध्यात्मिक गुरु एवं ज्योतिषीय चिंतक)

इसे भी आजमाएं

■ यदि अवसाद, आत्मविश्वास की कमी, बार बार गलत निर्णय, भूख में कमी, श्वास संबंधी परेशानी, निरंतर सुस्ती या मानसिक निराशा बनी रहती हो, तो नारंगी रंग का अधिक से अधिक प्रयोग लाभकारी माना जाता है। यह रंग ऊर्जा, उत्साह और मानसिक सक्रियता को बढ़ाने में सहायक होता है।

बात पते की

कुंडली का तृतीय भाव : आत्मबल और पुरुषार्थ की अंतर्यात्रा

कुंडली का तृतीय भाव मनुष्य के भीतर छिपे साहस, संकल्प और आत्मविश्वास का कोमल लेकिन बेहद शक्तिशाली केंद्र है। यहीं से भय भी पनपता है और यहीं से पराक्रम का भी उदित होता है। संवाद की क्षमता लेखन की प्रवृत्ति छोटे भाई बहनों से संबंध, यात्राएं कौशल और दैनिक संघर्षों से जूझने की ताकत इसी भाव में बसती है। यह पुरुषार्थ का भाव है। इस भाव में सूर्य आत्मगौरव और नेतृत्व की अग्नि जलाता है। व्यक्ति निर्भीक होता है, पर वाणी में कठोरता आ सकती है। चंद्र यहां भावनात्मक साहस देता है, मन कल्पनाशील होता है और शब्दों में संवेदना महकती है। मंगल यहां सर्वाधिक शक्तिशाली माना गया है, यह अदम्य साहस, युद्धशीलता, कर्मठता और उग्रता भी देता है। बुध संवाद को धार प्रदान करता है, व्यक्ति शब्दों से संसार जीतना जानता है। गुरु नैतिक बल और उच्च विचारों का संचार, विचारों में विस्तार करता है। शुक्र कला प्रेम और सौंदर्य से साहस के आलाप में कोमल स्वर लगाता है। शनि संघर्षों को लंबा करता है पर आत्मबल को अडिग बनाता है। राहु असामान्य साहस और विद्रोही सोच का कारक है, जबकि केतु भीतर की निडर शांति और मौन शक्ति का बोध कराता है। तृतीय भाव मनुष्य के भीतर उस दीपक की तरह है, जो अंधकार में भी स्वयं जलकर राह दिखाता है।

नोट: अगर, आपकी कोई समस्या है, तो आप अपनी जन्म तारीख, जन्म समय और जन्म स्थान के साथ अपना सवाल nbtmumbai@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। Subject- NBT Astro Numero जरूर लिखें। चुनिंदा सवालों के जवाब छापेंगे।

BMC चुनाव प्रक्रिया में NSS के स्वयंसेवकों की सराहनीय भूमिका

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव के दौरान NSS स्टूडेंट्स ने पुलिस मित्र के तौर पर बेहतरीन काम किया। पोलिंग बूथों पर मतदाताओं की मदद की। बीमार व लाचार मतदाताओं को व्हील चेयर पर बिठाकर उन्हें वोटिंग करने में सहायता की। कांदिवली के ठाकुर श्याम नारायण डिग्री कॉलेज की एनएसएस यूनिट बी-62 के स्वयंसेवकों ने लोकतंत्र के इस उत्सव में सक्रिय रूप से भाग लेकर चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने में अहम योगदान दिया।

■ 03 हजार से अधिक NSS के स्टूडेंट्स चुनाव प्रक्रिया में तत्परता से लगे रहे
■ बीमार और लाचार मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक लाने में की मदद

50 एनएसएस स्वयंसेवकों की तैनाती विभिन्न मतदान केंद्रों पर की गई थी। मालाड में उत्कर्ष मंदिर विद्यालय मतदान केंद्र पर हर्षद नितिन और उत्कृष्ट जैसे एनएसएस के स्वयंसेवक मतदान केंद्रों पर कागजी कार्रवाई और दस्तावेजीकरण में सहयोग करते नजर आए। मतदाताओं को सही जानकारी देकर मार्गदर्शन उनका किया तथा वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सहायता प्रदान की। चुनाव अधिकारियों ने भी स्वयंसेवकों के योगदान की सराहना की। विभिन्न केंद्रों पर एनएसएस के 3 हजार से अधिक स्टूडेंट्स इस कार्य में लगे हुए थे।

AB फॉर्म चोरी करने की आरोपी BJP से जीती

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ शिल्पा केलुस्कर को BJP में लिए जाने पर असमंजस
■ BJP ने खुद ही दर्ज कराई थी केलुस्कर के खिलाफ FIR

■ मुंबई : बीजेपी के एबी फॉर्म चोरी की आरोपी शिल्पा केलुस्कर बीएमसी चुनाव जीत गई हैं। शिल्पा की जीत के बाद बीजेपी के सामने अब एक असहज स्थिति पैदा हो गई है। जिस उम्मीदवार पर चुनाव के दौरान एबी फॉर्म चोरी कर नामांकन भरने का आरोप लगा और खुद पार्टी की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई, उसी शिल्पा ने जीत हासिल कर ली है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि क्या भाजपा अब यह एफआईआर वापस लेगी और शिल्पा केलुस्कर के खिलाफ दर्ज मामला रद्द करवाने की पहल करेगी, या फिर कानूनी प्रक्रिया अपने रास्ते पर ही चलेगी?

प्रभाग क्रमांक-173 से शिल्पा केलुस्कर ने शिवसेना (UBT) के गढ़ में सेंध लगाते हुए जीत दर्ज की। यह पहला मौका है, जब इस प्रभाग में बीजेपी ने जीत दर्ज की है। दरअसल, बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच सीट बंटवारे के बाद तय हुआ था कि प्रभाग- 173 से शिंदे गुट की पूजा कांबले उम्मीदवार होंगी। इसके बाद शिल्पा केलुस्कर को एबी फॉर्म लौटाने के निर्देश दिए गए थे। पार्टी का दावा है कि फॉर्म कार्यालय में जमा भी कर दिया गया था, लेकिन बाद में वही फॉर्म चुनाव अधिकारी के पास जमा होने की जानकारी सामने आई, जिससे विवाद खड़ा हो गया।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज सायं 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। राज्य से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। नैतिक विकास का योग अच्छा है। सायंकाल 7 बजकर 30 मिनट पर चंद्रमा मकर राशि में प्रवेश करेगा, इसके फलस्वरूप मंगलोत्सवों में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन को सुकून मिलेगा। कानूनी विवाद में सफलता, स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में हर्ष मंगलमय परिवर्तन व मनोवांछित सिद्धि होगी।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्टिक काम को पूरा करने में आप अपना दिन बिता सकते हैं। जो काम आपको सबसे ज्यादा प्रिय है, आज वही करने को मिलेगा। नई योजनाएं भी दिमाग में आएंगी, आगे से सीनियर का सहयोग पाने का प्रयास करें।

CANCER 22 Jun - 22 July
आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है। अधूरे काम भी निपट जाएंगे, महत्वपूर्ण चर्चा होगी। ऑफिस में आपके विचारों के मुताबिक माहौल बन जाएगा और आपके साथी भी आपका सहयोग करेंगे। निवेश के मामले में आज के दिन जोखिम उठाएंगे, तो आगे चलकर भरपूर लाभ मिलेगा।

LEO 23 July - 22 Aug
आज का दिन वैसे तो काफी उथल पुथल वाला है, लेकिन धर्म-अध्यात्म के मामले में पढ़ाई-लिखाई के लिए थोड़ा समय निकाल लेना ही अच्छा होगा। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे। रात्रि का समय मंगलमय कार्यों में व्यतीत होगा।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज के दिन आपको वाणी व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें। आसपास के लोगों से टकराव की नौबत न आए इस बात का ध्यान रखें। किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्मविश्वास के साथ कार्य करें। रात्रि के समय स्थिति में और भी सुधार होगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रोजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन-जायदाद के मामले में परिवार और आसपास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे। कार्यालय में भी आपके अनुकूल वातावरण बनेगा तथा आपके साथी आपका सहयोग करेंगे।

SCORPIO 19 Oct - 21 Nov
अधिक दृष्टि के हिसाब से आज का दिन काफी शुभ है। निश्चय धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए कार्यशील रहें। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता का आनंद उठाएं। नौकरी या व्यापार में कुछ नवीनता ला सकें तो आगे चलकर लाभ होगा। साथ ही आपके काम में भी नई जान आएगी।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। निवेश के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठाएंगे तो बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के कामों से परे कुछ नए कामों में हाथ आजमाएं। किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। माता-पिता की सलाह जरूर मानें।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचाएगा। रोजमर्रा के कामों को निपटाने का आज सुनहरा मौका है। हो सकता है आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। कई प्रकार के काम एक साथ हाथ में आने से व्यस्तता बढ़ सकती है।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतने का है। मौसम परिवर्तन से सेहत संबंधी कष्ट हो सकते हैं। खान-पान में लापरवाही बिल्कुल न करें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोच-समझ कर करें।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज का दिन लाभकारक है। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग करके आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक आस रही है। किसी सकारात्मक व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

वर्ष के स्वामी सूर्य और मंगल ग्रह बने हैं। राशि से दूसरे खाते पर में सूर्य, बुध, शुक्र का चतुर्ग्रही योग जनवरी के शेष दिनों में आपको कुछ बड़े खतरे व जोखिम उठाने पड़ सकते हैं। हालांकि आने वाली परेशानियां अस्थायी रहेंगी और समय के साथ स्थिति में सुधार होता चला जाएगा। फरवरी-मार्च में किसी राजकीय विवाद का भी अंत हो जाएगा। इस दौरान कानूनी विवाद में आपकी विजय होगी। अप्रैल के मध्य में कई प्रकार की समस्याएं उठकर अपने आप ही समाप्त हो जाएंगी। मई-जून में आपको अपने व्यवसाय को लेकर कुछ कष्ट उठाने होंगे। जुलाई में परिवार के मामले हल हो सकते हैं। अगस्त-सितंबर में मित्रों की सहायता से कामकाज में मामूली लाभ होगी। अक्टूबर-नवंबर में किसी पर्यटन यात्रा का आनंद उठाएंगे। दिसंबर के मध्य तक किसी नए कार्यक्षेत्र की योजनाएं बनेंगी। महिलाओं के लिए वर्ष जीवन स्तर को बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। घर-परिवार के सदस्यों की आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे। त्रिग्रही योग की शांति के लिए श्री मृत संजीवनी जाप सवा लक्ष कराएं। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(सोमवार, 19 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 30, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, प्रतिपदा, सोमवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 6, रजब 28, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 19 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजे तक। प्रतिपदा तिथि अर्धरात्रोत्तर 2 बजकर 14 मिनट तक उपरांत द्वितीया तिथि का आरंभ। उत्तराषाढ़ नक्षत्र पूर्वाह्न 11 बजकर 52 मिनट तक उपरांत श्रवण नक्षत्र का आरंभ। वज्र योग रात्रि 8 बजकर 45 मिनट तक उपरांत सिद्धि योग का आरंभ। किंस्तुघ्न करण दिन के 1 बजकर 5 मिनट तक उपरांत बालव करण का आरंभ। चंद्रमा दिन-रात मकर राशि पर संचार करेगा।

आज के व्रत और त्योहार

मौनी अमावस्या तीर्थ स्नान महात्म्य।

सुडोकू

		2	5				3	
			4		7			8
		3		6			1	
	5							4
2	1	4				6	9	3
6							2	
	2			5		7		
1			7		9			
	4				1	3		

TELEVISION



big magic

09:00	बब्लू डब्लू	13:30	भ से भड़े
10:00	[illegible]	14:00	चक्रधारी अजेय कृष्ण
11:00	रुद्र के रक्षक	15:00	लिटिल कृष्णा
12:00	चक्रधारी अजेय कृष्ण	17:00	बब्लू डब्लू
12:30	हम पांच	19:00	चक्रधारी अजेय कृष्ण
13:00	रुद्र के रक्षक		

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-17-2026 23:03 Color:

महानगर › मुंबई › रविवार, 18 जनवरी 2026 › पौष 29 शक संवत 1947, माघ कृष्ण अमावस्या, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 18, संख्या 03 › मूल्य ₹6.00 › पेज 12 › आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 27562 www.nbt.in

भारत vs न्यूज़ीलैंड
तीसरा ODI आज
1:30pm से, इंदौर में
टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
▸p7

NBT संडे नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

ऑस्ट्रेलियन ओपन आज से; अल्काराज, सिनर पर निगाहें
▸p7



खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 2, 7

अंतर्ज्ञान

जीवन वहीं होता है, जहां आपकी ऊर्जा बह रही होती है। अगर ऊर्जा चिंताओं में है, तो जीवन डर में बदल जाएगा। अगर ऊर्जा विकास में है, तो जीवन सुंदर बन जाएगा। हर दिन खुद से पूछें, 'आज मेरी ऊर्जा किस दिशा में बही?' जहां ऊर्जा जाती है, वहीं जीवन बढ़ता है। नकारात्मकता ऊर्जा चुरा लेती है, जबकि उद्देश्य उसे लौटाता है। अपना ध्यान अपने जीवन की सबसे बड़ी शक्ति समझें और उसे सही दिशा दें। ऊर्जा को बचाना भी एक तप है। व्यर्थ बातों, रिश्तों, आदतों में न बहाकर उसे अपने विकास में लगाना ही आत्मशुद्धि है। आपकी ऊर्जा ही आपकी नियति का नक्शा बनाती है। इसलिए हर पल अत्यंत सतर्क होकर ऊर्जा खर्च करें।

महापौर पर 'मच-मच'

हॉर्स ट्रेडिंग का ख़तरा, शिंदे ने नगरसेवकों को होटल में ठहराया | पार्टी के प्रति वफादारी वाले पत्र पर करवाए जाएंगे साइन: सूत्र

■ राजकुमार सिंह/ बृजेश त्रिपाठी

मुंबई : बीएमसी चुनाव परिणाम आने के बाद मुंबई का मेयर किस पार्टी का बनेगा, इसको लेकर राजनीति तेज हो गई है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रलोभन दिए जाने के डर से अपने सभी 29 नगरसेवकों को रातोंरात बांद्रा के एक फाइव स्टार होटल में शिफ्ट कर दिया। शिंदे शनिवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में भी नहीं पहुंचे।

कैबिनेट की बैठक में भी नहीं पहुंचे DCM शिंदे

उधर, शिंदे सेना के नवनिर्वाचित नगरसेवक अमेय घोले ने कहा कि प्रशिक्षण के लिए नगरसेवकों को होटल में ठहराया गया है। वहीं एक अन्य नेता ने बताया कि सभी नगरसेवक 3 से 4 दिनों तक होटल में ही रहेंगे। उनसे एक पेपर पर पार्टी के प्रति वफादारी को लेकर साइन करवाए जाएंगे। महिला नगरसेवकों को उनके पतियों के साथ ठहराया है। हम मेयर पद का बंटवारा ढाई-ढाई साल के लिए चाहते हैं। भले ही हमारी सीटें कम आई हैं, लेकिन हम निर्णायक भूमिका में हैं।

मैं और शिंदे तय करेंगे मेयर : फडणवीस

शिंदे सेना के मेयर की मांग पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि वे एकनाथ शिंदे और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर निर्णय लेंगे। नगरसेवकों को होटल में ठहराने की खबरों को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि कहीं कोई मतभेद नहीं है, सभी निर्णय मिल-बैठकर लिए जाएंगे। मेयर पद को लेकर जारी खींचतान के बीच मुख्यमंत्री स्विट्जरलैंड के दावोस के लिए रवाना हो गए। वे 23 जनवरी तक दावोस में रहेंगे। उनके साथ शिंदे के करीबी और उद्योग मंत्री उदय सामंत भी दावोस गए हैं। इसलिए माना जा रहा है कि फडणवीस के दावोस से लौटने के बाद ही मेयर का मुद्दा सुलझेगा। ▸▸पेज 3

UBT बोली, जैसी करनी, वैसी भरनी

शिंदे सेना के नवनिर्वाचित नगरसेवकों को होटल में शिफ्ट करने पर उद्धव सेना के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि जैसी करनी, वैसी भरनी वाली कहावत याद आ रही है। शिंदे ने दूसरे की पार्टी तोड़कर सत्ता हथियाई, अब वही खेल उनके साथ होने वाला है। शिंदे के इस कदम से साबित होता है कि बीजेपी के साथ सरकार में रहने के बावजूद उनका बीजेपी पर भरोसा नहीं है।

उधर, राजनीतिक जानकारों का कहना है कि बीजेपी को बीएमसी में अपना मेयर बनाने के लिए हर हाल में शिंदे की मदद लेनी पड़ेगी। बीजेपी के ट्रैक रिकॉर्ड को देखते हुए शिंदे सेफ गेम खेल रहे हैं। बीएमसी में सत्ता के गठन तक शिंदे नगरसेवकों पर नजर रखेंगे। शिंदे सेना के एक नेता कहा कि बिहार में कम सीटों के बावजूद नीतीश कुमार दशकों से सीएम हैं, तो मुंबई में मेयर का पद शिवसेना को क्यों नहीं मिल सकता।

NBT ने किया पहली यात्रा का रिव्यू

न शोर, न झटके...ऐसा रहा पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का सफर

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

NBT संडे स्पेशल

■ **पश्चिम बंगाल :** पीएम नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस ट्रेन से NBT ने भी सफर किया। मालदा से गुवाहाटी तक के इस सफर में हमने इस नई ट्रेन में कई खास चीजें महसूस की और जाना कि यह कैसे राजधानी जैसी बाकी प्रीमियम ट्रेनों से अलग है।

करीब 700 किलोमीटर के इस सफर में ट्रेन में हल्के-फुल्के झटके का अहसास हुआ, लेकिन ये तेज नहीं थे। साफ-सफाई बहुत अच्छी मिली, यह अभी इसलिए भी हो सकती है, क्योंकि ट्रेन का पहला रन था। टॉयलेट भी साफ-सुथरे मिले, जिनमें अंत तक पानी खत्म नहीं हुआ। ट्रेन के टर्न लेने, रुकने और फिर चलने के दौरान कोई जर्क नहीं। ट्रेन में अगले स्टेशन, स्पीड और अन्य जानकारियां दी जा रही थीं। जो सुनी भी एकदम साफ जा रही थी। यात्रियों को जो कंबल दिया गया, उसमें खास ऊन वाली भेड़ के शरीर से काटी गई पहली बार की ऊन का इस्तेमाल किया गया है।

पीएम मोदी ने मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाई।

ट्रेन में नीचे और ऊपर बर्थ वालों को कॉर्नर में AC विंडो दी गई है

- यात्री अपने हिसाब से टेंपरेचर अधिक-कम कर सकते हैं
- फर्स्ट क्लास कूपे में अपर बर्थ पर चढ़ने के लिए सीढ़ियां हैं
- सेकंड और थर्ड AC में भी अपर बर्थ पर चढ़ने के लिए बेहतरीन इंतजाम

'Gen-Z को BJP के विकास पर भरोसा'

पीएम ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के मालदा में रैली की। उन्होंने BMC और तिरुवनंतपुरम निकाय चुनावों में BJP की जीत का जिक्र करते हुए कहा कि Gen-Z उनकी पार्टी के विकास मॉडल पर भरोसा कर रही है। उन्होंने घुसपैठ को पश्चिम बंगाल के सामने बड़ी चुनौती बताया। पीएम ने असम में 4 किमी का रोडशो भी किया।

फटाफट खबरें

26 से WR पर 12 और AC लोकल

वेस्टर्न रेलवे (WR) 26 जनवरी से 12 नई एसी लोकल ट्रेनें शुरू कर रहा है। इससे इस रूट पर एसी लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़कर 121 हो जाएगी। ये ट्रेनें 12 सामान्य लोकल ट्रेनों को कम करके शुरू की जाएंगी। 12 और एसी लोकल ट्रेनों में से 6 ट्रेनें अप दिशा में और 6 ट्रेनें डाउन दिशा में चलाई जाएंगी।

वर्ल्ड कप: बांग्लादेश से भी नो हैंडशेक

भारत और बांग्लादेश के बीच तनावपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का असर क्रिकेट मैदान पर भी देखने को मिला। शनिवार को खेले गए ICC अंडर-19 वर्ल्ड कप के ग्रुप-ए मुकाबले से पहले टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने परंपरागत हैंडशेक नहीं किया। भारत की तरफ से अभिज्ञान कुंडु ने 112 गेंद में 4 चौकों और 3 छक्कों के साथ 80 रन बनाए। भारत ने DLS से 18 रनों से मैच जीत लिया। ▸▸पेज 7

बदरीनाथ में सिंहद्वार से आगे मोबाइल बैन

धार्मिक स्थलों पर रील और ब्लॉग बनाने के दौरान हो रहे विवादों को देखते हुए बदरीनाथ धाम में अब सिंहद्वार से आगे मोबाइल ले जाने पर गढ़वाल आयुक्त ने रोक लगा दी है। ऋषिकेश ट्रांजिट कैंप में आयोजित चारधाम यात्रा की तैयारी बैठक में गढ़वाल आयुक्त ने चमोली जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि मोबाइल जमा करने के लिए व्यवस्था बनाएं।

मौसम

कोलाबा	29.7	20.8
सांताक्रूज	30.0	19.2
सूर्यास्त रविवार		6:23 बजे
सूर्योदय सोमवार		7:15 बजे

65,000 कदमों की थाप से आज गूंजेगी मुंबई

मुंबई मैराथन के विनर्स को मिलेगी 3.54 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई मैराथन में रविवार को यानी आज 65 हजार से अधिक धावक हिस्सा ले रहे हैं। यह धावक फिटनेस और रनिंग के प्रति अपने जुनून को प्रदर्शित करेंगे। इस गोल्ड लेबल इंटरनैशनल रेस की कुल पुरस्कार राशि 3,89,524 डॉलर (3.54 करोड़ रुपये) है। इस बार 42 और 21 किलोमीटर की रेस में हिस्सा लेने वाले रनर्स को कोस्टल रोड पर दौड़ने का मौका मिलेगा। रेस के रूट में पहली बार कोस्टल रोड को शामिल किया गया है।

बता दें कि रविवार सुबह न्यूनतम तापमान करीब 17 से 18 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, जो दौड़ के लिए अनुकूल माना जाता है। तापमान 30 से 31 डिग्री तक जा सकता है, लेकिन तब तक रेस खत्म हो चुकी होगी। ▸▸पेज 2

120 लोकल ट्रेनें रहेंगी रद्द

मैराथन धावकों के लिए वेस्टर्न रेलवे और मध्य रेलवे ने क्रमशः 3 और 2 विशेष धीमी लोकल ट्रेनें भी चलाने की घोषणा की है। हालांकि, रेस फिनिश करने के बाद घर लौट रहे रनर्स को कुछ दिक्कतें हो सकती हैं, क्योंकि बोरीवली-कांदिवली सेक्शन में छठी लाइन के निर्माण कार्य के चलते 120 लोकल ट्रेनों को रद्द किया गया है।

ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

सीएसएमटी के आसपास के इलाके से लेकर मरीन ड्राइव, कोस्टल रोड और बांद्रा-वर्ली सी लिंक जैसे प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक पाबंदियां लागू रहेंगी, जिनका असर दोपहर 12.30 बजे तक रहेगा। मैराथन के रूट पर राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और बीएमसी ने चार मोबाइल वैन तैनात की हैं, ताकि पीएम 2.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म वायु प्रदूषकों का स्तर मापा जा सके।

सुबह न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है

जोगेश्वरी में लगी आग, एक की मौत

■ **NBT, रिपोर्ट, मुंबई:** जोगेश्वरी वेस्ट के ओशिवारा में शनिवार सुबह आग लगने की घटना सामने आई, जिसमें धुएं से दम घुटने के कारण 73 वर्षीय हीरू चेतलानी की मौत हो गई। यह हादसा हाई प्वाइंट होटल के पास स्थित इमारत में घटा। फायर ब्रिगेड के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 11:15 बजे सात मंजिला इमारत में आग लगने की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया कि जब फायर सुरक्षा के जवानों ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया, तो हीरू चेतलानी बेहोशी की हालत में मिलीं। उन्हें तुरंत इलाज के लिए कूपर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दौंड विस्फोट: 5 मजदूरों की मौत

■ **आईएएनएस, दौंड:** महाराष्ट्र के दौंड में 7 जनवरी को हुए गैस सिलिंडर विस्फोट मामले में मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। एक होटल में हुए इस भीषण हादसे में कुल 12 मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए थे। इनमें से 6 मजदूरों को गंभीर हालत में पुणे के ससून सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान पांच मजदूरों ने दम तोड़ दिया। दौंड पुलिस स्टेशन के पुलिस सब-इंस्पेक्टर अब्दुल बिद्री ने मृतकों के नामों की आधिकारिक पुष्टि की है।

10 दिन तक चला इलाज, 12 मजदूर हुए थे गंभीर घायल

स्वदेश वापसी | लौटे भारतीय बोले, ईरान में हालात सही नहीं हैं, भारत सरकार अपने लोगों की मदद कर रही

ईरान में तनाव के हालात के बीच लौटे भारतीय

ईरान में विरोध प्रदर्शन के बाद तनाव भरे हालात के बीच भारतीयों का एक ग्रुप लौटा है। दिल्ली के IGI इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर लौटे सभी लोग कमर्शल फ्लाइट्स से वापस आए। उनमें ज्यादातर छात्र और तीर्थयात्रा (जियारत) के लिए गए श्रद्धालु हैं। उन्होंने वहां डरावने विरोध प्रदर्शन देखे। हालात को असामान्य बताया। NBT रिपोर्टर अल्पयु सिंह ने उनसे बात की:

■ **नई दिल्ली:** ईरान में खराब अंदरूनी हालात के बीच लौटे भारतीय नागरिकों के ग्रुप में शामिल ईरान में स्टील प्लांट में काम करने वाले एक शख्स का कहना है कि वहां हालात सही नहीं हैं। भारत सरकार अपने लोगों की मदद कर रही है। एंबेसी ने ही उन्हें बताया कि कैसे वहां से निकलना है। जम्मू-कश्मीर के शब्बीर हुसैन ने बताया कि वह जियारत के लिए ईरान गए थे। उन्होंने वहां डरावने विरोध प्रदर्शन भी देखे। सरकार का कहना है ईरान में करीब 9 हजार भारतीय हैं। उनमें से चार हजार छात्र हैं।

अपने वतन लौटे लोगों ने कहा कि भारतीय एंबेसी ने उन्हें सुझाया कि कैसे ईरान से निकलना है।

फंसे नाविकों से मिलने की मांगी इजाज़त

ईरान में फंसे 16 भारतीय नाविकों को लेकर एंबेसी ने ईरान सरकार से उनसे मिलने की इजाजत मांगी है। साथ ही परिवार से बात करने की इजाजत देने की गुजारिश की है। ईरान में भारतीय एंबेसी ने बताया कि दिसंबर 2025 में जहाज को ईरानी अधिकारियों ने रोक लिया था। इस जहाज पर 16 भारतीय थे।

बता दें कि ईरानी मुद्रा रियाल के अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंचने के बाद तेहरान में पिछले साल दिसंबर में सरकार विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए थे, जो धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गए। विरोध-प्रदर्शनों और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई के चलते ईरान में 2,500 से अधिक लोगों के मारे जाने की खबरें हैं। ▸▸पेज 10

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-17-2026 23:13 Color:

उल्हासनगर मनपा के चुनावी नतीजों के बाद महापौर पद के लिए रस्साकशी तेज हो गई है। किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। -p3

वसई विरार में बहुजन विकास आघाडी की प्रतीक्षा सिंह (22) ने शिंदे गुट की कल्याणी किरण पाटील को चार हजार वोटों से हराया। -p3

157
रहा मुंबई का AQI शनिवार को, जो सेहत के लिए नुकसानदेह है।

21.0
न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया शनिवार को। दिन में गर्मी से राहत महसूस की गई।



रनिंग के लिए आज कूल-कूल रहेगा मौसम

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** रविवार सुबह मौसम सुहावना रहने की उम्मीद है, जो मुंबई मैराथन में हिस्सा लेने वाले धावकों को राहत देगा। मौसम विशेषज्ञ अथ्रेय शेट्टी ने बताया कि रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 17 से 18 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है, जो दौड़ के लिए अनुकूल माना जाता है। दिन चढ़ने के साथ तापमान में बढ़ोतरी होगी, लेकिन अधिकतम तापमान 30 से 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। यह तापमान आमतौर पर दोपहर 2–3 बजे के आसपास दर्ज किया जाता है और तब तक रेस खत्म हो चुकी होती है। इसके अलावा, रविवार को सुबह और दिन के पहले हिस्से में हल्की से मध्यम हवाएं चलने की संभावना है, जिससे मौसम और भी आरामदायक बना रहेगा। हालांकि, शहर में हल्की धुंध या हेज बना रह सकता है। राहत की बात यह है कि वातावरण में नमी कम हो गई है और हवा अपेक्षाकृत शुष्क है, जिससे रात और सुबह के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। कुल मिलाकर, रविवार को मैराथन के दौरान धावकों को अत्यधिक गर्मी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

> सुबह के समय तापमान 17 से 18 डिग्री के बीच रहने का अनुमान है

हाई फाइव का वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाने का प्रयास

मुंबई मैराथन के रूट पर 10 वर्षों से धावकों का हौसला बढ़ाते आ रहे वेलनेस एक्सपर्ट **डॉ. विरेश संघवी** अनोखा वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाकर गिनीज बुक में नाम दर्ज कराने का प्रयास करेंगे। वे आठ घंटे में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत **हाई-फाइव** देने का रेकॉर्ड बनाने का लक्ष्य लेकर उतरेंगे। डॉ. संघवी 19,000 हाई फाइव देने की मिशन की शुरुआत सुबह 5.30 बजे मरीन ड्राइव पर कोस्टल रोड एंट्री पॉइंट के पास करेंगे। डॉ. संघवी ने कहा कि यह वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाने का प्रयास उन सभी धावकों को समर्पित है, जो कभी हार नहीं मानते।

दहिसर, बोरीवली, चारकोप में महायुति का दबदबा

4 विधानसभा की 24 सीट में से केवल 1 जीती यूबीटी

Suraj.pandey@timesofindia.com

■ **मुंबई:** बीएमसी चुनाव में दहिसर, बोरीवली, मागाठाणे और चारकोप विधानसभा में उद्धव बालासाहब शिवसेना (यूबीटी) का पत्ता साफ हो गया है। यूबीटी 24 में से 17 सीट पर लड़ी और केवल 1 जीती है, जबकि मनसे 7 पर लड़ी लेकिन एक भी सीट जीत नहीं पाई। 23 सीट पर महायुती का दबदबा देखने को मिला।

दहिसर, बोरीवली और चारकोप में यूबीटी का एक भी उम्मीदवार जीत नहीं पाया। दहिसर विधान सभा में प्रभाग 1 से शिंदे सेना की रेखा यादव ने कांग्रेस की शीतल म्हात्रे को और यूबीटी की फोरम परमार को हराया। वहीं प्रभाग 2 में विनोद घोसालकर की बहू और बीजेपी की प्रत्याशी तेजस्वी घोसालकर ने यूबीटी की धनश्री कोली को हराया। प्रभाग 6 से शिंदे सेना की प्रत्याशी दीक्षा कारकर ने यूबीटी की संजना वेंगुर्लेकर को बड़े मार्जिन से हराया। प्रभाग 7 में विनोद घोसालकर ने अपने बेटे सौरभ घोसालकर को को चुनावी अखाड़े में पहली बार उतारा, लेकिन बीजेपी के गणेश खणकर ने बाजी मार ली। खणकर को 797 मतों से लीड मिली और वे जीत गए। प्रभाग 8 से बीजेपी की योगिता पाटिल कांग्रेस की रत्नप्रभा जुन्नरकर और एमएनएस की उम्मीदवार । प्रभाग 10 में बीजेपी के जितेंद्र पटेल मनसे के उम्मीदवार विजय पाटिल को हराया। मागाठाणे में बीजेपी के प्रकाश दरेकर ने यूबीटी की रौशनी गायकवाड़ को हराया, प्रभाग 4 मंगेश पांगारे ने यूबीटी के राजू मुल्ला को पराजित किया। प्रभाग 5 में संजय घाडी ने यूबीटी की सुजाता पटेकर को हराया, प्रभाग 11 में अदिति खुरसंगे ने मनसे की कविता मागे को शिकस्त दी, प्रभाग 12 में यूबीटी की सारिका झोरे ने शिंदे गुट की सुवर्णा गवस को हराया। बोरीवली विधानसभा में प्रभाग 9 से यूबीटी के संजय भोसले को बीजेपी के शिवानंद शेट्टी ने पराजित किया। प्रभाग 13 में बीजेपी की राणी द्विवेदी ने यूबीटी की आसावरी पाटिल को हराया, प्रभाग 14 में बीजेपी की सीमा शिंदे ने मनसे की पूजा माईणकर को पछाड़ा, प्रभाग 15 में जिग्ना शाह ने यूबीटी की जयश्री बंगेरा को हराया, प्रभाग 16 में बीजेपी की श्वेता कोरगावकर ने यूबीटी की स्वाति बोरकर को पराजित किया, प्रभाग 17 में बीजेपी की शिल्पा सांगोरे ने यूबीटी की अश्विनी सरफरे को हराया, प्रभाग 18 में शिंदे गुट की संध्या दोषी ने मनसे की सदिच्छा मोरे को हराया। चारकोप में प्रभाग 19 में बीजेपी की दक्षता कवठणकर ने यूबीटी की लीना गढेकर को परास्त किया, प्रभाग 20 में बीजेपी के दीपक तावड़े ने मनसे के दिनेश साल्वी को पछाड़ा, प्रभाग 21 में बीजेपी की लीना दहेकर ने मनसे की सोनाली मिश्रा को हराया, प्रभाग 22 में बीजेपी के हिमांशु पारेख ने यूबीटी के आशीष पाटिल को पराजित किया, प्रभाग 30 में बीजेपी के धवल वोरा ने यूबीटी के डॉ. दिवाकर पाटिल को हराया और प्रभाग 31 में बीजेपी की मनीषा यादव ने कांग्रेस और यूबीटी के प्रत्याशी को हराया।

सेप्टिक टैंक कर्मचारियों की मौत से जुड़ा मामला

सीवरेज में काम करने वालों को समय पर मुआवजा दे सरकार:HC

Krishna.Shukla@timesofindia.com

AI image



■ **मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को सेप्टिक टैंक और सीवरेज में काम के दौरान जान गंवाने वाले मैनुअल एस्कवैंजर (हाथ से गंदगी हटाने वाले वर्कर) के कानूनी वारिसों को समय पर मुआवजा तय करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि कानूनी रूप से स्पष्ट है कि मुआवजे की रकम का भुगतान सरकार करेगी। फिर वह उसे उस ठेकेदार से वसूलेगी, जिसने लोगों को मैनुअल एस्कवैंजर के तौर पर काम पर रखा था, इसलिए सरकार यह आश्वस्त करे कि मुआवजे का भुगतान समय पर हो।

सुनवाई के बीच देश में साल 1993 से अक्टूबर 2025 तक 1327 मैनुअल एस्कवैंजर की मौत का खुलासा हुआ है। ने मौत और पेंडिंग मुआवजे के मुद्दे पर चिंता जाहिर की। श्रमिक जनता संघ ने कोर्ट में याचिका दायर की है। जस्टिस भारती डांगरे और जस्टिस मंजूषा देशपांडे की बेंच के सामने याचिका पर सुनवाई हुई। बेंच को कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका (केडीएमसी) में यह काम करते रितिक कुरकुटे की करंट लगने से मौत की जानकारी दी गई। सीनियर ऐडवोकेट गायत्री सिंह ने बेंच को बताया कि सेप्टिक टैंक और सीवरेज की सफाई करने वाले लोगों की सेफ्टी पर ध्यान नहीं दिया जाता है।

5 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

इस पर बेंच ने सरकारी वकील से पूछा कि क्या कुरकुटे को मुआवजा दिया गया है। जवाब में सरकारी वकील ने कहा कि उन्हें इस बारे में निर्देश लेने के लिए समय दिया जाए। सरकार इस मुद्दे को अपने विरोध के तौर पर नहीं देखती। मैनुअल एस्कवैंजर के उत्थान के लिए हर संभव कदम उठाएगी। इन दलीलों के मद्देनजर बेंच ने याचिकाकर्ता के वकील को मैनुअल एस्कवैंजर से जुड़े कानून के अमल से जुड़ी व्यवहारिक दिक्कतों को दूर करने के लिए सुझाव देने के लिए कहा। 5 फरवरी 2026 को याचिका पर अगली सुनवाई रखी गई है।

कोर्ट ने समय पर मुआवजे पर क्यों दिया जोर?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

मैनुअल एस्कवैंजर के पुनर्वास के लिए सरकार ने साल 2013 में कानून बनाया था, जो उनके एम्प्लॉयमेंट पर रोक लगाता है। मुआवजे के मुद्दे और अन्य विषयों पर सरकार को निर्देश जारी किए हैं, जिनके अमल से न सिर्फ मैनुअल एस्कवैंजर के हित सुरक्षित होंगे, बल्कि उनका वेलफेयर भी प्रभावी ढंग से सुनिश्चित होगा। इसके साथ ही सेप्टिक टैंक और सीवरेज सफाई के लिए लोगों की नियुक्ति करने वाले ठेकेदारों पर मुआवजे के लिए शिकंजा कसा जा सकेगा।

मालगाड़ियां हटेंगी, लोकल दौड़ेंगी

अप्रैल तक शुरू हो जाएगा वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दादर से नवी मुंबई स्थित जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) को जोड़ने वाला वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (WDFC) अप्रैल तक पूरी तरह शुरू होने की संभावना है। इसके चालू होने से पश्चिम रेलवे की लोकल ट्रेनों की पंक्चुअलिटी में करीब 2% तक सुधार आने की उम्मीद जताई जा रही है। इससे लोकल तथा मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों को अधिक सुगम रास्ता और पर्याप्त समय मिल सकेगा।



■ **पहले:** एक ही ट्रैक लोकल + मालगाड़ी
■ **अब:** लोकल/एक्सप्रेस अलग, मालगाड़ियों के लिए अलग कॉरिडोर
■ **पंक्चुअलिटी:** 2% समय पालन में सुधार
■ **2024:** प्रोजेक्ट अंतिम चरण
■ **2025:** संचालन का ट्रायल
■ **अप्रैल 2026:** शुरू होगा

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, फिलहाल पश्चिम और मध्य रेलवे के साझा ट्रैक पर रोजाना 50 से 55 मालगाड़ियां चलती हैं। इन्हें प्राथमिकता देने के कारण उपनगरीय और लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित होता है और देरी आम हो जाती है। WDFC शुरू होने के बाद इन सभी मालगाड़ियों को समर्पित कॉरिडोर पर शिफ्ट कर दिया जाएगा, जिससे मौजूदा ट्रैक पूरी तरह पैसेंजर ट्रेनों के लिए उपलब्ध हो सकेंगे।

एक मालगाड़ी की लंबाई डेढ़ से दो मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों के बराबर होती है। ऐसे में माल और यात्री ट्रेनों के संचालन को अलग-अलग करने से ट्रैक क्षमता बढ़ेगी। इसका सीधा फायदा लोकल यात्रियों को मिलेगा ट्रेनों की समय पालन क्षमता सुधरेगी, कैंसिलेशन घटेंगे और भविष्य में अतिरिक्त मेल-एक्सप्रेस ट्रेनें चलाना संभव होगा। रेलवे नेटवर्क की दक्षता, सुरक्षा और भरोसेमंद संचालन में भी उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

शताब्दी अस्पताल में दो दिन से AC ठप, सर्जरी और ICU सेवाएं ठहरीं

AI image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** कांदिवली स्थित बीएमसी के शताब्दी अस्पताल में दो दिनों से एयर कंडीशनिंग (एसी) सेवा बाधित है। ऑपरेशन थिएटर (ओटी), नियोनेटल आईसीयू (NICU) और पीडियाट्रिक आईसीयू (PICU) में एसी बंद होने से ऑपरेशन और इलाज पर असर पड़ा है।

सूत्रों के अनुसार, एसी बंद होने की वजह से फिलहाल अधिकांश सर्जरी पूरी तरह रोक दी गई हैं। खास तौर पर ऑर्थोपेडिक ऑपरेशन थिएटर पहले से ही मरम्मत कार्य के चलते बंद है, जबकि एक अन्य ओटी में वॉशिंग और मेंटेनेंस का काम चल रहा है। अस्थायी रूप से कुछ मामलों को कैजुअल्टी के पास स्थित माइनर ओटी में किया जा रहा था, जहां केवल सीमित और छोटे ऑपरेशन ही संभव थे। हालांकि, एसी की खराबी के चलते अब वहां भी ऑपरेशन पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं।

अस्पताल प्रशासन ने केवल अत्यंत आपात स्थिति में ही हस्तक्षेप की बात कही है, लेकिन वर्तमान हालात में यह भी संभव नहीं हो पा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार अस्पतालों में एसी केवल सुविधा नहीं, बल्कि मरीजों की सुरक्षा से जुड़ी अनिवार्य आवश्यकता है। ऑपरेशन थिएटर और आईसीयू में नियंत्रित तापमान और नमी संक्रमण से बचाव, स्टरलाइजेशन बनाए रखने और मरीजों की स्थिति स्थिर रखने के लिए जरूरी होती है। एसी बंद होने से बैक्टीरिया के पनपने का खतरा बढ़ जाता है, सर्जिकल उपकरणों की स्वच्छता प्रभावित होती है और मरीजों व स्वास्थ्यकर्मियों दोनों के लिए जोखिम बढ़ जाता है।

इस संदर्भ में अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. अजय गुप्ता ने बताया कि एसी के पार्ट्स में खराबी के चलते शुक्रवार से एसी बंद था, लेकिन आज ही मरम्मत शुरू हो गई है और एसी चालू हो जाएगा।

सोसायटी को बकाया मेंटेनेंस वसूली का हक: HC



■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बॉम्बे हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि केवल समय बीतने से हाउसिंग सोसायटी के मेंटेनेंस और सेवा शुल्क वसूलने का हक बाधित नहीं होता है। कोर्ट ने यह बात दादर की एक सोसायटी को दो लोगों के लंबे समय से बकाया मेंटेनेंस की वसूली के अधिकार को प्रशस्त करते हुए साफ की है। काफी समय से मेंटेनेंस न देने वाले दो भाइयों की याचिका को खारिज कर दिया गया है।

> कोर्ट ने कहा कि समय बीतने से सोसायटी का अधिकार बाधित नहीं होता

याचिका में दोनों ने सोसायटी द्वारा शुरू की गई मेंटेनेंस वसूली की कार्यवाही को चुनौती दी थी। चार फ्लैट रखने वाले दोनों भाइयों ने 2005 से मेंटेनेंस नहीं दिया था। दोनों भाइयों ने तर्क दिया था कि वे बिना एग्रीमेंट के फ्लैट में रह रहे थे, इसलिए सोसायटी उनसे लंबे समय का बकाया मेंटेनेंस नहीं ले सकती है। क्योंकि उन्होंने बाद में अनुबंध कराया था। गौरतलब है कि सोसायटी ने साल 2023 में अथॉरिटी के पास कार्रवाई शुरू की थी। जस्टिस अमित बोरकर ने कहा कि मेंटेनेंस का भुगतान न करने से अन्य सदस्यों पर अनावश्यक बोझ बढ़ता है।

इसके मद्देनजर कानून में मेंटेनेंस वसूली के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। मेंटेनेंस रिकवरी की कोई समय-सीमा तय नहीं है। जस्टिस बोरकर ने कहा कि पंजीकृत अनुबंध के अभाव में भी जो व्यक्ति फ्लैट में रहते हैं और सोसायटी की सुविधाओं का आनंद लेते हैं, उन्हें मेंटेनेंस का भुगतान करना होगा।

मनोरंजन

STERLING CSMT : सुबह ११.१० बजे. | ग्लॅमर बांद्रा : शाम ६.३० बजे.

PVR·INOX

Maxus Cinemas | भारत | cinépolis | रसाझ | MOVIEMAX

और अन्य सिनेमाघरो में.

PARAS

PVR·INOX

cinépolis

STERLING CSMT | MUKTA A2 | मूवीटाइम | Maxus Cinemas | MOVIEMAX

PARAS

शेयर बाजार में निवेश का खेल, शेयर ट्रेडिंग में 2.91 करोड़ की ठगी

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर प्रमुख एयरलाइन में कार्यरत सीनियर कैप्टन से 2.91 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पवई पुलिस ने धोखाधड़ी, विश्वासघात और जालसाजी की धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



एयरलाइन कैप्टन से रिलेशनशिप मैनेजर ने की धोखाधड़ी

एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता पवई के हीरानंदानी इलाके में पत्नी और बेटी के साथ रहते हैं। वर्ष 2014 में एक मित्र के माध्यम से उनकी पहचान अजय पालिव नामक व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को एक प्रतिष्ठित शेयर ट्रेडिंग और निवेश फर्म का रिलेशनशिप मैनेजर बताया। आरोपी ने इक्विटी और डेरिवेटिव्स में निवेश कर अधिक मुनाफा कमाने का भरोसा दिया।

शिकायतकर्ता को ट्रेडिंग की पर्याप्त जानकारी न होने के कारण उन्होंने आरोपी को अपने डीमैट और ट्रेडिंग अकाउंट का संचालन करने की अनुमति दे दी। इसके बाद उन्होंने इक्विटी में करीब 1 लाख रुपये और डेरिवेटिव्स में लगभग 2.90 करोड़ रुपये चेक और आरटीजीएस के माध्यम से निवेश किए। आरोपी समय-समय पर फर्जी कैपिटल गेन स्टेटमेंट भेजकर मुनाफा दिखाता रहा, जिसके आधार पर शिकायतकर्ता आयकर भी भरते रहे।

साल 2023 में चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा स्टेटमेंट में गड़बड़ी पकड़े जाने पर ठगी का खुलासा हुआ। जांच में पता चला कि आरोपी ने बिना अनुमति ईमेल आईडी बदल दी थी, जिससे ओटीपी और आधिकारिक स्टेटमेंट शिकायतकर्ता तक नहीं पहुंच पा रहे थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

'मुगल-ए-आजम' का लाइव स्टेज म्यूजिकल ओरिजिनल के प्रति सच्चा

Cultural कोना

■ **मुंबई:** के. आसिफ की आइकॉनिक फिल्म मुगल-ए-आजम को एक शानदार नाटक के रूप लाइव देखना ऐसा है, जैसे फिल्म मंच में जिंदा हो गई हो। अक्सर परफॉर्मिंग आर्ट्स में सबसे बड़ी चुनौती किसी क्लासिक कहानी को फिर से पेश करना करना सबसे बड़ी चुनौती होती है, लेकिन इस म्यूजिकल ब्रॉड-वे स्टाइल प्ले को डायरेक्टर फिरोज अब्बास खान ने एक लाइव स्टेज म्यूजिकल के तौर पर फिर से इस तरह बनाया कि कहानी को आगे बढ़ाने वाले एक्टर्स के किसी भी हिस्से को अलग-अलग नहीं किया गया है।

मुंबई के नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर ग्रैंड थिएटर (NMACC) में 9 जनवरी से शुरू हुए इस प्ले को देखना एक शानदार अनुभव है। शानदार सेट को उसकी पूरी शानो-शौकत में देखना और सलीम और अनारकली को असल में देखना आंखों के लिए एक दावत सरीखा लगता है। नौशाद का क्लासिक साउंडट्रैक और शकील बदायूंनी के बोल इस एपिक प्रेम कहानी को आपके दिलो-दिमाग को पुराने दौर में ले जाता है। कलाकारों की लाइव परफॉर्मेंस इस क्लासिक कहानी में एक नई इमोशनल गहराई ला लाती है। नाटक में पूरी टीम, एक्टर, डांसर, कोरियोग्राफर, म्यूजिक डायरेक्टर और स्टेज डिजाइनर आपको कहानी से जुड़ने और कनेक्ट होने का मौका देते हैं। सबसे अच्छी बात यह है कि यह म्यूजिकल 1960 की ओरिजिनल फिल्म के प्रति पूरी तरह से वफादार है, इस हद तक कि आप हर डायलॉग और गाने पर साथ में होंठ हिला सकते हैं। प्रियंका बर्वे ने नाजुक और आकर्षक अनारकली के रूप में बहुत अच्छा काम किया है, न सिर्फ लीड किरदार की कई परतों वाली पर्सनैलिटी को निभाने में, बल्कि बर्वे के गानों की जबरदस्त लाइव परफॉर्मेंस से उसमें जान भी डाल दी है। 'प्यार किया तो डरना क्या' को गाते हुए देखना शानदार अनुभव है और मयूरी उपाध्याय की शानदार डांसर्स की टीम परफॉर्मेंस में चमक सी लाती है।

16वीं सदी की पृष्ठभूमि पर आधारित, मुगल-ए-आजम प्रिंस सलीम की कहानी है, जिसे मुगल बादशाह अकबर के दरबार में खूबसूरत आम लड़की अनारकली से प्यार हो जाता है। कहानी में टि्वस्ट तब आता है जब सलीम के पिता, अकबर, उनके रोमांस को मंजूरी नहीं देते और एक जबरदस्त इगो की लड़ाई शुरू हो जाती है।

मोहब्बत के लिए मर-मिटने वाली अनारकली, सत्ता का घमंड व बेबसी, सलीम की दीवानगी और कर्तव्य इस प्यारी कहानी की टाइमलेसनेस को दिखाता है। हां, कभी-कभी, किरदारों में इमोशनल गहराई थोड़ी कम दिखी, लेकिन यह कमी परफॉर्मेंस के बारे में नहीं बल्कि मीडियम के बारे में है। 26 जनवरी तक चलने वाले यह प्ले पूरे ढाई घंटे का है। कुल मिलाकर, मुगल-ए-आजम का लाइव स्टेज म्यूजिकल ओरिजिनल फिल्म और भारतीय क्लासिकल म्यूजिक के फैंस के लिए जरूर देखने लायक है। के आसिफ की मुगल-ए-आजम की मजबूत पकड़ से अनारकली की आत्मा को आजाद करके, डायरेक्टर फिरोज अब्बास खान ने नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया है।

प्रस्तुति: रवि रावत

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

खुली निविदा क्रमांक: GEM/2026/B/7108837

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। कार्य का नाम: हायरिंग ऑफ प्राइवेट सिक्योरिटी पर्सनल फॉर नॉन कोर एरिया (वॉच एंड वार्ड एंड सिक्योरिटी आर्म्ड) एट सी.आर.डब्ल्यू.एस./भोपाल कार्य की लागत: ₹ 1,37,14,426.10/- निविदा फॉर्म का मूल्य: शून्य धरोहर राशि/ईएमडी राशि: ₹ 2,18,600/- कार्य पूर्ण करने की अवधि: 685 दिन ऑनलाइन निविदा बंद होने का समय एवं दिनांक: 07.02.2026, 11:00 बजे तक निविदा खुलने की दिनांक एवं समय: 07.02.2026, 11.30 बजे। निविदा तथा निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाइट http://bidplus.gem.gov.in पर उपलब्ध है।

(हस्ता.)

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारीडिब्बा, निशातपुरा, प.म.रे., भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

BOMBAY GYMKHANA LIMITED

SALE OF USED GYM EQUIPMENT

SALE NOTICE

Bombay Gymkhana Ltd. invites sealed offers for the sale of 32 (Thirty-Two) pieces of used gym equipment.

Interested parties are requested to submit separate offers for each item.

Details of the equipment may be viewed on our website:
www.bombaygymkhana.com

For queries contact Custodian at
022-43223440

Inspection will be permitted at the Gymkhana premises between 2:00 PM & 6:00 PM on working days.

Sealed offers should be addressed and submitted to:
The Purchase Manager
Bombay Gymkhana Ltd.
M.G. Road, Fort, Mumbai-400 001

Last Date For Submission: 31.01.2026

Sd/-
CEO

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMMAH User: cci Time: 01-17-2026 23:19 Color:

शिवसेना नगरसेवकों के लिए होटल में ट्रेनिंग कैंप: घोले

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव में जीते शिवसेना के 29 नगरसेवकों के लिए मुंबई में विशेष ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया गया है। यह जानकारी युवा सेना के जनरल सेक्रेटरी और नगरसेवक अमेय घोले ने दी। घोले ने बताया कि यह ट्रेनिंग कैंप होटल में तीन दिनों तक चलेगा। घोले ने बताया कि इस कैंप में डिप्टी चीफ मिनिस्टर एकनाथ शिंदे नगरसेवकों को मनपा की कार्यप्रणाली, विकास योजनाओं और अगले पांच साल के रोडमैप पर मार्गदर्शन देंगे। सीनियर लीडर्स वार्ड स्तर पर काम करने के तरीके भी समझाएंगे।

उप मुख्यमंत्री शिंदे नव निर्वाचित नगरसेवकों को सिखाएंगे मनपा की कार्यप्रणाली

घोले ने कहा कि चुनाव नतीजों के अगले ही दिन नगरसेवकों ने काम शुरू कर दिया है, ताकि जनता के भरोसे पर खरा उतरा जा सके। उन्होंने बताया कि राज्यभर में शिवसेना के 397 नगरसेवक चुने गए हैं, जो एकनाथ शिंदे के नेतृत्व पर जनता के विश्वास को दर्शाता है। घोले ने यह भी कहा कि मुंबई का मेयर ग्रैंड अलायंस से होगा और इसका फैसला सीनियर लीडर्स करेंगे।

कांदिवली-बोरीवली सेक्शन पर खुशखबरी

NBT रिपोर्ट मुंबई: पश्चिम रेलवे के यात्रियों के लिए राहत की खबर है। कांदिवली-बोरीवली सेक्शन पर चल रहा छठी लाइन का काम आज खत्म हो जाएगा। इस लाइन की आज कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा सुरक्षा जांच की जाएगी। अगर जांच में लाइन ट्रेन संचालन के लिए सुरक्षित पाई जाती है, तो इस लाइन पर सर्विस शुरू की जाएगी। छठी लाइन के काम को पूरा करने के लिए पश्चिम रेलवे ने 30 दिनों का ब्लॉक लिया था। इस दौरान करीब 3204 लोकल ट्रेनें रद्द रहीं। जो लोकल चलीं, वे भी अपने तय समय से देरी से पहुंचीं। इसका सबसे ज्यादा असर पीक आवर में दिखा, जब यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आज भी 120 लोकल ट्रेनें रद्द रहेंगी।

आज छठी लाइन की होगी सुरक्षा जांच

जानकारी के अनुसार, शनिवार रात तक सेक्शन का सारा तकनीकी काम पूरा कर लिया गया था।



लाइन पर बढ़ेंगी लोकल सेवाएं

अब इस काम के खत्म होने के बाद प्रतिदिन चलने वाली लोकल सर्विस में इजाफा का अनुमान लगाया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि इस लाइन का काम पूरा होने के बाद बोरीवली आने-जाने वाली 22 सर्विस बढ़ जाएंगी, जिससे यात्रियों को काफी फायदा मिलेगा।

सिंपल मेजॉरिटी से चुना जाता है BMC का मेयर

किस दल का बनेगा मेयर, इसे लेकर अटकलें तेज

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

मुंबई : बीएमसी चुनाव खत्म हो गए हैं। अब सबकी निगाह मेयर चुनाव पर टिक गई है। 227 सीटों के लिए हुए चुनाव में बीजेपी 89 सीटें जीतने वाली सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। लेकिन मेयर किस पार्टी का बनेगा, इसको लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। बीएमसी में मेयर का चुनाव कैसे होता है, इसको लेकर लोगों में तरह-तरह की बातें हो रही हैं। संविधान के जानकारों का कहना है कि बीएमसी का मेयर सिंपल मेजॉरिटी से चुना जाता है। इसके लिए अगले सप्ताह नगर विकास विभाग मेयर पद के लिए आरक्षण की लॉटरी निकालेगा।

इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद मेयर का चुनाव होगा। मेयर पद को लेकर खींचतान के बीच उम्मीद है कि जनवरी के आखिर तक मुंबई को नया मेयर मिल सकता है।

ऐसे होता है मेयर का चुनाव: बीएमसी में मेयर पद का चुनाव होता है। इसके लिए सबसे पहले राज्य सरकार के नगर विकास विभाग द्वारा लॉटरी के जरिए यह तय किया जाता है कि मेयर का पद किस वर्ग (सामान्य, महिला, पिछड़ा वर्ग आदि) के लिए आरक्षित होगा। इसके बाद चुने हुए नगरसेवक में से मेयर पद के लिए अपना नामांकन दाखिल करते हैं। बीएमसी के चुने गए नगरसेवक एक विशेष सभा में मतदान के जरिए अपना मेयर चुनते हैं। जिस उम्मीदवार को वोट देने वाले कुल नगरसेवकों के आधे से अधिक मत मिलते है, उसे मेयर चुना जाता है।



ऐसा हो सकता है मेयर का चुनावी गणित

बीएमसी में कुल 227 सीटें है। मेयर का चुनाव बहुमत के बजाय सिंपल मेजॉरिटी से होता है। यानी वोटिंग के समय जिस उम्मीदवार को सबसे ज्यादा वोट मिलेंगे, वही मेयर चुना जाता है। बीजेपी ने सबसे अधिक 89 सीटें जीती हैं, जबकि सहयोगी शिंदे सेना ने 29 सीटें जीती है। ये दोनों मिल जाते है तो आंकड़ा 118 तक पहुंच जाता है। ऐसे में महायुति का मेयर आसानी से बन जाएगा। लेकिन यदि शिंदे सेना बीजेपी का समर्थन नहीं करती है, जिसकी संभावना कम है और अजित पवार की 3 सीटों वाली एनसीपी तटस्थ रहती है तो विपक्षी उद्धव सेना 65, कांग्रेस 24, मनसे 6, एमआईएम 8 और 2 अन्य मिलाकर इनका आंकड़ा 105 पहुंच सकता है। ऐसी स्थिति में बीजेपी को अकेले सत्ता हासिल करने के लिए 106 नगरसेवकों की जरूरत होगी। यानी 89 सीटें जीतने वाली बीजेपी को और 17 नगरसेवकों की जरूरत होगी।

यह मिलती हैं सुविधाएं

BMC के मेयर को औपचारिक रूप से सरकारी सैलरी नहीं दी जाती, बल्कि उन्हें मानदेय और भत्ता मिलता है। मेयर का बेसिक मानदेय लगभग 6,000 प्रति महीना होता है। इस रकम को केवल मानदेय के तौर पर देखा जाता है, क्योंकि यह नीचे वाली भुगतान श्रेणी में आता है। वहीं मेयर को मिलने वाले भत्ते और सुविधाएं मिला कर 50,000 से 55,000 के बीच होती हैं। इन भत्तों में ऑफिशियल मीटिंग, इवेंट और औपचारिक दौरे के लिए अलग-अलग भुगतान शामिल होता है। हालांकि मेयर को अन्य कई सरकारी सुविधाएं दी जाती हैं। इनमें सरकारी गाड़ी, ड्राइवर, स्टाफ सहयोग और आधिकारिक आवास जैसी सुविधाएं शामिल है। इसके अलावा जब वे बैठक, कार्यक्रम या अन्य आधिकारिक दौरे पर जाते है, तो उन्हें अलग से अलाउंस मिलता है। मानदेय और भत्ते निर्धारित नियमों के अनुसार ही बढ़ते है।

बीएमसी मेयर हाउस की बैठकों की अध्यक्षता करता है। वह मुंबई का प्रथम नागरिक होता है।

6 महीने तक नहीं ला सकते अविश्वास प्रस्ताव

मेयर के कई संवैधानिक अधिकार होते है। एक बार मेयर चुने जाने के बाद उसके खिलाफ 6 महीने तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता है।

एक और साल अटल सेतु पर 50 प्रतिशत तक की मिलेगी छूट

NBT रिपोर्ट, मुंबई: राज्य मंत्रिमंडल ने अटल सेतु के उपयोग पर 50 प्रतिशत टोल छूट एक और वर्ष के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी है। इससे अटल बिहारी वाजपेयी शिवड़ी-न्हावा शेवा अटल सेतु पर वाहन चालकों को बड़ी राहत मिली है। शनिवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में इलेक्ट्रिक कारों और बसों को अटल सेतु के टोल से पूरी तरह मुक्त करने के प्रस्ताव को भी अधिसूचना में शामिल करने की स्वीकृति दी गई है।

मंत्रिमंडल ने लिया निर्णय, उप मुख्यमंत्री शिंदे और अजित पवार नहीं हुए शामिल

मंत्रिमंडल के इस फैसले से ई-वाहन धारकों के साथ-साथ अन्य वाहन चालकों को भी बड़ा फायदा होगा। यह छूट 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2026 तक लागू रहेगी। इससे पहले 4 जनवरी 2024 को मंत्रिमंडल की बैठक में अटल सेतु पर 50% टोल छूट देने का निर्णय लिया था। उसी निर्णय के अनुरूप अब यह छूट 1 जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2026 तक लागू रहेगी। इसके साथ ही अटल सेतु पर विभिन्न श्रेणी के वाहनों के लिए एकतरफा (वन-वे) टोल दरें भी तय कर दी गई है। हल्के वाहनों जैसे मोटर कार, जीप, वैन को शिवड़ी से गव्हाण जाने पर 250 रुपये, शिवड़ी से शिवाजी नगर जाने पर 200 रुपये और शिवाजी नगर से गव्हाण के लिए 50 रुपये चुकाने होंगे। हल्के व्यावसायिक वाहन, हल्के माल वाहक, मिनी बस के लिए क्रमशः 400, 320 और 80 रुपये चुकाने होंगे।

मंत्रिमंडल में शिंदे और पवार नहीं

बीएमसी चुनावों के बाद हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार शामिल नहीं हुए। इस बारे में मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पवार ने पहले ही जानकारी दे दी थी कि वे मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल नहीं हो पाएंगे।

जीत के अंतर से ज्यादा नोटा को वोट

BJP कैंडिडेट 278 वोट से जीती, नोटा को 309 वोट मिले

Suraj.Pandey@timesofindia.com

AI Image

मुंबई: चारकोप विधानसभा के प्रभाग 31 में बीजेपी और कांग्रेस में कांटे की टक्कर देखने को मिली। बीजेपी की प्रत्याशी ने महज 278 वोट से बाजी मार ली। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रभाग में कुल 309 नोटा वोट पड़े हैं, जो जीत के मार्जिन से अधिक रहे।

प्रभाग 31 में बीजेपी ने 2 बार नगरसेवक रह चुके कमलेश यादव की बेटी मनीषा यादव को टिकट दिया था। इसी सीट से एक बार कमलेश यादव की पत्नी भी विजयी हुई थीं। ऐसे में इस प्रभाग को बीजेपी का माना जाता है। हालांकि इस बार कांग्रेस ने लालसिंह राजपुरोहित की पत्नी भाग्यलक्ष्मी को टिकट दिया था। दोनों ने ही जमकर प्रचार किया। मनीषा यादव की बेटी को कुल 10501 वोट मिले, जबकि भाग्यलक्ष्मी को 10223 वोट मिले। महज 278 वोट से वह हार गई। हालांकि एक तर्क यह भी है कि समाजवादी पार्टी ने चौधरी फरजाना इस्माइल को टिकट दिया, जिसे 498 वोट मिले। यदि यह वोट कांग्रेस की झोली में आते तो समीकरण कुछ और होते। वैसे दहिसर, चारकोप, बोरीवली और मागाठाणे में नोटा को काफी वोट पड़े हैं। सबसे अधिक संख्या में बोरीवली विधानसभा के प्रभाग 15 में 1122 नोटा वोट पड़े हैं। इसके प्रभाग 11 में 911, प्रभाग 18 में 891, प्रभाग में 21 में 865, प्रभाग 19 में 854, प्रभाग 6 में 751, प्रभाग 13 में 683, प्रभाग 14 में 655, प्रभाग 17 में 643, प्रभाग 16 में 632, प्रभाग 10 में 601, प्रभाग 30 में 590, प्रभाग 8 में 564 और प्रभाग 5 में 519 नोटा वोट पड़े हैं।

मनसे ने खराब प्रदर्शन स्वीकारा

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी के चुनाव में हार स्वीकार करते हुए मनसे ने कहा है कि मराठी मानुष के लिए लड़ाई जारी रखी जाएगी। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में बीएमसी चुनावों को 'शिव शक्ति और धनशक्ति' के बीच की लड़ाई बताया और पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि इस हार से निराश न हों। राज ठाकरे ने बीएमसी चुनाव परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उद्धव सेना और मनसे कार्यकर्ताओं की सराहना की।

राज ठाकरे ने अपनी पोस्ट में मनसे और उद्धव सेना के कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि यह लड़ाई आसान नहीं रही।

KK Chaudhary

इन दिनों मुंबई और MMR में कई जगहों पर माघी गणेश उत्सव की तैयारियां देखी जा रही हैं। कलाकार गणपति की मूर्तियों को आखिरी टच दे रहे हैं।

BMC चुनाव: कांग्रेस को परिवारवाद पड़ा महंगा

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

सुफियान हैदर सैफ खान

मुंबई : बीएमसी चुनाव के नतीजों ने कांग्रेस की परिवारवाद और गलत टिकट वितरण की रणनीति को पूरी तरह उजागर कर दिया है। वर्ष 2017 में जहां कांग्रेस के 31 नगरसेवक चुने गए थे, वहीं इस बार पार्टी 24 नगरसेवकों तक सिमट गई। कांग्रेस ने कई ऐसे प्रभागों में परिवार के सदस्यों को टिकट दिए, जहां मजबूत और सक्रिय स्थानीय नेता मौजूद थे। प्रभाग क्रमांक 62 में कांग्रेस के विधायक असलम शेख ने अपने दामाद सैफ खान को टिकट दिलाया। चुनाव में सैफ खान को मात्र 5601 वोट मिले और तीसरे नंबर पर रहे। वहीं टिकट न मिलने से नाराज होकर कांग्रेस छोड़ने वाले शिवसेना (यूबीटी) के जीशान मुल्लानी ने 10,154 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उन्होंने शिवसेना (शिंदे) के उम्मीदवार राजू पेडणेकर को 3000 से अधिक वोटों से हराया। अंधेरी पश्चिम में प्रभाग 65 में पूर्व नगरसेवक मोहसिन हैदर के पुत्र सुफियान हैदर को कांग्रेस ने टिकट देने के लिए 2017 की विजेता नगरसेविका अल्पा जाधव का टिकट काट दिया गया। वहां से बीजेपी उम्मीदवार बंदेरी टिपन्ना ने 8328 वोट पाकर जीत दर्ज की, जबकि शिवसेना (यूबीटी) के प्रसाद आयरे को 7245 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार सुफियान हैदर 6161 वोट पाकर तीसरे नंबर पर रहे। राज्यसभा सांसद चंद्रकांत हंडोरे की बेटी 140 से अपनी बेटी प्रज्योति हंडोरे को कांग्रेस ने टिकट दिया था, लेकिन वह भी चुनाव हार गई।

2017 में कांग्रेस ने 31 सीटें जीती थीं, अब 24 पर सिमट गए

तकनीकी खराबी के बीच PADU सहारा

AI Image

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव की मतगणना के दौरान ईवीएम में आई तकनीकी खराबी से निपटने के लिए राज्य चुनाव आयोग ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रिंटिंग असिलरी डिस्प्ले यूनिट यानी PADU मशीनों का इस्तेमाल किया। यह व्यवस्था घाटकोपर के प्रभाग 125 और कुर्ला के प्रभाग 159 में लागू की गई, जहां PADU मशीन की मदद से मतगणना पूरी कर परिणाम घोषित किए गए।

PADU मशीन की मदद से मतगणना पूरी कर परिणाम घोषित किए गए

बीएमसी चुनाव के मद्देनजर पहले से ही 140 PADU मशीनें तैयार रखी थीं। प्रभाग 159 में मतगणना के दूसरे चरण के दौरान एक ईवीएम में तकनीकी त्रुटि सामने आई, जिसके चलते उस मशीन की गिनती रोकनी पड़ी। अलग-अलग आंकड़े सामने आने पर स्थिति स्पष्ट करने के लिए आयोग की अनुमति से PADU मशीन का इस्तेमाल किया गया।

इसी तरह घाटकोपर के प्रभाग 125 में भी ईवीएम में खराबी आने से मतगणना अस्थायी रूप से रोकी गई थी। यहां PADU मशीन से वोटों की गिनती पूरी की गई, जिसमें शिवसेना के सुरेश अवले की जीत हुई।

एयरपोर्ट पर एग डोनर रैकेट का खुलासा

आरोपी फर्जी दस्तावेज के सहारे चला रहे थे एग डोनर रैकेट

NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमिग्रेशन अधिकारियों और सहार पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे चल रहे एग डोनर रैकेट का खुलासा किया है। इस कार्रवाई में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। जांच में सामने आया कि यह रैकेट ठाणे में एक IVF सेंटर के नाम पर संचालित किया जा रहा था।

शुक्रवार को बैंकॉक से मुंबई पहुंची सुनीता बेलेल (44) को संदेह के आधार पर रोका गया। पूछताछ के दौरान उसके जवाब संतोषजनक नहीं पाए गए। उसी फ्लाइट से आई सीमा विजारत (29) से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वह सरोगेसी और एग डोनेशन से जुड़े मेडिकल टेस्ट के लिए बैंकॉक गई थी, जिसके बदले उसे रकम दी गई थी। पुलिस के अनुसार आरोपी महिलाएं अविवाहित महिलाओं को फर्जी शादी के दस्तावेज दिखाकर एग डोनर और सरोगेट मदर के रूप में पेश करती थी। सरोगेसी रेगुलेशन एक्ट 2021 के तहत व्यावसायिक सरोगेसी प्रतिबंधित है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

एयरपोर्ट पर 63 करोड़ की तस्करी नाकाम

NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई इंटरनैशनल एयरपोर्ट पर 9 से 16 जनवरी के बीच ड्यूटी के दौरान कस्टम अधिकारियों ने तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ही हफ्ते में करीब 63 करोड़ रुपये की अवैध तस्करी नाकाम कर दी है। इस दौरान नारकोटिक ड्रग्स, सोना, हीरे और विदेशी मुद्रा से जुड़े 24 से अधिक मामले दर्ज किए गए।

कस्टम अधिकारियों के अनुसार इस अवधि में हाइड्रोपोनिक वीड से जुड़े कुल नौ मामले सामने आए, जिनमें 33.838 किलोग्राम प्रतिबंधित ड्रग्स जब्त की गई। अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 33.83 करोड़ रुपये आंकी गई है। एक मामले में तस्करों ने विमान की सीटों के नीचे रखे लाइफ वेस्ट पैकेट में ड्रग्स छिपाकर तस्करी की कोशिश की थी। इन मामलों में बैंकॉक से आई विभिन्न उड़ानों से पहुंचे नौ यात्रियों को NDPS एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा सात अन्य मामलों में 27.163 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 27.16 करोड़ रुपये बताई गई है। सभी आरोपी बैंकॉक से मुंबई पहुंचे थे। कस्टम विभाग ने छह मामलों में 846.74 ग्राम 24 कैरेट सोना, एक मामले में 548.4 कैरेट हीरे और एक मामले में 2 लाख सऊदी रियाल भी जब्त किए है।

26 जनवरी से WR पर बढ़ेंगी 12 AC लोकल

12 सामान्य लोकल की जाएंगी कम

NBT रिपोर्ट, मुंबई: एसी में सफर करने वाले यात्रियों के बढ़ती मांग को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने 26 जनवरी से मुंबई उपनगरीय खंड पर एसी लोकल ट्रेनों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया है। ये एसी लोकल सामान्य लोकल ट्रेनों के स्थान पर चलाई जाएंगी। इससे आम यात्रियों की परेशानी बढ़ेगी।

मिली जानकारी के अनुसार, एसी लोकल ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसलिए यात्रियों की सुविधा के लिए तथा भीड़ को समायोजित करने के उद्देश्य से पश्चिम रेलवे पर मौजूदा नॉन-एसी 12 डिब्बों वाली लोकल ट्रेनों के स्थान पर 12 अतिरिक्त एसी लोकल सेवाएं शुरू की जा रही हैं। ये सभी सेवाएं सप्ताह के सभी दिनों में एसी सेवाओं के रूप में परिचालित होंगी। लोकल ट्रेनों की कुल संख्या में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। यानी कुल 1406 लोकल सेवाएं यथावत रहेंगी, जिनमें से 121 एसी लोकल ट्रेन सेवाएं होंगी।

शुरू की जा रही 12 और एसी लोकल ट्रेनों में से 6 ट्रेनें अप दिशा में और 6 ट्रेनें डाउन दिशा में हैं। अप दिशा में विरार-चर्चगेट और गोरेगांव-चर्चगेट के बीच 2-2 ट्रेनें तथा बोरीवली-चर्चगेट और भाईंदर-चर्चगेट के बीच एक-एक ट्रेन है। इसी तरह डाउन दिशा में चर्चगेट-विरार और चर्चगेट-गोरेगांव के बीच 2-2 ट्रेनें तथा चर्चगेट-भाईंदर और चर्चगेट-बोरीवली के बीच एक-एक ट्रेन है।

पैनल सिस्टम में ठगा महसूस कर रहे निर्दलीय

पार्टियों के पैनल बनाने से रेस में पीछे छूट रहे अपक्ष

अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर: एमएमआर में मनपा चुनाव चुनाव पैनल सिस्टम से हुए। तीन या चार उम्मीदवारों का पैनल था। लेकिन व्यवस्था में रिजल्ट के बाद निर्दलीय उम्मीदवार अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं। मीरा-भाईंदर में पिछले दो टर्म से चार सदस्यीय पैनल व्यवस्था में चुनाव हो रहा है। हर बार की तरह पैनल व्यवस्था में निर्दलीय को चुनाव जीतने में मुश्किलें सामने आईं।

निर्दलीयों को बिना संगठन, बिना कैडर करना पड़ता है काम

कागजों में भले ही यह व्यवस्था समान अवसर का दावा करती हो, लेकिन जमीनी सच्चाई में निर्दलीय उम्मीदवार खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। मुकाबला तो बराबरी के प्रत्याशियों के बीच नहीं, बल्कि संसाधनों से लैस स्थापित दल और अकेले जूझते निर्दलीय के बीच होता है। इन्हीं कारणों से निर्दलीय नगरसेवकों की संख्या लगातार घटती जा रही है।

एक बनाम पैनल की लड़ाई की असमानता: चार सदस्यीय पैनल की बात करें, तो असमानता और साफ हो जाती है। स्थापित दल के चारों उम्मीदवार आपस में क्षेत्र बांट लेते हैं, कोई संपर्क अभियान देखता है, कोई सोशल मीडिया, कोई बूथ मैनेजमेंट तो कोई जनसभाएं। मिलकर वे 30-35 हजार मतदाताओं तक पहुंच बना लेते हैं। वहीं निर्दलीय उम्मीदवार को यही पूरा काम अकेले करना पड़ता है, बिना संगठन, बिना कैडर और सीमित संसाधनों के। मीरा-भाईंदर में एकमात्र विजयी निर्दलीय उम्मीदवार अनिल भोसले कहते हैं कि पैनल में स्थापित दलों के मुकाबले चार गुना मेहनत करना पड़ता है।

निर्दलीयों का हाल

मनपा	2017	2026
कल्याण	09	00
ठाणे	00	01
वसई-विरार	00	00
उल्हासनगर	01	00
मीरा भाईंदर	03	01
पनवेल		
नवी मुंबई	04	01
भिवंडी	01	01

AI Image

घर-घर चुनाव चिह्न पहुंचाने का संघर्ष

स्थापित राजनीतिक दलों के पास वर्षों से रजिस्टर्ड और घर-घर पहचाना जाने वाला चुनाव चिह्न होता है। मतदाता उस चिह्न से भावनात्मक और राजनीतिक रूप से जुड़ा होता है। इसके उलट निर्दलीय उम्मीदवार को चुनाव के कुछ ही दिन पहले चिह्न मिलता है, जिसे पहचान दिलाने में ही उसका आधा समय और ऊर्जा खर्च हो जाती है। प्रभाग चार से निर्दलीय उम्मीदवार संदीप आवाल कहते है कि चिह्न के कारण संदेश और मुद्दे पीछे छूट जाते है, चिह्न ही संघर्ष बन जाता है।

चुनाव चिह्न में भ्रम की स्थिति

मतदाताओं का एक वर्ग हार की आशंका के चलते निर्दलीय को पसंद करने के बावजूद वोट स्थापित दल के उम्मीदवार को दे देता है। यह डर लोकतांत्रिक पसंद को रणनीतिक समझौते में बदल देता है। इसके अलावा पैनल सिस्टम में कई उमदराज मतदाता चुनाव चिह्न में भ्रम की स्थिति में निर्दलीय को वोट नहीं डाल पाते हैं।

जनाधार के बावजूद हार गए

पैनल व्यवस्था में यदि किसी निर्दलीय का मजबूत जनाधार हो, तो भी उसकी जीत असाधारण मानी जाती है, जबकि स्थापित दल के टिकट पर कई बार बिना व्यक्तिगत जनाधार वाला उम्मीदवार भी जीत जाता है। यह व्यवस्था व्यक्ति नहीं, पार्टी को प्राथमिकता देती है। पिछले दो चुनावों में मीरा-भाईंदर में ऐसे कई निर्दलीय उम्मीदवार रहे है, जो मजबूत जनाधार होते हुए भी कुछ सौ वोटों से हार गए है। इनमें बबन स्वामी, सचिन डोंगरे प्रमुख हैं। डोंगरे इस बार बीजेपी के टिकट पर जीत हासिल करने में कामयाब रहे हैं।

अप्रमाणिक AI तर्क पर हाईकोर्ट नाराज

NBT रिपोर्ट, मुंबई: बिना परखे AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) जनित कानूनी तर्क से जुड़ी सामग्री अदालत में रखने वाले एक पक्षकार पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। याचिका में एक ऐसे फैसले का हवाला दिया गया था, जिसका अस्तित्व ही नहीं था। न्यायमूर्ति एमएम साठे ने पक्षकार द्वारा इस प्रकार AI सामग्री कोर्ट पर थोपने के लिए नाराजगी जाहिर की। जस्टिस साठे ने कहा कि इस प्रकार का आचरण न्यायिक प्रक्रिया में बाधा डालता है, इसलिए याचिकाकर्ता सावधान रहें। कोर्ट ने एक एंटरटेनमेंट कंपनी की याचिका पर यह टिप्पणी की। याचिका में ऐसे केस का हवाला दिया गया था, जिसे कोर्ट क्लर्क खोजने में असमर्थ दिखे। इसे देखते हुए जस्टिस साठे ने कहा कि AI का उपयोग स्वागत योग्य है, लेकिन वकील पक्षकार द्वारा AI के माध्यम से हासिल जानकारी की प्रमाणिकता और प्रासंगिकता का ध्यान रखना चाहिए।

पक्षकार पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है

जीवन साथी
दिल का रिश्ता



वधू चाहिए

सामान्य

अग्रवाल

OCT 90/5'-7 handsome very smart own business earning Very decent income affluent nuclear family Looking educated Cultured from reputed family 9881734049 father bs_goel@rediffmail.com.

AGARWAL MCA, 39/5'8", Smart, unmarried boy from Delhi, own 2 Home & Shop 12 LPA. Seeks unmarried b'ful girl. Contact: 8368203081

धर्म आधारित

हिंदू

NI Brahmin Boy Reputed family 28/175 Athletic BS/ MS top US Univ wkg Top IT Co USA Green Card seeks PQM bride mridulanand@yahoo.com , All Hindus Welcome

सिख

SIKH Tonk-Kashatriya non-turban boy, 5'-6", 1992, M.Tech., MBA, working at Mumbai as Sr. Manager in Renewable Energy Sector, package 37 LPA. 97797-42397.

HANDSOME boy Sikh Ramgarhia 28/5'11 Delhi own house MBA wrkg MNC PKG 11 lakh seek working girl simple family. 88268 92800, 9818478026

जाति आधारित

कायस्थ

WANTED bride for 27 y/o boy working in an MNC (only Mathur alliances solicited). Family is from Old Delhi, currently based in Bangalore. Contact 7838743889

जाटव

SM4 smart wheatish Jatav boy 28/5'10", Central Govt. Class-1 Officer seeks working girl in Central or Delhi Govt Services. Call/ what'sapp: 9868942614

FOR Jatav Smart Divorced Boy 37/5'10" (with 8 Year Son) Under Graduate, Pvt. Ltd. Job. Sutable Match Girl, Divorce, Widowe # 9871110464

ब्राह्मण

H'SOME 44/5'11" knkj B.Tech(C.S),M.B.A (London). properties Delhi NCR. Lko worked mnc, now self com-pany. Gliist India tech-nol-ogies 108 noida 40LPA, never married. 9415142535

BRAHMIN Engineering Boy 27/5'5", Working in MNC, Gurugram, 14 LPA, Sandhalaya Gotra, Seeks a Beautiful girl. Contact: 9278983731, 9355487077

BRAHMIN Boy 1974 Nvr Married pure Veg. MBA MCA own computer Inst. at Chennai seeks Nvr Married Brahmin girl 9245317765/9597783831

जर्नल

दूसरी शादी

SM4 NM 43/ 5'8"/ B.Com (H) & MBA/ Flesa Divorce Boy/ Wrkg MNC/ S.Del Bed Fmly, Seeks Edu. B'Ful Veg. Bride, No Dowry # 8076177590

कास्ट नो बार (जाति का कोई बंधन नहीं)

Elite MBA Groom 29,
5'11", Working in MNC,
Mumbai, Well settled
Seeks educated partner open to COMPANIONSHIP focused marriage
Contact: 8369689797

bharat matrimony
Biggest Matrimony Service for Indians
भारत की सबसे बड़ी विवाह सेवा
अभी ऐप डाउनलोड करें
पंजीकरण मुफ़्त है!
25 साल से भारतीयों की नंबर 1 पसंद

समुदाय के आधार पर

राजपूत

SMF Cultured Rajput Girl BCA MCA 5'4" working with Deloitte, 25LPA Gurgoan seeks reputed rajput fmly Delhi+Ncr. 9136206969.

जाति आधारित

अग्रवाल-बिसा

Daughter of Affluent high Status, educated Business family of Mumbai.Pretty, cultured,Slim, accomplished with rich moral values and jolly nature. 34/5'3" Inter C.A doing Graphic Designing profession and Director of family export business. Invite proposals from only Mumbai based Agrawal or Maheshwari families of similar status
WhatsApp: 9820848111
Email
Chaudhari.c@gmail.com



वर चाहिए

ब्राह्मण

GIRL working under ministry of corporate affairs seeks a Govt.Officer groom, any brahmin 38 to 42, Bengali , U.P. Connect :+91 85738 14491

वर चाहिए - भाषा आधारित

बंगाली

SM4 Mumbai 1992 born 5'5" Slim fair B'ful Bengali Brahmin girl, Working in National Carrier (Airlines) at Delhi (Non Veg)Call: 9769885822

SM4 38/5'2" USA(Seattle) based girl. Well educated from respectable family, earning 200K USD. Seeking prof. qual. match in USA. Ph: 8580990909

पंजाबी

33 yrs, 5'6", fair, MCA+MBA Working in MNC. Divorced Seeks well-Educated Groom. Contact: 9811571249

कार्य आधारित

डॉक्टर्स

MD/MS BRAHMIN M4 M B B S, M S OPTHALMOLOGY (Studying)GARHWALI BRAHMIN GIRL 1995/5'3" FROM A DOCTOR'S FAMILY 9411536600 7983038968

सामान्य

कास्ट नो बार (जाति का बंधन नहीं)

SM4 Punjabi b'ful Girl 5'6"/ 1995 PG in Mass Com. & MA in film making frm UK wkg with repu. orgnization in Mumbai Fthr own Pharma B'ness in Delhi Lkng for suitble match bsd Mumbai 4 her 9215624867

WELL Educated B'ful Vaish Girl 21-8-89/5'5" B.Tech (Bio-Tech), MBA Mkt doing Free lance, Seeks well Edu. Boy, Govt. Job Pref. # 9810332990

Ph.D, DU Kanojia Girl, 31/ 5'4",seeks Well Educated Stld. Govt MNC Preferred. Delhi Based Boy. Cont: 9968077037, vidyakanojia13@gmail.com

वर चाहिए - राष्ट्रीयता आधारित

एनआरआई/ ग्रीन कार्ड

NRI GIRL
30 yrs 5'6 div.(ON),Canada PR, Govt Job, Pref.well settled Boy (ON)Canada No-9818417390

ADVICE

Readers are advised to make appropriate / thorough enquiries before acting upon any advertisement. This newspaper does not vouch or subscribe to claims and representations made by advertisers regarding particulars of status, age income of bride/groom.

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472

TIMES interact
To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)

व्यक्तिगत

नाम परिवर्तन

I Shobha Shivaji Jadhav mother of army no.5781721F Rank L/NK name Jadhav Dilip Shivaji unit 7/BGR resident of naykachiwadi post wakeshwar tehsil khatav district satara state maharashtra pin 415506 declared that I have changed my name from Shobha to Shobha Shivaji Jadhav as per affidavit no. 478/2552742601268500482175 date 13/01/2026.

I,SUPRIYA Wife of Buthuri Raju r/o Bhuthamapuram, Bhimagundam, Cuddapah, A.P-516433 Changed my name from Supriya to Buthuri Supriya vide aff. dt. 16-01-2026 No 59AB865752 at Nashik

"**I,** [Sunil chouhan], S/o Late Baldev Singh, Age 38yrs, R/o of R39-3F, New Navy Nagar, Colaba, Mumbai, have changed the name of my minor son, Mitansh Chauhan, DoB (03-04-2023) aged 2.9yrs to Svanay Chauhan, vide Affidavit No. 61 AB 351991 dated 13 Jan 2026 sworn before notory Adv R V Kamble, Mumbai

I,MAKAWANA Manesinh Pratapbhai r/o Ghantvad, Kodinar, Gir Somnath,Gujarat-362710 have changed my Daughter name from Komalba to Komalba Manesinh Makawana vide aff. dt. 16-01-2026 No 59AB865744 at Nashik

I,HEMA Pandappa Malakannavar Wife of Pandappa Malakannavar r/o Mudhol, Bagalkot, Karnataka - 587313 changed my name from Hema Pandappa Malakannavar to Hema Malakannavar vide aff. dt. 16-01-2026 No 59AB865719 at Nashik

I,SHETAL Ganpati Gangaram r/o Vithurayachi Wadi, Hingangaon, Sangli, M.H- 416405 have changed my name from Shetal Ganpati Gangaram to Shejal Ganpati Gangaram vide aff. dt. 16-01-2026 No 59AB865746 at Nashik

I,MAKAWANA Manesinh Pratapbhai r/o Ghantvad, Kodinar, Gir Somnath,Gujarat-362710 have changed my Son name from Yogirajsinh to Yogirajsinh Manesinh Makawana vide aff. dt. 16-01-2026 No 59AB865745 at Nashik

PROPERTY FOCUS

PRIME PROPERTIES
For Sale in Greater Noida (Delhi NCR)
HOSPITAL Plot 5 ACRE | COLLEGE (Ready to Move) 5 ACRE/ 3 LAC SFT BUA
IT/ ITES Plot 10 - 75 ACRE | UNIV / COLLEGE Plot 50 ACRE
Golden Opportunity
To schedule a Visit 9319193913 9319193919 | Approved by | Exclusively Marketed by VASTUDEV www.vastudev.in

TRAVEL TIMES

THE KINARA VILLAGE
LONAVALA

DELICIOUS FOOD
HERITAGE AMBIENCE
HERITAGE ROOMS AVAILABLE
Add. : Old Mumbai - Pune Highway, Vaksai Naka, Varsoli, Lonavala - 410401
Call : 9859639639 www.thekinaravillage.com

SOCIAL EVENT

अग्रवाल मित्र मंडल, चेम्बूर
1601, मेराकी ऐरीना, सायन ट्रॉम्बे रोड, चेम्बूर, मुंबई-400071
27वां वार्षिक श्री श्याम महोत्सव एवं निशान पूजा
अलौकिक झांकी, अखण्ड ज्योत, छप्पन भोग व सुमधुर भजनों का कार्यक्रम
25 जनवरी 2026, सायं 5.00 से रात्रि 9.00 बजे तक
आमंत्रित भजन गायक
रितु शर्मा, महेश तोतला, योगेश सुरेका, योगेश ढाढीच
स्थानः चंदन लान देवनार बस डिपो के पास, चेम्बूर, मुंबई-400071
श्री निरंजन लाल गुप्ता -9821096977
श्री महावीर प्रसाद गुप्ता - 9821019600
आप सभी भक्त सपरिवार सादर आमंत्रित हैं
सौजन्य Sunrise HEAVY LIFTERS PVT. LTD.

More TIMES interact ads on subsequent pages...

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

विवाह विशेष

TIMES interact
READER ENGAGEMENT INITIATIVE

Tulsi STUDIO

BRIDAL STORE
THANE & SANTACRUZ (WEST)
Contact: +91-9930407588

Radha Krishna
हम आपको Selected Biodata ही देंगे!
आपको तीन अलग-अलग लोगों से Cross जानकारी करनी है।
ताकि रिश्ता अच्छी जगह रिश्ता हो जाए
Bajoria (Agrawal)
9320411776

शादी की शुभ घड़ियां आने वाली हैं और इसके मुताबिक बेस्ट तैयारियों पर सबकी नजरें होंगी। मुंबई में शादियां केवल पारंपरिक रस्में नहीं, बल्कि फैशन, स्टाइल और स्मार्ट प्लानिंग का मेल बन चुकी हैं। तेज रफ्तार जिंदगी और बदलते ट्रेंड्स के बीच वेडिंग शॉपिंग अब एक सोच-समझकर किया जाने वाला फैसला है। सही समय, संतुलित बजट और ट्रेंड की समझ ही मुंबई की परफेक्ट वेडिंग शॉपिंग की पहचान बन रही है।

शॉपिंग में ट्रेंड का रखें ख्याल

AI GENERATED IMAGE



Abhishek.Singh2@timesofindia.com

शादी भारतीय समाज में केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि भावनाओं, परंपराओं और आधुनिक सोच का संगम होती है। शादी की तैयारियों में सबसे अहम और सबसे अधिक चर्चा में रहने वाला पहलू है वेडिंग शॉपिंग। फिलहाल वेडिंग के शुभ दिन फिर से शुरू होने वाले हैं। ऐसे में जिनकी शादी होने वाली है, उनके लिए यह शॉपिंग का परफेक्ट टाइम है।

बदलते समय के साथ वेडिंग शॉपिंग का स्वरूप भी तेजी से बदला है। अब यह केवल कपड़े और गहने खरीदने तक सीमित नहीं रही, बल्कि एक सुनियोजित प्रक्रिया बन चुकी है, जिसमें ट्रेंड, बजट और कम्फर्ट इन तीनों का संतुलन आवश्यक माना जा रहा है।

जल्दबाजी नहीं, समय पर शुरुआत है जरूरी

विशेषज्ञों की मानें तो वेडिंग शॉपिंग की सबसे बड़ी चुनौती समय प्रबंधन है। अक्सर परिवार शादी की डेट नजदीक आने पर खरीदारी शुरू करते हैं, जिससे विकल्प सीमित हो जाते हैं और खर्च बढ़ जाता है। मौजूदा दौर में सलाह दी जाती है कि शादी से कम से कम छह से आठ महीने पहले शॉपिंग की योजना बना ली जाए। इससे न केवल बेहतर डिजाइन और कस्टमाइजेशन संभव होता है, बल्कि मानसिक दबाव भी कम रहता है।

बजट प्लानिंग पर बढ़ता फोकस

महंगी और भव्य शादियों के बीच अब एक नया ट्रेंड उभरकर सामने आया है स्मार्ट बजटिंग। लोग यह समझने लगे हैं कि हर चीज में भारी खर्च जरूरी नहीं। ब्राइड और ग्रूम के आउटफिट्स, ज्वेलरी, फुटवियर और गिफ्ट्स के लिए अलग-अलग बजट तय कर लेने से खर्च नियंत्रित रहता है। कई परिवार रेंटल ज्वेलरी और मल्टी-यूज आउटफिट्स को अपनाकर व्यावहारिक निर्णय ले रहे हैं।

ब्राइडल फैशन में हल्के रंगों की लोकप्रियता

वेडिंग फैशन इंडस्ट्री में इस समय ब्राइडल ट्रेंड्स तेजी से बदल रहे हैं। पारंपरिक लाल और मैरून के साथ-साथ अब पेस्टल शेड्स भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। आइवरी, ब्लश पिंक, पीच और हल्के ग्रीन रंगों के लहंगे और साड़ियां ब्राइड्स की पहली पसंद बन रहे हैं। इसके साथ ही हल्की कढ़ाई और आरामदायक फैब्रिक पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि लंबे समारोहों में भी सुविधा बनी रहे।

ग्रूम फैशन में भी आया बदलाव

अब वे दिन पीछे छूट चुके हैं जब ग्रूम फैशन सीमित विकल्पों तक सिमटा रहता था। आज ग्रूम्स भी अपने लुक को लेकर सजग हैं। इंडो-वेस्टर्न शेरवानी, ऑफ-व्हाइट और बेज जैसे सॉफ्ट टोन, और मिनिमल एम्ब्रॉयडरी ग्रूम फैशन में ट्रेंड कर रहे हैं। यह बदलाव दर्शाता है कि शादी में अब दोनों पक्षों की स्टाइल को समान महत्व दिया जा रहा है।

ज्वेलरी में सटल और एलिगेंट डिजाइन

भारी और पारंपरिक ज्वेलरी की जगह अब सटल और एलिगेंट डिजाइनों की मांग बढ़ी है। पोल्की, कुंदन और पर्ल बेस्ड ज्वेलरी को मॉडर्न टच के साथ पहना जा रहा है। कई परिवार अब हर फंक्शन के लिए अलग-अलग ज्वेलरी खरीदने की बजाय चुनिंदा लेकिन प्रभावशाली डिजाइनों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

SubhLagan A BOND OF TRUST

प्रवीण कीर्तनिया
अपने लाडले-लाडलियों के रिश्तों के लिए एक बार अवश्य पधारिये!
(केवल हिंदू समाज के लिए)
info@subhlagan.com | www.subhlagan.com
अंधेरी (प) - रमन : 9920233244, 022-40601111
वडाला (प) - बनवारी : 9167344068, 022-24164335
दिल्ली - रोहित : 9987314956, 011-35008404
कोलकाता - प्रवीण : 9748794123, 9830082203
जयपुर - विकी : 7357069118, 0141-4108434

BOOK YOUR MATRIMONIAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT:
Jitesh Dominic
9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

पॉलिटिकल ब्रीफ

श्रीकांत शिंदे से मिले उद्धव के नगरसेवक

■ NBT न्यूज, कल्याण : केडीएमसी चुनाव में वॉर्ड-13 से चुने गए उद्धव सेना के कॉर्पोरेटर मधुर म्हात्रे ने शिंदे सेना के सांसद श्रीकांत शिंदे से मुलाकात की। शिंदे संग म्हात्रे की फोटो वायरल होने से चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। हालांकि, मधुर म्हात्रे से इस बारे में संपर्क किया गया, तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

चुनाव में दिया खराब खाना, शिकायत दर्ज

■ NBT न्यूज, विरार : वसई-विरार मनपा चुनाव के दौरान चुनाव कर्मचारियों व अधिकारियों को खराब खाना दिए जाने की शिकायत बोलिंज पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई है। चुनाव अधिकारी विजय जगन्नाथ शिंदे की शिकायत पर सखे कैटर्स के मालिक सुधाकर सखे के खिलाफ मामला दर्ज कर बोलिंज पुलिस जांच में जुट गई है।

BJP के विजेताओं से मिले रविंद्र चव्हाण

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : शनिवार सुबह नवी मुंबई पहुंचे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने मनपा चुनाव जीतने वाले नगरसेवकों से मुलाकात कर जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि गणेश नाईक के नेतृत्व में नवी मुंबई का विकास किया जाएगा। उन्होंने मेहनत करने वाले हर कार्यकर्ता को अवसर देने की बात कही।

ठाणे मनपा में विरोधी पक्ष की भूमिका में हो सकती है BJP !

लोगो ने विरोधियो को घर बिठाया, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बढ़ी: केलकर | वादो को पूरा करने के लिए निभा सकते है अलग भूमिका: डावखरे

■ अनिल कुमार शुक्ल, ठाणे

आने वाले दिनों में ठाणे मनपा में BJP विरोधी पक्ष की भूमिका में देखने को मिल सकती है। BJP MLA संजय केलकर और निरंजन डावखरे ने कहा है कि वे ठाणेकरों के फायदे और चुनाव में किए गए वादों को पूरा करने के लिए समय पड़ने पर अलग भूमिका में दिख सकते हैं। हालांकि दोनों ने कहा की पार्टी के शीर्ष नेताओं के आदेश के मुताबिक अपनी भूमिका जाहिर करेंगे।

शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय केलकर ने कहा कि ठाणे के लोगों ने विरोधियों को घर बैठा दिया है। ऐसे में, सभागृह के भीतर विरोधी पक्ष नहीं होने की स्थिति बन गई है। भले ही हम महायुति में हैं, लेकिन ठाणे के लोगों के लिए उनके फायदे के लिए काम अच्छे तरीके से होना जरूरी है और हम उसके लिए कटिबद्ध हैं। मनपा के कामकाज पर अंकुश के लिए एक शक्ति आवश्यक है, समय पड़ने पर हम वह शक्ति बन सकते हैं। सत्ता में हमें लें या नहीं, हमारी ऐसी कोई भावना नहीं है, इसलिए समय आने पर हम दूसरा विचार कर सकते हैं।

निरंजन डावखरे ने भी कहा कि घोषणा पत्र में हमने ठाणे के लोगों को जो वचन दिया है, उसे पूरा करने के लिए समय पड़ने पर हम अलग भूमिका में हो सकते हैं। डावखरे ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के निर्णय के बाद भूमिका सामने रखेंगे। दोनों नेताओं के बयान से ठाणे की राजनीति गरमा गई है। इस दौरान सभी नवनिर्वाचित नगरसेवक मौजूद थे। मनपा में महायुति को 103 सीटें मिली हैं, जिसमें शिंदे सेना को 75 तथा BJP को 28 सीटें मिली हैं। ऐसे में, शिंदे सेना को सत्ता स्थापित करने के लिए किसी साथी की जरूरत नहीं रह गई है। इसी दौरान दोनों नेताओं के बयान से चर्चा गरम है कि क्या BJP मनपा में विपक्षी पार्टी की भूमिका निभाएगी?

ठाणे मनपा चुनाव में जीत हासिल कर मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने वाले नगरसेवक शनिवार को पार्टी की एकजुटता दिखाई। बीजेपी नेता संजय केलकर और निरंजन डावखरे ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

पहली बार मनपा चुनाव लड़े 2 उम्मीदवारों ने खूब बटोरे वोट

ठाणे मनपा चुनाव में पहली बार भाग्य आजमा रहे शिंदे सेना विक्रांत संजय तांडेल को सर्वाधिक 20,400 वोट मिले, जो घोडबंदर रोड के वॉर्ड-1ए से जीते हैं। तांडेल ने उद्धव सेना की प्रमिला गावित को 11,102 मतों से हराया। ऐसे ही, कलवा के वॉर्ड-23सी में शिंदे सेना के मंदार मुकुंद केणी ने 20,399 वोट बटोरे। केणी भी पहली बार चुनाव मैदान में उतरे थे और उद्धव सेना के विलास गावकर को 15,156 वोटों से हराया। केणी की मां प्रमिला मुकुंद केणी भी वॉर्ड-23बी से जीती हैं। ठाणे मनपा में प्रमिला केणी एकमात्र निर्दलीय विजयी हुई हैं। उन्होंने 15,156 वोट पाकर BJP की अनीता ठाकुर और शिंदे सेना के हणमंत जगदाले को हराया।

ठाणे में नोटा को 1 लाख 20 हजार वोट

ठाणे मनपा चुनाव में नोटा को 1 लाख 20 हजार मत मिले। यहा पैनल वोटिंग में ठाणे के 30,000 लोगों ने चारों वोट पर नोटा पसंद किया है। सबसे अधिक नोटा घोडबंदर के प्रभाग-2 तथा सबसे कम प्रभाग-18 में पसंद किया गया। प्रभाग-2 में 6077 तथा प्रभाग-18 में 834 वोट नोटा को मिले।



चुनाव बाद मेयर की चेयर को लेकर उल्हासनगर में जारी है रस्साकशी

■ अरविंद त्रिपाठी, उल्हासनगर : उल्हासनगर मनपा के चुनावी नतीजों के बाद महापौर पद के लिए रस्साकशी तेज हो गई है। यहां 40 नगरसेवकों का साथ जरूरी है, लेकिन किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। हालांकि, यहां बीजेपी 37 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी है, जिससे भाजपाइयों में जबरदस्त उत्साह है। बीजेपी नेता प्रदीप रामचंदानी ने दावा किया कि उल्हासनगर मनपा में उनकी पार्टी का ही महापौर बनेगा।

> चुनावी जीत के बाद महापौर की लड़ाई में शिंदे सेना और BJP आमने-सामने

दूसरी ओर, शिंदे सेना ने अपने स्थानीय गठबंधन सहयोगियों के साथ मिलकर कुल 36 सीटें जीती थीं। बाद में साई पक्ष के एक नगरसेवक और एक निर्दलीय नगरसेवक का समर्थन हासिल कर शिंदे सेना की संख्या 38 पहुंच गई है। वहां वंचित बहुजन आघाडी के 2 निर्वाचित नगरसेवक और कांग्रेस के 1 नगरसेवक अब सत्ता की धुरी बन गए हैं। शिव सेना के उल्हासनगर शहर प्रमुख राजेंद्र चौधरी का दावा है कि वंचित के समर्थन से उल्हासनगर में उनका ही महापौर होगा।

AI Image

रिसॉर्ट में ठहरे हैं TOK के नगरसेवक

शिवसेना के चुनाव चिन्ह पर जीत दर्ज करने वाले टीम ओमी कालानी (TOK) के नगरसेवकों को लेकर ओमी कालानी फिलहाल लोनावला स्थित अपने रिसॉर्ट में ठहरे हुए हैं। सत्ता गठन से पहले यह कदम राजनीतिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है, जिसने चर्चाओं और अटकलों को और तेज कर दिया है। गौरतलब है कि राज्य और केंद्र में एक साथ सत्ता में होने के बावजूद शिव सेना और बीजेपी ने उल्हासनगर महानगर पालिका का चुनाव अलग-अलग लड़ा था। शिव सेना ने इस बार स्थानीय स्तर पर बीजेपी से अलग होकर टीम ओमी कालानी और साई पार्टी के साथ गठबंधन किया था और उसे भरोसा था कि यह गठबंधन सत्ता दिलाएगा।

22 वर्षीय प्रदीपिका बनीं सबसे कम उम्र वाली नगरसेविका

VVMC: बहुजन विकास आघाडी की युवा जीत

■ NBT न्यूज, नालासोपारा: वसई विरार महानगरपालिका चुनाव में बहुजन विकास आघाडी की प्रत्याशी प्रदीपिका सिंह (22) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रदीपिका ने शिंदे गुट की उम्मीदवार कल्याणी किरण पाटील को करीब चार हजार वोटों से हराया। प्रदीपिका सिंह को कुल 13,900 वोट मिले।

प्रदीपिका सिंह बहुजन विकास आघाडी की सबसे कम उम्र की प्रत्याशी थीं और इस जीत के साथ उन्होंने सबसे कम उम्र में नगरसेविका बनने का रिकॉर्ड बनाया है। उनकी जीत से उत्तर भारतीय मतदाताओं में उत्साह देखा गया।

प्रदीपिका सिंह नालासोपारा पूर्व के श्रीराम नगर इलाके की रहने वाली हैं। वह अपने माता पिता, दादा दादी, दो बहनों और दो भाइयों के साथ रहती हैं। उनके दादा प्रदीप सिंह पिछले 26 वर्षों से बहुजन विकास आघाडी में सक्रिय कार्यकर्ता हैं।

यह चुनाव प्रदीपिका सिंह के लिए चुनौतीपूर्ण माना जा रहा था। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में हार के बाद बहुजन विकास आघाडी कमजोर स्थिति में थी, जबकि महायुति हावी हो गई थी। प्रभाग क्रमांक 8, जहां से प्रदीपिका ने चुनाव लड़ा, स्लम बहुल इलाका है और पिछले विधानसभा चुनाव में यहां महायुति ने बढ़त बनाई थी।

BHMS की पढ़ाई कर रही है प्रदीपिका

प्रदीपिका सिंह का सीधा मुकाबला महायुति के शिंदे गुट की उम्मीदवार कल्याणी किरण पाटील से था। मतगणना में प्रदीपिका सिंह ने बढ़त हासिल करते हुए जीत दर्ज की। प्रदीपिका वर्तमान में BHMS की पढ़ाई कर रही है। जीत के बाद उन्होंने कहा कि प्रभाग में बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान दिया जाएगा।

लाडली बहनों का शिंदे से 'यू-टर्न'

वसई-विरार मनपा में 1 सीट पर सिमटी शिंदे सेना

AI Image



■ सुरेंद्र नेगी, नालासोपारा: वसई-विरार में विधानसभा चुनाव के दौरान महायुति की जीत में अहम भूमिका निभाने वाली लाडली बहनें इस बार मनपा चुनाव में शिंदेसेना के साथ खड़ी नजर नहीं आईं। 27 सीटों पर चुनाव लड़ रही शिंदेसेना बहुजन विकास आघाडी के गढ़ को भेदने में नाकाम रही और पार्टी को सिर्फ एक सीट पर ही संतोष करना पड़ा।

जानकारों के मुताबिक, शिंदेसेना की हार की बड़ी वजह उत्तरभारतीय मतदाताओं का रुझान रहा। बताया जा रहा है कि उत्तरभारतीय मतदाताओं में कमल चिन्ह के प्रति झुकाव ज्यादा देखने को मिला, जिससे धनुषबाण को अपेक्षित समर्थन नहीं मिल सका। जिन प्रभागों में शिंदेसेना के उम्मीदवार मैदान में थे, वहां उत्तरभारतीय मतदाताओं की संख्या अधिक थी।

विधानसभा चुनाव के दौरान हुए सर्वे में सामने आया था कि लाडली बहन योजना का लाभ लेने वाली उत्तरभारतीय महिलाओं ने महायुति को बड़े पैमाने पर समर्थन दिया था। इसी समर्थन के चलते शिंदेसेना के विधायक विलास तरे को बड़ी जीत मिली थी। हालांकि, मनपा चुनाव में यही लाडली बहनें शिंदेसेना से दूर नजर आईं और बविआ को बड़ी जीत दिलाई।

अंदरूनी कलह बनी शिवसेना के हार की वजह

प्रभाग में शिंदेसेना के चार बार नगरसेवक और दो बार सभापति रहे सुदेश चौधरी को हार का सामना करना पड़ा। वहीं वसई पूर्व की पूर्व नगरसेविका शिल्पा सिंह भी जीत दर्ज नहीं कर सकीं। पार्टी के भीतर टिकट बंटवारे को लेकर नाराजगी और अंदरूनी कलह को भी हार की बड़ी वजह माना जा रहा है। पार्टी पर पैसे लेकर टिकट देने के आरोप भी लगे हैं। शिंदेसेना को इकलौती जीत प्रभाग 18 संतोष भुवन से मिली, जहां हेमलता सिंह ने बहुजन विकास आघाडी की पूर्व नगरसेविका और सभापति सरिता दुबे को करीब ढाई हजार मतों से हराया।

नवी मुंबई: दल बदलुओं ने चुनाव में मुंह की खाई

■ पुरुषोत्तम कनौजिया, नवी मुंबई : नवी मुंबई मनपा चुनाव से ठीक पहले विपक्षी दलों के नेताओं ने दलबदल कर शिंदे सेना में प्रवेश किया था। उनमें ज्यादातर उम्मीदवारों को जनता ने नकार दिया।

अप्रैल, 2025 में पूर्व नगरसेवक सोमनाथ वास्कर, कोमल वास्कर, काशीनाथ पवार, आशा पवार, रतन मांडवे, सुनीता मांडवे, रंगनाथ औटी, शशिकला औटी, भारती कोली उद्धव सेना छोड़ शिंदे गुट में गए थे। इनमें सोमनाथ वास्कर, कोमल वास्कर, रंगनाथ औटी, रतन मांडवे, काशीनाथ पवार को हार मिली, जबकि भारती कोली मात्र 30 वोटों से जीतीं। ऐसे ही, चुनाव से कुछ दिन पहले उद्धव का साथ छोड़ शिंदे की पार्टी में गए मढ़वी परिवार के तीनों सदस्यों (एम.के.मढ़वी, पत्नी विनया मढ़वी और बहू तेजस्वी करन मढ़वी) को हार का सामना करना पड़ा।

> नवी मुंबई में पार्टी बदलने वाले ज्यादातर उम्मीदवारों को मिली हार

इसी तरह NCP (AP) छोड़ शिवसेना में गए पूर्व नगरसेवक नामदेव भगत और उनकी पत्नी पूर्व नगरसेविका इंदुमति नामदेव भगत भी हार हैं। शिवसेना (UBT) से शिंदे गुट में गए विजय माने की बेटी हार गईं। हालांकि, 2022 में एकनाथ शिंदे की बगावत में उनके साथ आए लोगों में ज्यादातर जीते हैं। वहीं, उद्धव का साथ न छोड़ने वाले विशाल ससाणे ने पैनल पद्धति के बावजूद जीतकर सबको चौंकाया है।

21 वोट से हार पर बिफरे श्याम अग्रवाल, जाएंगे कोर्ट

भिवंडी: BJP नेता ने लगाया साजिश का आरोप

■ विजय कुमार सिंह, भिवंडी : मात्र 21 वोटों से हारने वाले बीजेपी के पूर्व नगरसेवक श्याम अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि वह चुनाव हारे नहीं हैं, बल्कि उन्हें जानबूझकर रणनीति के तहत हराया गया है। इसका ठीकरा उन्होंने बीजेपी नेताओं पर फोड़ा और दूसरा आरोप चुनाव निर्णय अधिकारी के ऊपर लगाया है। श्याम अग्रवाल ने कहा कि उनकी आपत्तियों पर ध्यान नहीं दिया गया, इसलिए वह पुनर्मतगणना और चुनाव निर्णय अधिकारी के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

श्याम अग्रवाल प्रभाग-22(क) से चुनाव मैदान में थे, जहां उन्हें निर्दलीय उम्मीदवार निलेश ऐनकर ने 21 वोटों से हराया। उन्होंने आरोप लगाया कि नियमों के अनुसार मनपा क्षेत्र में अनधिकृत निर्माण करने वाला व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता, इसके बावजूद निलेश ऐनकर का नामांकन वैध ठहराया गया। अग्रवाल का कहना है कि समय रहते आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद चुनाव निर्णय अधिकारी ने यह कहकर आपत्ति खारिज कर दी कि वह समय पर दर्ज नहीं की गई।

उनका दावा है कि संबंधित उम्मीदवार को अनधिकृत निर्माण के मामले में मनपा ने दो बार नोटिस दिया था, सुनवाई हुई, निरीक्षण रिपोर्ट बनी और पुलिस में एफआईआर भी दर्ज है। इसके बावजूद नामांकन वैध किया गया, जो साजिश का हिस्सा है।

श्याम अग्रवाल ने इस साजिश के पीछे पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कपिल पाटील और बीजेपी नगरसेवक निलेश चौधरी का नाम लिया। वहीं कपिल पाटील ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह श्याम अग्रवाल के प्रभाग में गए ही नहीं। निलेश चौधरी ने भी कहा कि हार-जीत चुनाव का हिस्सा है और मतदाताओं ने फैसला दिया है।

स्टेट अपडेट

पुलिस के सामने ही मनसे कार्यकर्ताओं ने युवक को पीटा

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई : मनपा चुनाव रिजल्ट घोषित होने के बाद सोशल मीडिया के ग्रुप पर की गई कथित टिप्पणी से चिढ़े मनसे कार्यकर्ताओं ने एक युवक की उनकी सोसायटी में घुसकर पिटाई कर दी। खास बात यह रही कि जिस समय यह घटना हुई, उस दौरान मौके पर पुलिस के कुछ कर्मचारी भी मौजूद थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू किए जाने की बात कही है।

> सोशल मीडिया ग्रुप पर की गई कथित टिप्पणी से चिढ़े थे आरोपी

जालना में आंदोलन के चलते निषेधाज्ञा लागू

■ भाषा, जालना : जालना जिले में प्रशासन ने धनगर समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (ST) श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग को लेकर किए जा रहे आंदोलन के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू कर दी है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। जिला अधिकारी आशिमा मित्तल ने बीएनएसएस की धारा-163 के तहत एक आदेश जारी किया, जिसमें सार्वजनिक सुरक्षा, उपद्रव या खतरे के लिए निषेधाज्ञा का प्रावधान है। आदेश के अनुसार, जालना व अंबड तहसीलों में रविवार को सुबह 5 बजे से मध्यरात्रि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी, जिसके तहत 5 से अधिक व्यक्तियों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

भीड़ जमा करने वाले 65 नामजद, सैकड़ों पर केस

■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी मनपा चुनाव के दौरान विभिन्न मतदान केंद्रों पर भीड़ जमा करने एवं मारा मारी करने करने की कई घटनाएं सामने आई। इस दौरान एक महिला पुलिस कर्मी को धक्का देकर गिराने एवं मतदान के लिए आई एक गाड़ी का शीशा तोड़ने का मामला भी सामने आया। ऐसे मामलों में 65 नामजद सहित 250 से 300 लोगों के विरुद्ध विभिन्न पुलिस स्टेशनों में मामला दर्ज किया गया है।

स्टेशन मुख्यालय ईसीएचएस आईएनएस एंग्रे

रोजगार सूचना

1. ईसीएचएस पॉलीक्लिनिक मुंबई और म्हाड तथा क्षेत्रीय केंद्र मुंबई में अनुबंध के आधार पर ईसीएचएस निम्नलिखित कर्मचारियों की नियुक्ति करने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जो एक वर्ष की नवीकरणीय अवधि के लिए एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि/अधिकतम आयु तक प्राप्त होने तक उम्मीदवारों के प्रदर्शन के अधीन है।

क्र. सं.	नियुक्ति	न्यूनतम योग्यता	रिक्तियों की संख्या	नियत पारिश्रमिक
1.1	चिकित्सा अधिकारी (पीसी मुंबई)	एमबीबीएस, न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।	05	95,000/-
1.2	दंत चिकित्सा अधिकारी (पीसी मुंबई)	बीडीएस, न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।	01	95,000/-
1.3	नर्सिंग सहायक (पीसी मुंबई)	जीएनएम डिप्लोमा/बीएससी नर्सिंग या कक्षा I नर्सिंग असिस्टेंट कोर्स (सशस्त्र बल), न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव	01	36,500/-
1.4	फिजियोथेरेपिस्ट (पीसी मुंबई)	डिप्लोमा/कक्षा I फिजियोथेरेपी कोर्स (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव	01	36,500/-
1.5	रेडियोग्राफर (पीसी मुंबई)	डिप्लोमा/कक्षा I रेडियोग्राफर कोर्स (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।	01	36,500/-
1.6	लैब टेक्नीशियन (पीसी मुंबई)	बी.एससी (मेडिकल लैब टेक) या (1) मैट्रिकुलेशन / हायर सेकेंडरी, न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव	02	36,500/-
1.7	लैब सहायक (पीसी मुंबई)	डीएमएलटी / कक्षा I लैबोरेटरी टेक्नीशियन कोर्स (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।	01	36,500/-
1.8	डेंटल हाइजीनिस्ट/सहायक (पॉलीक्लिनिक मुंबई)	डेंटल हाइजीन/कक्षा I डीएच/डीओ कोर्स (सशस्त्र बल) में डिप्लोमा धारक, न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव	01	36,500/-
	डेंटल टेक्नीशियन (पॉलीक्लिनिक मुंबई)	(i) किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिक बोर्ड या संस्थान से विज्ञान 10+2 के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। (ii) केंद्र/राज्य सरकार या डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत डेंटल हाइजीनिस्ट/डेंटल मैकेनिक कोर्स में दो साल का डिप्लोमा होना चाहिए, न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव।		
1.9	फार्मासिस्ट (पीसी मुंबई एवं एसईसीएचएस)	विज्ञान स्ट्रीम के साथ बी-फार्मा/10+2 (भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से अनुमोदित डी.फार्मा और फार्मेसी अधिनियम 1948 के तहत फार्मासिस्ट के रूप में पंजीकृत), न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।	03	36,500/-
1.10	लिपिक (पीसी मुंबई)	स्नातक/कक्षा I लिपिकीय ट्रेड (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।	01	25,600/-
1.11	चपरासी (पीसी मुंबई)	शिक्षा-कक्षा 8वीं जीडी ट्रेड (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।	01	21,800/-
1.12	सफाईवाला (पीसी मुंबई)	साक्षर, न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव।	01	21,800/-
1.13	महिला परिचारक (पीसी मुंबई)	साक्षर, सिविल या सेना स्वास्थ्य संस्थानों में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव	01	21,800/-
1.14	डाटा एंट्री ऑपरेटर (पीसी मुंबई)	स्नातक / प्रथम श्रेणी लिपिक ट्रेड (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।	01	29,200/-
1.15	चिकित्सा अधिकारी (आरसी मुंबई)	एमबीबीएस, न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।	01	95,000/-
1.16	डाटा एंट्री ऑपरेटर (आरसी मुंबई)	स्नातक / प्रथम श्रेणी लिपिक ट्रेड (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।	01	21,800/-
1.17	लिपिक (आरसी मुंबई)	स्नातक/कक्षा I लिपिकीय ट्रेड (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।	01	25,600/-
1.18	आईटी तकनीशियन (आरसी ईसीएचएस मुंबई)	आईटी नेटवर्किंग, कंप्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा/सर्टिफिकेट/समकक्ष न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव।	01	36,500/-
1.19	चिकित्सा विशेषज्ञ (पीसी म्हाड)	संबंधित स्पेशलिटी में एमडी/एमएस, पोस्ट ग्रेजुएशन के बाद स्पेशलिटी में न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव	01	1,30,000/-
1.20	चिकित्सा अधिकारी (पीसी म्हाड)	एमबीबीएस, न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।	01	95,000/-
1.21	डेंटल अधिकारी (पीसी म्हाड)	बीडीएस, न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।	01	95,000/-
1.22	प्रभारी अधिकारी (पीसी म्हाड)	स्नातक, हेल्थ केयर संस्थानों या प्रशासनिक पदों पर न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव	01	95,000/-
1.23	लैब टेक्नीशियन (पीसी म्हाड)	बी.एससी (मेडिकल लैब टेक) या (1) मैट्रिकुलेशन / हायर सेकेंडरी, न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव	01	36,500/-
1.24	नर्सिंग सहायक (पीसी म्हाड)	जीएनएम डिप्लोमा/बीएससी नर्सिंग या कक्षा I नर्सिंग सहायक कोर्स (सशस्त्र बल), न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव	01	36,500/-
1.25	डेंटल हाइजीनिस्ट/सहायक (पॉलीक्लिनिक म्हाड)	डेंटल हाइजीन/कक्षा I डीएच/डीओ कोर्स (सशस्त्र बल) में डिप्लोमा धारक, न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव	01	36,500/-
	डेंटल टेक्नीशियन (पॉलीक्लिनिक म्हाड)	(i) किसी मान्यता प्राप्त शैक्षिक बोर्ड या संस्थान से विज्ञान 10+2 या समकक्ष के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए। (ii) केंद्र/राज्य सरकार या डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ पंजीकृत डेंटल हाइजीनिस्ट/डेंटल मैकेनिक कोर्स में दो साल का डिप्लोमा होना चाहिए, न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव।		
1.26	फार्मासिस्ट (पीसी म्हाड)	विज्ञान स्ट्रीम के साथ बी-फार्मा/10+2 (भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से अनुमोदित और फार्मेसी अधिनियम 1948 के तहत फार्मासिस्ट के रूप में पंजीकृत), न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।	01	36,500/-
1.27	डीईओ/लिपिक (पीसी म्हाड)	स्नातक/कक्षा I लिपिकीय ट्रेड (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।	01	29,200/-
1.28	चपरासी (पीसी म्हाड)	शिक्षा-कक्षा 8वीं जीडी ट्रेड (सशस्त्र बल), न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव।	01	21,800/-
1.29	सफाईवाला (पीसी म्हाड)	साक्षर, न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।	01	21,800/-
1.30	चौकीदार (पीसी म्हाड)	साक्षर, न्यूनतम 03 वर्ष का अनुभव।	01	21,800/-
1.31	महिला परिचारक (पीसी म्हाड)	साक्षर, सिविल या सेना स्वास्थ्य संस्थानों में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव	01	21,800/-
	कुल रिक्तियां	38		

2. ईसीएचएस के लिए वेतन विकल्प : पूर्व सैनिकों (ईसीएचएस) के पास वेतन निर्धारण के लिए दो विकल्प होंगे।

2.1 एक निश्चित समेकित वेतन का विकल्प चुनें, या 2.2 निम्नलिखित सूत्र के अनुसार संपूर्ण अनुबंध अवधि के लिए वेतन निर्धारण का विकल्प चुनें: पीपीओ (नवीनतम पीपीओ) के अनुसार अंतिम आहरित वेतन में से पेंशन + लागू डीए के साथ टीए (%)।

3. नियम एवं शर्तें, आवेदन पत्र एवं पारिश्रमिक के लिए : कृपया हमारी वेबसाइट www.echs.gov.in देखें। अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया स्टेशन मुख्यालय ईसीएचएस, आईएनएस एंग्रे से टेली नंबर 022-22752229 और ईमेल आईडी: stnhqangre@echs.gov.in पर संपर्क करें। पूर्व सैनिकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

4. हमारी वेबसाइट पर दिए गए प्रारूप के अनुसार आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि : शैक्षिक योग्यता और कार्य अनुभव के समर्थन में डिस्चार्ज बुक की स्व-सत्यापित फोटोकॉपी के साथ अधिकृत प्रारूप के अनुसार आवेदन 14 फरवरी, 2026 तक प्रभारी अधिकारी स्टेशन मुख्यालय ईसीएचएस, आईएनएस आंग्रे, एसबीएस रोड, मुंबई 400001 के पास जमा करना होगा। 14 फरवरी, 2026 के बाद प्राप्त कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5. साक्षात्कार की तिथि, समय और स्थान : उम्मीदवारों को 0930 बजे से 1700 बजे के बीच आयोजित होने वाले साक्षात्कार के लिए 16 फरवरी, 2026 को 0900 बजे स्टेशन मुख्यालय ईसीएचएस, आईएनएस आंग्रे, एसबीएस रोड, मुंबई 400001 पर पहुंचना होगा। उम्मीदवारों को सभी मूल प्रमाणपत्र/दस्तावेज/डिग्री/कार्य अनुभव और डिस्चार्ज बुक/पीपीओ सेवा रिकॉर्ड लाना होगा। कोई टीए/डीए स्वीकार्य नहीं है। केवल न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करने वाले उम्मीदवार ही आवेदन करें।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 18-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFOC User: cci Time: 01-17-2026 22:30 Color:

ऐंटिबायोटिक्स दवाएं ही बन रही हैं 'बीमारी'!

ऐंटिबायोटिक दवाओं का असर होता है तो उन्हें बिना वजह और ज्यादा लेने से शरीर पर बुरा असर भी पड़ता है। हमने इन दवाओं का इतना ज्यादा उपयोग किया है कि अब ये कई बीमारियों को ठीक करने में बेअसर होने लगी हैं। हद तो यहां तक है कि इनसे जानवर भी नहीं बचे हैं। केंद्र सरकार ने भी इस पर ध्यान दिया है। ऐंटिबायोटिक दवाओं को कब लेना चाहिए? कब नहीं? इनका हम पर क्या असर पड़ रहा है? देश के बेहतरीन एक्सपर्ट्स से बातकर जानकारी दे रहे हैं लोकेश के. भारती

Photos : Adobe Stock

बिना वजह ऐंटिबायोटिक्स लेते रहें तो हम जल्द ही ऐंटिबायोटिक दवा की खोज से पहले वाली स्थिति में पहुंच जाएंगे।

ऐंटिबायोटिक्स बेवजह लेने से...

1 बिल बढ़ता है मरीज़ का

ऐंटिबायोटिक के ज्यादा उपयोग से जब बैक्टीरिया रेजिस्टेंस विकसित कर लेता है तो मरीज के अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि बढ़ जाती है। सामान्य ऐंटिबायोटिक्स की बात तो छोड़ दें, हेवी ऐंटिबायोटिक्स भी ठीक से असर नहीं कर पाते। इससे पहले जहां मरीज 3-4 दिनों में ठीक होकर डिस्चार्ज हो जाता था, अब उसे ठीक होने में 10 दिन भी लग सकते हैं। इस वजह से इलाज का खर्च बढ़ता है। इतना ही नहीं, बीमारी के गंभीर होने का खतरा भी बढ़ जाता है।

2 सबकी सेहत के लिए खतरा

जब जरूरत न हो तब ऐंटिबायोटिक्स लेने से ऐंटिबायोटिक्स रेजिस्टेंस तेजी से बढ़ती है। यह दुनिया में स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक है। अहम बात यह कि भारत की स्थिति भी काफी खराब है। दुनिया के जिन देशों में ऐंटिबायोटिक्स के उत्पादन से लेकर मेडिकल स्टोर में पहुंचने और फिर मरीजों को देने तक का पूरा लेखा-जोखा रखा जाता है, वहां ऐंटिबायोटिक्स रेजिस्टेंस की स्थिति अभी उतनी बुरी नहीं हुई है जितनी अपने देश में होती जा रही है।

3 ऐंटिबायोटिक्स की रेजिस्टेंस

यह समझना भी जरूरी है कि रेजिस्टेंस किसमें होती है? कुछ लोग शायद गलती से यह मान बैठते हैं कि ज्यादा ऐंटिबायोटिक्स लेने से हमारे अंदर ऐंटिबायोटिक्स के प्रति रेजिस्टेंस पैदा हो जाता है। लेकिन सच यह है जो ऐंटिबायोटिक पहले बैक्टीरिया को खत्म करता था यानी जिससे बैक्टीरिया हार जाता था, उस बैक्टीरिया ने हमारे इस हथियार से लड़ना सीख लिया। इसलिए अब हम उसे हरा नहीं पाते और कई कई बार जिंदगी की जंग हार जाते हैं।

4 बीमारी से लड़ने की क्षमता कम

अगर किसी शख्स को यह लगता है कि किसी अडल्ट को गैरजरूरी ऐंटिबायोटिक्स लेने से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता तो वह गलत है। इस तरह की इम्यूनिटी चाहे वह बच्चा हो, युवा हो या फिर बुजुर्ग यानी किसी भी उम्र के लोगों को हो सकती है। आजकल युवाओं में भी निमोनिया जैसी बीमारी से लड़ने की क्षमता कम होती जा रही है। वहीं, डॉक्टरों को भी सीधे हेवी ऐंटिबायोटिक्स लिखने से बचना चाहिए। अगर जरूरी न हो तो न लिखें या फिर कम पावर की दवा लिखें।

5 हर मौसम में हो जाते हैं बीमार

जब बैक्टीरिया रेजिस्टेंट हो जाता है तो सामान्य इन्फेक्शन भी कई बार गंभीर बीमारी में बदल जाता है। ऐंटिबायोटिक्स का ज्यादा उपयोग करके हम जाने-अनजाने बैक्टीरिया को ही ज्यादा ताकतवर बना रहे हैं और अपने शरीर की इम्यूनिटी को कमजोर कर रहे हैं। जब इम्यूनिटी कमजोर होती है तो कोई भी बैक्टीरिया, वायरस बहुत ज्यादा शक्तिशाली हो जाता है। हम अक्सर बीमार रहने लगते हैं। हर बदलते मौसम का असर हम पर होने लगता है।

ऐंटिबायोटिक्स का उपयोग मनमर्ज़ी से न करें: PM मोदी

■ हेमंत राजौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में मन की बात कार्यक्रम में देशवासियों से ऐंटिबायोटिक दवाओं के उपयोग में सावधानी बरतने का आग्रह किया था। उन्होंने ICMR (इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च) की एक हालिया रिपोर्ट का हवाला दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे मनमर्जी से दवाओं का उपयोग करने से बचें।

ICMR की सालाना रिपोर्ट ने बताया

ICMR ने देश में बढ़ते ऐंटिबायोटिक रेजिस्टेंस पर हाल ही में अपनी नई सालाना रिपोर्ट जारी की है, जिसमें साफ कहा गया है कि कई बैक्टीरिया पर कुछ ऐंटिबायोटिक दवाओं का असर कम हो रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के बड़े अस्पतालों से लिए गए इन्फेक्शन वाले करीब 99 हजार मरीजों के सैंपल जांचे गए। इनमें सबसे ज्यादा ई-कोली (E.coli), क्लेबसिएला, स्यूडोमोनास और एसिनेटोबैक्टर जैसे बैक्टीरिया की मौजूदगी थी जो यूरिन इन्फेक्शन, ब्लड इन्फेक्शन और फेफड़ों के गंभीर रोग पैदा करते हैं।

मेडिकल साइंस के पास ये हैं रास्ते

एम्स के मेडिसिन विभाग के प्रफेसर डॉ. नीरज निश्चल के मुताबिक, ऐंटिबायोटिक दवाओं के बेअसर होने की समस्या यानी सुपरबग्स गंभीर खतरा बन चुके हैं। ICU में सेप्सिस (इन्फेक्शन की खतरनाक स्थिति) के कई मामले और टाइफाइड व टीबी जैसी बीमारियां अब ड्रग रेजिस्टेंट हो रही हैं, जिससे इलाज महंगा और लंबा हो जाता है। इसकी वजह बिना जरूरत दवा लेना, अधूरा इलाज, अस्पतालों में इन्फेक्शन कंट्रोल की कमी और नकली दवाएं हैं। यह लड़ाई डॉक्टरों के साथ-साथ आम जनता को भी मिलकर लड़नी होगी और उन्हें ऐंटिबायोटिक्स के बेवजह इस्तेमाल से परहेज करना होगा। साथ ही, वैक्सिनेशन प्रोग्राम, साफ-सफाई भी बेहद जरूरी है।' साइंटिस्ट इलाज के नए और बेहतर विकल्प खोज रहे हैं। इनमें सबसे ज्यादा चर्चा 'फेज थेरपी' की है। यह बैक्टीरियोफेज नाम के वायरस का उपयोग करके ऐंटिबायोटिक-रजिस्टेंट बैक्टीरियल इन्फेक्शन का इलाज करने की पद्धति है। इसके अलावा एक और अहम विकल्प है इम्यूनोथेरपी। यह इलाज शरीर की इम्यूनिटी को मजबूत करता है।

इन परेशानियों में ऐंटिबायोटिक दवाएं उपयोगी नहीं: सर्दी-जुकाम, वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, कोविड-19, फ्लू आदि।

ऐसे गंभीर मामलों में डॉक्टर लिखते हैं ऐंटिबायोटिक दवाएं:

घाव में इन्फेक्शन, टाइफाइड, टीबी, कभी-कभी फोड़े-फुंसी, दांतों से जुड़ी परेशानियां, सिफलिस, गोनोरिया, यूरिन में इन्फेक्शन, किडनी या प्रोस्टेट का इन्फेक्शन, बैक्टीरियल निमोनिया (यह बहुत कॉमन है), टॉन्सिलाइटिस, काली खांसी, बैक्टीरियल डायरिया आदि।

दवाओं के मामले में ये होती हैं हमारी गलतियां

ऐसी कुछ गलतियां हम जान-बूझकर करते हैं तो कुछ अनजाने में हो जाती हैं।

ऐंटिबायोटिक ऐसी दवाएं होती हैं जो बैक्टीरिया को खत्म करती हैं या फिर उनकी बढ़त रोकती हैं। ऐंटिबायोटिक दो शब्दों से मिलकर बना है। ऐंटी का मतलब है विरोध और बायोटिक मतलब है जीवन से संबंधित। यहां जीवन से मतलब बैक्टीरिया के जीवन से है। सीधे कहें तो यह जीवाणुओं (बैक्टीरिया) के जीवन के विरुद्ध काम करने वाली दवा है। लेकिन ऐंटिबायोटिक दवा लेने में कई तरह की समस्याएं हैं। सबसे पहले तो यह है कि उन बीमारियों में, जहां इन्हें लेने का कोई मतलब नहीं है, वहां भी ले लिया जाता है। मसलन: यह वायरस की वजह से पैदा हुई बीमारी (वायरल फीवर, खांसी आदि) में भी ले लिया जाता है। जब ऐंटिबायोटिक का उपयोग इस कदर धड़ल्ले से होगा तो इसका असर कम होना स्वाभाविक है।

आजकल ऐसे मरीज़ ज्यादा आ रहे हैं जो पहले ही सभी तरह के ऐंटिबायोटिक्स ले चुके होते हैं। ऐसे में दवाओं के विकल्प कम हो जाते हैं। इसलिए सामान्य इन्फेक्शन में ऐंटिबायोटिक न लें। वायरल फीवर, सामान्य डायरिया, पेट के हल्के दर्द में ऐंटिबायोटिक के इस्तेमाल से बचना चाहिए।
-डॉ. एस. के. सरीन, डायरेक्टर, ILBS

सामान्य फीवर होने पर ले लेते हैं ऐंटिबायोटिक दवाएं

ILBS के डायरेक्टर डॉ. एस. के. सरीन कहते हैं, 'जब तक ब्लड या यूरिन आदि टेस्ट में पुष्टि न हो तब तक ऐंटिबायोटिक दवा लेने का कोई मतलब नहीं है। अगर किसी बच्चे को गैरजरूरी ऐंटिबायोटिक दवा दी जाती है तो आगे चलकर उसे फैटी लिवर का खतरा बढ़ जाता है। ऐंटिबायोटिक ऐसी दवाएं नहीं हैं कि इन्हें हमेशा ही सामान्य स्थितियों में भी लेना चाहिए। कई लोग एलर्जी के मामलों में भी ले लेते हैं। यह गलत है। इनका उपयोग बेहद समझदारी से होना चाहिए। डॉक्टर के पर्चे पर ज्यादा दवा नहीं होनी चाहिए। अगर मरीज को ज्यादा परेशानी नहीं है तो 4 या ज्यादा से ज्यादा 5 दवा तक काफी है। वैसे अगर दवा न देनी पड़े या 1-2 दवा से ही काम चल जाए तो इससे बढ़िया कुछ भी नहीं।

गूगल और AI पर डॉक्टरों से ज्यादा भरोसा

सीनियर जनरल फिजिशन डॉ. यतीश अग्रवाल कहते हैं, 'हमारे देश में मेडिकल की पढ़ाई किए बिना भी कई 'डॉक्टर' बन जाते हैं। इनमें केमिस्ट, गूगल, AI चैटबॉट, खुद मरीज और उनके अटेंडेंट आदि भी शामिल हैं। बीमारी बड़ी हो या फिर छोटी, कई लोग इलाज की शुरुआत इन्हीं से दवा पूछकर करते हैं। इस दौरान कई बार लोग छोटी परेशानी के लिए भी पावरफुल मेडिसिन ले लेते हैं या गैरजरूरी दवा लेते हैं। इसका नुकसान बाद में दिखता है। उनका डॉक्टरों तक पहुंचने का नंबर बहुत पीछे आता है।' कई बार डॉक्टर भी ज्यादा दवाएं दे देते हैं, भले ही उनकी जरूरत हो या न हो।

2050 तक एशिया में लगभग 47 लाख मौतें ऐसी होंगी, जिन्हें सीधे तौर पर ऐंटिमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस से जोड़ा जा सकेगा, ऐसा अनुमान है।

ज्यादा ऐंटिबायोटिक्स का बुरा असर इंसानों ही नहीं, जानवरों पर भी हो रहा है। उन पर भी असर कम होने लगा है। उन्हें भी बिना सलाह के ज्यादा ऐंटिबायोटिक्स दी जा रही हैं। फिर दूध, मीट आदि के माध्यम से उन ऐंटिबायोटिक्स का कुछ अंश हम तक पहुंच जाता है, जिसका नुकसान होता ही है।
-डॉ. यतीश अग्रवाल, सीनियर जनरल फिजिशन

केमिस्ट को ही मान लेते हैं डॉक्टर

कई बार लोग केमिस्ट से पूछकर या इंटरनेट आदि की मदद से भी दवा लेते हैं। उन्हें यह पता नहीं होता कि मरीज को पहले से भी कोई बीमारी है या नहीं। मान लें, किसी को किडनी की शुरुआती परेशानी हो और उसे बुखार होने पर सीधे ही पावरफुल ऐंटिबायोटिक्स देना शुरू कर दें तो किडनी पर ज्यादा बुरा असर पड़ता है। ऐसे में दवा लेने से नुकसान ही ज्यादा होता है। वहीं, अगर कोई दूसरी परेशानी न भी हो तो भी बुखार आदि में किसी सामान्य शख्स को शुरुआत में ही ज्यादा पावरफुल ऐंटिबायोटिक्स देना सही नहीं है। अगर बुखार के अलावा दूसरे लक्षण नहीं हैं तो शुरुआत में पहले 3 दिनों तक सामान्य तौर पर पैरासिटामोल दवा ही दी जाती है।

दवा का कोर्स ही पूरा नहीं करते

किसी बीमारी या परेशानी में मरीज को कोई दवा लिखी जाती है तो फायदा शुरू होते ही बहुत-से मरीज कोर्स पूरा किए बिना ही दवा खाना छोड़ देते हैं। ऐसा अक्सर ऐंटिबायोटिक के मामले में देखा जाता है। अगर किसी को ऐंटिबायोटिक दवा का कोई कोर्स 5 या 7 दिन के लिए दिया गया है तो डॉक्टर से पूछे बिना दवा बंद नहीं करनी चाहिए। बीच में दवा बंद करने से भी वह शख्स उतनी पावर की ऐंटिबायोटिक दवा के प्रति ज्यादा संवेदनशील नहीं रहता। ऐसे में अगली बार उसे उसी तरह की बीमारी होने पर उससे भी ज्यादा पावर की और ज्यादा डोज वाली ऐंटिबायोटिक दवा देनी पड़ती है। ऐसे में नुकसान तो मरीजों का ही होता है।

इन्फेक्शन हमें हर दिन होता है। गट में लाखों हानिकारक बैक्टीरिया मौजूद रहते हैं। लेकिन आमतौर पर वही शख्स बीमार पड़ता है जिसकी इम्यूनिटी कमज़ोर होती है। जब शरीर खुद इन्फेक्शन से न लड़ पाए तो डॉक्टरों की सलाह से ऐंटिबायोटिक दवा लेनी चाहिए और कोर्स पूरा करना चाहिए।
-डॉ. संजय राय, प्रफेसर, कम्यूनिटी मेडिसिन, AIIMS

फ्लू होने पर भी दे देते हैं ऐंटिबायोटिक्स

ऐंटिबायोटिक्स और दूसरी दवाओं का इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह से ही करें। ऐंटिबायोटिक्स अहम दवा होती हैं। अगर आप इसका पूरा कोर्स नहीं लेंगे तो इन्फेक्शन ज्यादा खराब स्थिति में पहुंच सकता है। यह भी याद रखें कि ऐंटिबायोटिक्स वायरल इन्फेक्शन जैसे फ्लू ठीक नहीं करता। एम्स में कम्यूनिटी मेडिसिन के प्रफेसर डॉ. संजय राय कहते हैं, 'अगर आपको फ्लू है और ऐंटिबायोटिक इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको कोई फायदा नहीं होने वाला है।' ऐंटिबायोटिक्स किसी भी गंभीर मेडिकल स्थिति में जब इन्फेक्शन बैक्टीरिया से हो तो ही फायदा होता है।

इस बात का ध्यान डॉक्टरों को भी रखना चाहिए कि बहुत ज़रूरी होने पर ही ऐंटिबायोटिक दवा लिखें। यह बड़ी समस्या बनती जा रही है। किसी मरीज़ के दबाव में डॉक्टर ऐंटिबायोटिक्स लिखने से बचें। मरीज़ों को भी डॉक्टरों पर ऐंटिबायोटिक्स लिखने का गैरज़रूरी दबाव बनाने से बचना चाहिए।
-डॉ. गिरीश त्यागी, प्रेसिडेंट, दिल्ली मेडिकल असोसिएशन

विदेश से नहीं सीखते हम

दूसरे देशों की तरह हमें भी अपने यहां ऐंटिबायोटिक दवाओं के उत्पादन से लेकर उपयोग तक का पूरा लेखा-जोखा रखना चाहिए। इसमें केमिस्ट (मेडिकल स्टोर वाला) और किस पेशंट को दिया गया, इसकी भी जानकारी रखनी चाहिए, ताकि इसका मिसयूज कम हो सके। इससे ऐंटिबायोटिक्स रेजिस्टेंस की समस्या से काफी हद तक छुटकारा पाया जा सकेगा। सीधे कहें तो प्रशासनिक सक्रियता की जरूरत है। अगर हम सचेत न हुए तो आगे यह बड़ी समस्या बन जाएगी।

ऐंटिबायोटिक दवा के साथ प्रोबायोटिक भी देनी चाहिए

ऐंटिबायोटिक दवा लेने के बाद हमारी आंतों में मौजूद गुड बैक्टीरिया कम होने लगते हैं। हमारी पाचन क्षमता कमजोर होती है। अमूमन 4 से 5 दिनों तक ऐंटिबायोटिक्स की सामान्य डोज यानी दिन में एक बार लेने से ज्यादा बुरा असर नहीं पड़ता। जब दिन में 2 से 3 बार ऐंटिबायोटिक्स लेनी हों तो अमूमन इस तरह की परेशानी होती है। कुछ डॉक्टर साथ में प्रोबायोटिक भी लिखते हैं, लेकिन ज्यादातर नहीं लिखते। बड़ी वजह दवाओं की अधिकता बताई जाती है। जैसे बुजुर्ग मरीजों को दवाओं को याद रखने में परेशानी होती है।

मुझे नहीं लगता कि रविंद्र जाडेजा की फॉर्म किसी तरह से भी चिंता का विषय है। यह केवल एक विकेट की बात है। एक बार वह विकेट मिल जाए तो आपको एक बिल्कुल अलग तरह का गेंदबाज देखने को मिलेगा। *-मोहम्मद सिराज, पेसर, टीम इंडिया*

111.13

स्ट्राइक रेट है केएल राहुल का न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में। भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए वनडे मुकाबलों में कम से कम 250 गेंद खेलने वाले बैटर्स के बीच राहुल का स्ट्राइक रेट बेस्ट है

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए वनडे मुकाबलों में किस बैटर का स्ट्राइक रेट सबसे अधिक है?
A) विराट कोहली B) जोसी राइडर C) ब्रेंडन मैकुलम D) केएल राहुल
2. डेमियन मार्टिन किस देश के पूर्व क्रिकेटर हैं?
A) इंग्लैंड B) ऑस्ट्रेलिया C) वेस्टइंडीज D) साउथ अफ्रीका

कल के जवाब
1. A) 28 2. B) जार्वोसिर सिद्धार्थ

लकी WINNER

1. वेदांशी, रमेश नगर, दिल्ली
2. कृणाल गडकरी, ठाणे, महाराष्ट्र
3. रुद्रिका बहल, गुड़गांव, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

मार्टिन हुए डिसचार्ज

■ **मेलबर्न:** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेमियन मार्टिन मैनिन्जाइटिस से उबरने के बाद शनिवार को अस्पताल से घर लौट आए। 27 दिसंबर 2025 को बीमार पड़ने के बाद उन्हें ICU में रखा गया था। जनवरी के पहले सप्ताह से उनकी हालत में सुधार होने लगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ घर पर पहली वनडे सीरीज हार टालने उतरेगा भारत

दांव पर साख

भारत Vs न्यूजीलैंड
वनडे सीरीज, तीसरा मैच

PTI
मुकाबले की पूर्व संध्या पर भारतीय ओपनर रोहित शर्मा

■ **एजेंसियां, इंदौर:** न्यूजीलैंड की टीम पिछली बार साल 2024 में जब भारत दौरे पर आई थी तब उसने घरेलू धरती पर टेस्ट फॉर्मेट में भारत के बरसों से चले आ रहे दबदबे को समाप्त किया था। अब वनडे फॉर्मेट में टीम इंडिया की साख दांव पर है। न्यूजीलैंड टीम ने भारत में अभी तक न कोई वनडे सीरीज जीती है और आज होने वाले वनडे सीरीज के अंतिम मुकाबले में इस रेकॉर्ड को बनाए रखने के लिए टीम इंडिया को अपने तीनों ही विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। तीन मैचों की सीरीज अभी 1-1 से बराबर है। मार्च 2019 के बाद से भारत ने अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं हारी है। तब ऑस्ट्रेलिया ने 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सीरीज 3-2 से जीती थी, लेकिन अब यह रेकॉर्ड दांव पर लगा है।

कोच गंभीर का रेकॉर्ड खराब: भारत के हेड कोच गौतम गंभीर नहीं चाहेंगे कि उनके नेतृत्व में घरेलू मैदान पर टीम को एक और सीरीज में हार का सामना करना पड़े। विशेषकर तब जबकि उन्होंने कई अनचाहे रेकॉर्ड बनाए हैं। गंभीर के कोच रहते हुए भारत ने घर पर पांच टेस्ट मैच हारे हैं और पहली बार श्रीलंका में वनडे सीरीज गंवाई। न्यूजीलैंड के लिए भी यह मैच काफी महत्वपूर्ण है। उसकी टीम ने 1989 से द्विपक्षीय वनडे मैचों के लिए भारत का दौरा किया है, लेकिन यहां कभी भी सीरीज नहीं जीती है। इस इंतजार को खत्म करने का यह उसके पास सबसे अच्छा मौका है।

रोहित पर होगा अतिरिक्त दबाव: इस सीरीज में अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित शर्मा पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी। शीर्ष क्रम पर उनका बेहद आक्रामक रवैया हालिया वनडे मैचों में भारत की रणनीति का अहम हिस्सा रहा है, लेकिन बार-बार जल्दी आउट होने से उन पर थोड़ा दबाव बढ़ गया है। दूसरी ओर विराट कोहली भारत की वनडे बल्लेबाजी का मुख्य आधार बने हुए हैं। इन दोनों खिलाड़ियों के लिए 50 ओवर का अगला टूर्नामेंट संभवतः जुलाई में इंग्लैंड दौरे के दौरान होगा और ऐसे में प्रशंसक एक बार फिर कोहली और रोहित से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। केएल राहुल की भूमिका एक ऐसा पहलू है जहां पहले से ही स्पष्टता नजर आती है। नंबर पांच पर उनके अच्छे प्रदर्शन से इस बात का पता चलता है कि उन्हें इसी नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतारना सही होगा। वह इस नंबर पर सूत्रधार की अच्छी भूमिका निभा सकते हैं।

बोलिंग कॉम्बिनेशन में होगा चेंज: यह देखना दिलचस्प होगा कि इस मैच में भारतीय टीम प्रबंधन नितीश कुमार रेड्डी और आयुष बडोनी में से किस को प्लेइंग इलेवन में रखता है। ऑलराउंडर रेड्डी तेज गेंदबाजी करते हैं लेकिन बोलिंग में उनका इस्तेमाल कम ही किया जाता है। बडोनी मध्यक्रम के अच्छे बैटर और ऑफ स्पिन गेंदबाज हैं। बाएं हाथ के पेसर अर्शदीप सिंह को टीम में शामिल करने से आक्रमण को मजबूती मिल सकती है। यहां के मैदान पर सफलता अक्सर तेज गति के बजाय विविधताओं पर निर्भर करती है। अर्शदीप की नई गेंद को स्विंग कराने, सटीक गेंदबाजी करने और डेथ ओवरों में यॉर्कर डालने की क्षमता भारत को रणनीतिक बढ़त दिलाएगी।

व्हाइट बॉल रैंकिंग

टेलिकास्ट: दोपहर 1:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

दबाव में बिखरने का रहा है ट्रैक रेकॉर्ड

न्यूजीलैंड की टीम अब तक वनडे क्रिकेट के लिए 16 बार भारत का दौरा कर चुकी है, जिसमें चार वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है। हालांकि, इन सभी दौरों में वे कभी भी खिताब जीतने में सफल नहीं रहे। सिर्फ तीन मौकों पर ही वे निर्णायक मैच तक पहुंच सके। इन तीनों ही निर्णायक मैचों में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा। साल 1995 में वे 126 पर ऑलआउट हो गए, 2016 में 79 रन पर और 2017 में सात विकेट हाथ में रहते हुए भी दस ओवर में 90 रन का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए। यह कीवी टीम अपेक्षाकृत थोड़ी अनुभवहीन भी है, जिसमें 8 प्लेयर पहली बार भारत में खेल रहे हैं। शुरुआती दो मैचों में एक-एक खिलाड़ी ने डेब्यू किया और पांच खिलाड़ियों ने अब तक दस से भी कम अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

विहान की जादुई फिरकी ने दिलाई भारत को जीत

वर्षा प्रभावित मैच में बांग्लादेश को 18 रन से हराया

अंडर-19 वर्ल्ड कप
विहान (दाएं) ने चार ओवरों में 4 विकेट लिए

■ **एजेंसियां, बुलावायो:** मुश्किल हालात में अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी की जुझारू अर्धशतकीय पारियों के बाद विहान मल्होत्रा (4/14) की अगुआई में शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में शनिवार को वर्षा बाधित मैच में बांग्लादेश पर डकवर्थ लुइस नियम के अनुसार 18 रन से रोमांचक जीत हासिल की। टूर्नामेंट में भारत की यह दो मैचों में दूसरी जीत है जबकि बांग्लादेश को अपने पहले मुकाबले में हार मिली। मुकाबले में बारिश ने लगातार मैच में रुकावट डाली। तेज गेंदबाज अल फहाद (5/38) की धारदार बोलिंग के बीच भारत ने कुंडू के 80 रन और वैभव के 72 रन की पारी की बदौलत 48.4 ओवर में 238 रन का टोटल खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने 17.2 ओवरों में दो विकेट पर 88 रन बना लिए थे, तभी तेज बारिश की वजह से खेल रोकना पड़ा। खेल दोबारा शुरू हुआ तो बांग्लादेश को कुल 29 ओवरों में 165 रन का नया लक्ष्य मिला। लक्ष्य बांग्लादेश के लिए बेहद आसान दिख रहा था और वे आसानी से इसकी ओर बढ़ भी रहे थे, लेकिन फिर विहान की फिरकी ने मैच का रुख बदल दिया। विहान ने अपने शुरुआती चार ओवरों में चार विकेट चटकाकर भारत की मुकाबले में वापसी कराई।

वैभव नहीं दिखा अपना अंदाज: आक्रामक युवा सलामी बल्लेबाज वैभव भी फिर परिचित अंदाज में नहीं खेल पाए और उन्हें 72 रन की पारी में 67 गेंद खेलनी पड़ी। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। कुंडू ने दो जीवनदानों का पूरा फायदा उठाते हुए 112 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 80 रन बनाए। बारिश के कारण 65 मिनट का व्यवधान होने के कारण मैच 49 ओवर प्रति टीम कर दिया गया था।

हाथ नहीं मिलाने पर BCB ने दी सफाई: मैच से पहले टॉस के दौरान दोनों टीमों के कप्तानों ने परंपरा के अनुसार हाथ नहीं मिलाए, हालांकि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने बाद में कहा कि उनके कप्तान ने ऐसा जान बूझकर नहीं किया और यह क्षणिक चूक से हो गया। बारिश के कारण मैच देरी से शुरू होने के बाद भारत के कप्तान आयुष म्हात्रे और बांग्लादेश के उप कप्तान जवाद अबरार टॉस के लिए आए थे। लेकिन सिक्का उछालने से पहले या बाद में उन्होंने हाथ नहीं मिलाया। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बाद में एक बयान में कहा, 'विरोधी टीम के प्रति असभ्यता या अनादर दिखाने का कोई इरादा नहीं था। बोर्ड यह स्पष्ट करना चाहता है कि विरोधी कप्तान से हाथ नहीं मिलाने की घटना पूरी तरह से गैर इरादतन थी और एकाग्रता क्षणिक तौर पर भंग होने के कारण हुई। विरोधी के प्रति अनादर या असभ्यता दिखाने का मकसद नहीं था।'

बांग्लादेश ने ICC से वर्ल्ड कप में ग्रुप बदलने के लिए कहा

ढाका: बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) ने शनिवार को ICC से कहा कि भारत की बजाय श्रीलंका में खेलने के लिए टी20 वर्ल्ड कप में उसे ग्रुप-बी में आयरलैंड की जगह शामिल कर दिया जाए। बांग्लादेश ग्रुप-सी में वेस्टइंडीज, इटली, इंग्लैंड और नेपाल के साथ है और उसे लीग मैच कोलकाता तथा मुंबई में खेलने हैं। आयरलैंड ग्रुप-बी में श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, ओमान और जिंबाब्वे के साथ है जिसे अपने मैच कोलंबो और पल्लेकेले में खेलने हैं। ICC की दो सदस्यीय टीम भारत में सुरक्षा इंतजामात को लेकर बीसीबी को आश्वस्त करने के लिए ढाका में थी। BCB ने ICC प्रतिनिधियों से मिलने के बाद एक बयान में कहा, 'बातचीत के दौरान बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने ICC से उसके मैच श्रीलंका में कराने का अनुरोध दोहराया।'

सिनर-अल्का का 'राज' तोड़ना चाहेंगे जोकोविच

नोवाक ने 10 ऑस्ट्रेलियन ओपन टाइटल जीते हैं

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

■ **एपी, मेलबर्न:** सर्बिया के नोवाक जोकोविच 'बिग थ्री' के आखिरी सदस्य हैं, जो अभी भी प्रोफेशनल टेनिस में हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि, नई जनरेशन के यानिक सिनर और कार्लोस अल्कराज के आने के बाद इस सर्बियाई का वर्चस्व जरूर कमजोर पड़ा है। साल 2021 से 2023 तक 12 ग्रैंडस्लैम में से सात जीतने वाले जोकोविच पिछले दो सीजन में एक भी ग्रैंडस्लैम नहीं जीत पाए हैं। लेकिन 38 वर्षीय जोकोविच को भरोसा है कि वह आज से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन में इतिहास रचते हुए अपना 25वां सिंगल्स ग्रैंडस्लैम खिताब जीत सकते हैं, भले ही उनकी राह में सिनर और अल्कराज क्यों न खड़े हों। जिन्होंने पिछले आठ ग्रैंडस्लैम में से चार-चार अपने नाम किए हैं। जोकोविच सोमवार को स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। सिनर का पहला मैच ह्यूगो गस्टन से होगा, जबकि अल्कराज ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन से भिड़ेंगे।

सौराष्ट्र-विदर्भ में आज फाइनल

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** किसी बड़े स्टार की गैरमौजूदगी के बावजूद अपने प्रदर्शन के दम पर फाइनल तक पहुंचे सौराष्ट्र और विदर्भ आज BCCI सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (COE) मैदान पर विजय हजारे ट्रॉफी के खिताब के लिए भिड़ेंगे। सौराष्ट्र जहां अपना तीसरा खिताब जीतने उतरेगा, वहीं विदर्भ पहली बार चैंपियन बनने का सपना साकार करना चाहेगा। कागजों पर दोनों टीमें लगभग बराबरी की दिखती हैं। दोनों टीमों की सफलता का आधार संतुलित बल्लेबाजी और अनुशासित गेंदबाजी रहा है। सौराष्ट्र के लिए कप्तान हार्विक देसाई टूर्नामेंट में अब तक 561 रन बनाकर सबसे भरोसेमंद बल्लेबाज रहे हैं। उन्हें विश्वराज जाडेजा (536 रन) का भरपूर साथ मिला है।

तीन दिन में यूपी ने मुंबई को दूसरी बार शिकस्त दी

विमिंस प्रीमियर लीग

■ **एजेंसियां, नवी मुंबई:** कप्तान मेग लैनिंग (70 रन, 45 बॉल, 11 फोर, 2 सिक्स) और फीबी लिचफील्ड (61 रन, 37 बॉल, 7 फोर, 3 सिक्स) की फिफ्टी के बाद गेंदबाजों के सटीक प्रदर्शन से यूपी वॉरियर्ज ने शनिवार को विमिंस प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस को 22 रन से हराया। यह वॉरियर्ज की मुंबई पर बीते तीन दिन में दूसरी जीत है। इससे पूर्व, दोनों के बीच गुरुवार को हुए मैच में वॉरियर्ज ने 7 विकेट से बाजी मारी थी।

पहले बल्लेबाजी करते हुए यूपी वॉरियर्ज ने आठ विकेट पर 187 रन बनाए। लैनिंग और लिचफील्ड ने दूसरे विकेट के लिए 76 गेंद में 119 रन जोड़कर मजबूत आधार दिया। हरलीन देओल (25) और क्लोई ट्रायोन (21) ने अंतिम ओवरों में तेजी दिखाई। जवाब में अमेलिया केर (49*) और अमनजोत कौर (41) की पारियों के बावजूद, टीम 20 ओवर्स में छह विकेट पर 165 रन तक ही पहुंच सकी।

ब्रैड-वॉलेस की हैटट्रिक, टाइगर्स से जीते तूफांस

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** जैकरी वॉलेस और टिम ब्रैड की हैटट्रिक की बदौलत हैदराबाद तूफांस का हॉकी प्रीमियर लीग (HIL) में लगातार तीन मैच से चला आ रहा हार का सिलसिला थमा। उन्होंने शनिवार को हुए लीग के अपने छठे मुकाबले में श्राची बंगाल टाइगर्स को 6-0 के बड़े अंतर से मात दी। इससे पूर्व हैदराबाद ने ब्रैड और वॉलेस की बदौलत पकड़ बनाई। मुकाबला शुरू होने के दो मिनट के भीतर ही वॉलेस ने तूफांस को 1-0 से आगे कर दिया। ब्रैड ने 12वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। दूसरे क्वॉर्टर के 17वें और फिर 30वें मिनट में गोल कर अपनी हैटट्रिक पूरी की।

Enterटेनमेंट masalamix

सना खान बोलीं, 'किसी ने प्रभावित नहीं किया'



सना खान के 2020 में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री छोड़ने के बाद उनके प्रति मुफ्ती अनस सईद पर सना का ब्रेनवॉश करने का आरोप लगा था। हाल ही में सना खान ने कहा है कि यह बिल्कुल भी सच नहीं है। कोई भी आपको प्रभावित नहीं कर सकता, जब तक आप खुद ना चाहें।

एक दर्जन सीक्वल ला रहा है 2026

प्रशांत जैन

दर्शकों के कोविड के बाद सिनेमाघरों में नहीं लौटने से फिल्म इंडस्ट्री वाले खासे परेशान थे। उधर साउथ और हॉलिवुड की फिल्मों की रीमेक फिल्म बनाने का हिट फॉर्मूला भी खतरे में पड़ गया। कोविड के दौरान पब्लिक ने न सिर्फ साउथ बल्कि वर्ल्ड सिनेमा की फिल्मों को भी ओटीटी और इंटरनेट पर देख डाला। किसी भी रीमेक फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही दर्शक उसकी ओरिजिनल फिल्म की चर्चा शुरू कर देते। इसके चलते कई रीमेक बॉलिवुड फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाईं।

इसी दौरान साल 2023 में सनी देओल की फिल्म गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाई करके सबको हैरान कर दिया। अपनी प्रीक्वल गदर एक प्रेम कथा की रिलीज के करीब 22 साल बाद रिलीज हुई इस सीक्वल फिल्म ने ना सिर्फ मुश्किलों से गुजर रही फिल्म इंडस्ट्री में जान डाल दी, बल्कि एक अदद सुपरहिट के लिए परेशान फिल्म वालों को सफलता का नया फॉर्मूला दे दिया। इसके बाद तो फिल्म निर्माताओं ने धड़ाधड़ अपनी सुपरहिट फिल्मों के सीक्वल घोषित करने शुरू कर दिए। नतीजतन इस साल करीब एक दर्जन सीक्वल फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार हैं। वहीं आने वाले सालों में भी यह सिलसिला जारी रहने वाला है, क्योंकि फिल्म इंडस्ट्री में डेढ़ दर्जन से ज्यादा सीक्वल फिल्मों की प्लानिंग चल रही है। हॉलिवुड वाले तो पहले से सीक्वल फिल्में बना रहे हैं, लेकिन अब बॉलिवुड व साउथ वाले भी इस हिट फॉर्मूले को आजमा रहे हैं।

> अगर किसी सुपरहिट फिल्म का सीक्वल बनता है, तो उसे फिल्म की रिकॉल वैल्यू के चलते अच्छी ओपनिंग मिल जाती है, लेकिन फिल्म का ओवरऑल प्रदर्शन उसके कॉन्टेंट पर निर्भर करता है।
> -गिरीश जौहर, फिल्म बिजनेस एनालिस्ट

आने वाले सीक्वल
- स्त्री 3 ● काबिल 2
- गदर 3 ● जवान 2
- रामायण 2
- एनिमल 2
- पठान 2 ● गोलमाल 5
- कृष 4 ● डॉन 3
- हेरा फेरी 3 ● जाट 2
- खलनायक 2
- खाकी 2 ● तनु वेड्स मनु 3 ● नो एंट्री 2
- किक 2 ● शैतान 2

2026 के सीक्वल
- बॉर्डर 2 ● मर्दानी 3
- वध 2
- पति पत्नी और वो 2 ● धुरंधर 2 ● आवारापन 2
- धमाल 4 ● जेलर 2
- भेड़िया 2
- कॉकटेल 2
- दृश्यम 3 ● वेलकम 3

'सीक्वल फिल्म को मिलती है अच्छी शुरुआत'

2025 में करीब एक दर्जन सीक्वल फिल्में रिलीज हुई हैं। इनमें जॉली एलएलबी 3, रेड 2, वॉर 2, हाउसफुल 5 और सितारे जमीन पर प्रमुख थीं। बॉलिवुड से साउथ सिनेमा तक में सीक्वल के बढ़ते क्रेज के बारे में प्रोड्यूसर व फिल्म बिजनेस एनालिस्ट गिरीश जौहर कहते हैं, 'यह सच है कि अगर किसी सुपरहिट फिल्म का सीक्वल बनता है, तो उसे अच्छी एडवांस बुकिंग व पहले वीकेंड पर अच्छी ओपनिंग मिल जाती है। खासकर 'गदर 2' के मामले में हम ऐसा देख चुके हैं। जब भारी संख्या में लोग फिल्म देखने के लिए टूट पड़े थे। बेशक दर्शकों में पुरानी हिट फिल्म की रिकॉल वैल्यू होती है। लेकिन सिर्फ सीक्वल फिल्म बनाकर हिट की उम्मीद करना सही नहीं है। मेरा मानना है कि किसी भी फिल्म का प्रदर्शन आखिरकार उसके कॉन्टेंट पर निर्भर होता है। कहानी दमदार है, तो वह प्रीक्वल फिल्म की तरह हिट होगी।'



खुशी की पुरानी फोटोज़ देख हैरान हुईं जाह्नवी

इन दिनों सोशल मीडिया पर 2016 की फोटोज शेयर करने का ट्रेंड देखने को मिल रहा है। ये ट्रेंड इतना पसंद किया जा रहा है कि तमाम फिल्मी सितारे भी इससे अछूते नहीं रहे। खुशी कपूर ने भी 2016 की अपनी कई फोटो शेयर की है, जिस पर जाह्नवी कपूर ने हैरानी जताई है। खुशी की पोस्ट की गई फोटोज में से एक पिक्चर में जाह्नवी कपूर भी उनके साथ नजर आ रही हैं। इन फोटोज के साथ खुशी ने कैप्शन में लिखा, 'मैं 2016 में सच में ज्यादा कूल थी।' इस पर जाह्नवी ने लिखा, 'हर कोई यह क्यों कर रहा है।'



खुशी के अलावा, आलिया भट्ट, करीना कपूर खान, कृति सेनन, बिपाशा बसु जैसी कई एक्ट्रेसेस ने अपनी 2016 की फोटोज शेयर की है।

एआर रहमान के बयान पर छिड़ा विवाद

संगीतकार एआर रहमान ने एक इंटरव्यू में इशारों में बताया कि उन्हें बॉलिवुड में कम काम मिल रहा है। क्या इंडस्ट्री में बाहर के लोगों से भेदभाव होता है? उन्होंने कहा, 'हो सकता है कि मुझे इससे छुपाया गया हो पर ऐसा महसूस नहीं हुआ। शायद आठ साल में पावर शिफ्ट के कारण और जो क्रिएटिव नहीं हैं, वे ज्यादा ताकतवर हैं, इस वजह से ऐसा हुआ हो। हो सकता है कि इसमें कुछ साम्प्रदायिक हो पर मेरे साथ ऐसा नहीं हुआ। कई बार सुनने में आया कि मुझे बुक किया गया पर बाद में म्यूजिक कंपनी ने अपने पांच कंपोजर्स रख लिए। पर मैं इन सब को लेकर परेशान नहीं होता।'

> शायद लोग समझने लगे कि एआर रहमान पश्चिम और अपने शो में ज्यादा व्यस्त रहते है, इसलिए हमारे पास नहीं आएंगे।

> मैं दशकों से गा रहा हूं, कई बार मेरे पास भी काम नहीं होता। मैं इसे पर्सनली नहीं लेता। मुझे इंडस्ट्री में कोई सांप्रदायिकता नहीं दिखती।



पश्चिम रेलवे
मरम्मत एवं रखरखाव कार्य
मंडल रेल प्रबंधक (इलेक्ट्रिकल), पश्चिम रेलवे, चर्नी रोड, इलेक्ट्रिकल विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400008 आमंत्रित करते हैं: क्र. सं. 1. ई-निविदा सूचना सं.: बीसीटी/25-26/296, दिनांक 14.01.2026। कार्य और स्थान: मुंबई सेंट्रल-बोम्बावली-मोम्बावली में विद्युत प्रकार की छत, इस की मरम्मत जिसमें आंशिक और बाहरी नवीनीकरण शामिल है। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 2,45,58,066.44। ईएमडी: ₹ 2,72,800/-। क्र. सं. 2. ई-निविदा सूचना सं.: बीसीटी/25-26/297, दिनांक 14.01.2026। कार्य और स्थान: (I) बिलिमोरा में ईएल भवन का निर्माण बिलिमोरा के संबंध में - इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ इनडोर सिग्नलिंग उपकरण का प्रतिस्थापन। (II) अमलसाड में ईएल भवन का निर्माण अमलसाड के संबंध में: इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के साथ इनडोर और आउटडोर सिग्नलिंग उपकरण का प्रतिस्थापन। (III) वेस्टर्न सूरत अनुभाग: एलएडी (पी.वे), एसएंडटी (विद्युत भाग सहित सिविल निविदा) के तहत पी.वे डिपो और अन्य संबंधित कार्यों का संचालन। कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 7,58,44,474.24/-। ईएमडी: ₹ 5,29,200/-। दोनों निविदाओं को जमा करने की तिथि और समय: 10.02.2026 तक, 15:00 बजे। दोनों निविदाओं को खोलने की तिथि और समय: 10.02.2026 को, 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं: www.ireps.gov.in
1009
facebook.com/WesternRly

भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड
(विद्युत मंत्रालय भारत सरकार के अधीन एक वैधानिक निकाय)
4300 MW की पंप भंडारण परियोजनाओं के विकास हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)
बीबीएमबी द्वारा पौंग जलाशय, जिला कांगड़ा में 2800 मेगावाट और भाखड़ा जलाशय, जिला ऊना, हिमाचल प्रदेश में 1500 मेगावाट की पंप भंडारण परियोजनाओं (PSP) के विकास हेतु इच्छुक डेवलपर्स से टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी बोली (TBCB) के तहत अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EoI) आमंत्रित की जाती है।
इच्छुक और पात्र डेवलपर्स, 27.01.2026 तक अपनी EoI प्रस्तुत करें और 30 जनवरी 2026 को दोपहर 3:00 बजे बीबीएमबी बोर्ड सचिवालय, चंडीगढ़ में आयोजित हितधारक बैठक में भाग लें। यह EoI गैर बाध्यकारी और मात्र प्रारंभिक मार्केट आकलन हेतु है।
विस्तृत EoI के लिए, कृपया www.bbmb.gov.in पर देखें।
कल के बेहतर भविष्य के लिए आज ही ऊर्जा बचाएं

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in